

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 344 लखनऊ,
मंगलवार 05 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00

लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जन समस्याओं का समयबद्ध किया जाए निस्तारण : केशव प्रसाद मौर्य 03

भदोही-मिर्जापुर हाईवे पर पहुंचा गंगा का पानी 12


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,01,550/ |
| 22 कैरेट | = | 93,100/ |
| 18 कैरेट | = | 76,180/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,13,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### रूस से तेल खरीद पर ट्रंप की चेतावनी, और बढ़ाएंगे टैरिफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर आयात शुल्क (टैरिफ) और बढ़ाने की धमकी दी है। कुछ दिन पहले ही उन्होंने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन अब उन्होंने रूस से तेल खरीद और उसके कथित पुनः विक्रय को लेकर भारत पर और कड़ी कार्रवाई की बात कही है। ट्रंप ने सोमवार रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत न केवल बड़ी मात्रा में रूसी तेल खरीद रहा है, बल्कि उसका एक बड़ा हिस्सा खुले बाजार में भारी मुनाफे पर बेच रहा है। उन्हें परवाह नहीं है कि यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी वजह से अमेरिका भारत पर लगने वाले टैरिफ को 'काफी बढ़ाएगा'। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि टैरिफ में कितनी वृद्धि की जाएगी।

### उ.रे. चलाएगा सहरसा-अनन्द विहार के बीच विशेष ट्रेन

**नई दिल्ली।** रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे सहरसा जंक्शन और आनन्द विहार टर्मिनल के बीच विशेष वातानुकूलित रेलगाड़ी का संचालन करेगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह विशेष रेलगाड़ी (05575/05576) दो फेरे में चलाई जाएगी। सहरसा से यह ट्रेन 6 और 13 अगस्त को रवाना होगी, जबकि आनन्द विहार टर्मिनल से वापसी की तिथि 5 और 12 अगस्त निर्धारित की गई है। रेलगाड़ी संख्या 05575 – सहरसा जं. से रात 8 बजे आनन्द विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन 00.30 बजे आनन्द विहार टर्मिनल पर पहुचेंगी।

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादी संगठनों के खिलाफ चलाए जा रहे समन्वित अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने चार प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 8 उग्रवादियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) संगठन के 5 उग्रवादियों को इम्फाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व और बिष्णुपुर जिलों के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया।

### फिलीपींस के राष्ट्रपति पहुंचे भारत, मोदी से होगी वार्ता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस सोमवार को भारत की राजकीय यात्रा पर पहुंचे। विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गरिटा ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर बताया कि भारत और फिलीपींस अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। राष्ट्रपति मार्कोस 4 से 8 अगस्त तक भारत में रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति मार्कोस के साथ उनकी पत्नी लुइस अरानेटा मार्कोस और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

# तेज गेंदबाज सिराज के कहर से ओवल टेस्ट में इंग्लैंड छह रनों से धराशाई

**▸ मो. सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा की बदौलत पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से बराबर**

एजेंसी

**लंदन।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां और अंतिम टेस्ट मुकाबला रोमांचक अंदाज में 6 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों टेस्ट सीरीज एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से बराबर कर ली।

ओवल में खेले गए इस मुकाबले के अंतिम दिन इंग्लैंड को जीत के लिए मात्र 35 रन चाहिए थे, लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहर बरपाते हुए तीन अहम विकेट चटकाए और कुल पांच विकेट लेकर भारत को असंभव सी लग रही जीत दिला दी। प्रसिद्ध कृष्णा ने उनका अच्छा साथ निभाया और अंतिम दिन एक और कुल मिलाकर चार विकेट लेकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रसिद्ध कृष्णा ने फिर जोश टंग को क्लीन बोल्ड किया, जिन्होंने पहले एक एलबीडब्ल्यू के फैसले से डीआरएस के सहारे बचाव किया था। इंग्लैंड को अब 17 रन की जरूरत थी और मैदान पर चोटिल वोक्स को उतरना पड़ा।

गस एटकिनसन ने वोक्स को स्ट्राइक से दूर रखने की रणनीति अपनाई, लेकिन एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में उनका कैच डीप में खड़े आकाश दीप ने छह रनों में बदल दिया। आखिरकार, सिराज ने एक और सटीक यॉर्कर से एटकिनसन को क्लीन बोल्ड किया और भारत को इस ऐतिहासिक मुकाबले में जीत दिला दी। पूरा ओवल स्टेडियम भारतीय खिलाड़ियों की जश्न में झूम उठा।




### सिराज ने रिवर्स स्विंग का शानदार नमूना पेश करते हुए इंग्लैंड की उम्मीदों पर फेरा पानी

इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए सिर्फ 35 रन चाहिए थे और उसके पास चार विकेट बचे थे, हालांकि इनमें से एक बल्लेबाज क्रिस वोक्स थे, जो चोटिल कंधे के चलते बायें हाथ से बल्लेबाजी कर रहे थे। लेकिन सिराज ने रिवर्स स्विंग का शानदार नमूना पेश करते हुए महज कुछ डिग्री की स्विंग में इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने पुरानी गेंद से खतरनाक स्पैल में तीन विकेट झटके और मैच में कुल पांच विकेट लेते हुए भारत को यादगार जीत दिलाई। इससे पहले चौथे दिन जो रूट और हैरी ब्रूक के शानदार शतक तथा 195 रन की साझेदारी ने इंग्लैंड को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया था। लेकिन चाय के बाद हुई बारिश ने मैच को अंतिम दिन तक खींच दिया। जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी अधूरी ओवर से शुरुआत की। जेमी ओवरटन ने पहली ही गेंद पर चौका जड़ा, लेकिन अगली गेंद पर उनका बल्ले का किनारा स्टंप्स के ऊपर से निकलते हुए बाउंड्री लाइन तक चला गया। इसके बाद सिराज का जलवा शुरू हुआ। उन्होंने पहले जेमी स्मिथ को बिना किसी रन के आउट किया, फिर जेमी ओवरटन को एलबीडब्ल्यू फंसा कर भारत को मैच में वापस ला दिया। हालांकि, अगली ही गेंद पर एटकिनसन का कैच राहुल के हाथों तक नहीं पहुंचा, लेकिन सिराज ने अपना धैर्य बनाए रखा।

**संक्षिप्त स्कोर :**
**भारत** : 224 (करुण नायर 57; एटकिनसन 5/33, टंग 3/57) और 396 (यशस्वी जायसवाल 118, आकाश दीप 66, सुंदर 53, जडेजा 53; टंग 5/125, एटकिनसन 3/127)
**इंग्लैंड** : 247 (क्रॉली 64, ब्रूक 53; प्रसिद्ध 4/62, सिराज 4/86) और 367 (ब्रूक 111, रूट 105; सिराज 5/104, प्रसिद्ध 4/126)

### सीएम योगी ने सहारनपुर जिले में 381 करोड़ की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

# पूर्व सरकारों में हुई सहारनपुर की उपेक्षा

**▸ शाकुंभरी विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा, जल्द होगा लोकार्पण**

समृद्धि न्यूज

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में 381 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सहारनपुर वासियों को बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र की उपेक्षा को समाप्त कर विकास और विरासत के संरक्षण का एक नया अध्याय शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी ने सहारनपुर में विकास, विरासत और स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार भैंसा गाड़ी नहीं, बल्कि बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज सावन का अंतिम सोमवार है। सभी शिव मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखने लायक है। सहारनपुर, उत्तर प्रदेश का एक कोना होने के कारण पहले उपेक्षित रहा, लेकिन अब डबल इंजन सरकार के प्रयासों से यहां विकास की किरणें पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र से पलायन और निराशा थी, लेकिन अब सहारनपुर की जनता में नई उम्मीद जगी है। सीएम योगी ने सहारनपुर को उसकी समृद्ध विरासत से जोड़ने पर जोर दिया। मां शाकुंभरी का पावन धाम और माता त्रिपुरी बाला सुंदरी का स्थल इस क्षेत्र की पहचान हैं। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा हो चुका है और इसका हैंडओवर अंतिम चरण में है। जल्द ही इसका भव्य लोकार्पण होगा। इसके अलावा, मां शाकुंभरी कॉरिडोर और ऐलिवेटेड मार्ग के निर्माण की योजना का भी जिक्र किया, जिससे श्रद्धालु हर मौसम में आसानी से तीर्थ स्थल तक पहुंच सकेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, जसवंत सिंह सैनी, महापौर संजय कुमार, अध्यक्ष जिला पंचायत मांगेराम चौधरी, विधायकगण राजीव गुम्बर, कीरत सिंह गुर्जर, देवेन्द्र कुमार निम, मुकेश चौधरी, एमएलसी वंदना वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व सांसद राघव लखनपाल, प्रदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



#### रक्षा बंधन पर फ्री बस सेवा की घोषणा

मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन के अवसर पर 8, 9 और 10 अगस्त को महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि त्योहारों के इस मौसम में स्वच्छता हमारा दायित्व है। उन्होंने 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा और राष्ट्रगान के आयोजन की अपील भी की।

#### सीएम योगी ने मेरठ को दी न्यू टाउनशिप की सौगात

**सीएम ने नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 2,517 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना का किया भूमि पूजन**

**मेरठ।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर राष्ट्रवादियों को फंसाने की साजिश करने का आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मालेगांव विस्फोट मामले में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर, आतंकवादियों को बचाने का काम करने वाले लोग देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। मेरठ में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 2,517 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने सवालिया लहजे में कहा क्या कांग्रेस अपने पापों के लिए देश से माफी मांगेगी। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस की राजनीति सिर्फ जातिवाद, दंगे और माफियाओं की चरणवंदना तक सीमित रही है। मुख्यमंत्री ने मेरठ में शुरू की गई इस विशाल टाउनशिप परियोजना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित करते हुए इसे 'अटल शताब्दी' के नाम दिया। यह परियोजना रैपिड रेल के निकट होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के नागरिकों के लिए सस्ते और टिकाऊ आवास उपलब्ध कराएगी। सीएम ने कहा कि यह टाउनशिप मेरठ को एक नया स्वरूप देगी, जिसमें आवासीय, औद्योगिक और वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ स्कूल, तकनीकी संस्थान और मेडिकल कॉलेज भी होंगे।

#### योजनाओं के लाभार्थियों को सीएम ने सौंपा चेक व चाबी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवा उद्यमी विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों क्रमशः ममता, डेविड, भूपेन्द्र कुमार, कीर्ति बंसल, मेनका, राधा, अनीता, विनोद, धनंजय, सतपाल, रामकुमार, संदीप शर्मा, शिखा यादव और प्रशांत चौधरी को सीएम ने प्रशस्ति पत्र, डेमो चेक, मकान और ट्रैक्टर की चाबी सौंपी।

## यूपी विधानसभा मानसून सत्र 11 से शुरू, चार दिन ही होंगे विधायी कार्य

**छोटे सत्र को लेकर सपा विधायक अतुल प्रधान ने योगी सरकार पर साधा निशाना, सरकार जनता की समस्याओं पर चर्चा से भाग रही**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 11 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। यह सत्र केवल चार दिन ही चलेगा और चार दिन ही विधायी कार्य होंगे। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दूबे ने बताया कि, उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 11 अगस्त से 16 अगस्त तक चलेगा। सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सदन की कार्यवाही चलेगी। शनिवार को 15 अगस्त और 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की वजह से अवकाश रहेगा।

छोटे सत्र को लेकर अब समाजवादी पार्टी (सपा) ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार जनता की समस्याओं पर चर्चा से भाग रही है। सरधना विधानसभा से सपा विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा सत्र की समयावधि को कहा कि उत्तर प्रदेश 403 विधानसभाओं का एक विस्तृत राज्य है। प्रदेश की जनता और जनप्रतिनिधि इंतजार करते है कि विधानसभा सत्र चलेगा और आम जन की समस्याओं और परेशानियों के निराकरण के लिये एक मंच तैयार होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार नही चाहती कि प्रदेश की जनता की समस्याओं का निराकरण हो। इससे आगे विधायक ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश मे मानसून सत्र महज 4 दिन चलेगा। 15 अगस्त और 16 अगस्त सिर्फ इसलिए लिखे गये ताकि पत्र में दिनों की गिनती की जा सकें। भाजपा के लोगों को शर्म करनी चाहिये कि जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, उससे हमेशा बचने का काम किया है। जनता माफ नही करेगी। सपा विधायक के आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। ये लोग हर बात में खोट निकालने में माहिर होते हैं। अपनी सरकार में तो ये लोग जनता के लिए कुछ कर नहीं पाये। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है तो इनको कष्ट हो रहा है।

### देश के सभी डाकघरों में नए सॉफ्टवेयर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** आज से दिल्ली समेत देशभर के सभी डाकघरों में नए सॉफ्टवेयर आईटी 2.0 एप्लिकेशन की शुरुआत की गयी। इसके कारण सोमवार को कई डाकघरों पर लोगों को दिक्कतों को सामना करना पड़ा। दिल्ली डाक परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ने लोगों को हो रही दिक्कतों के लिए खेद व्यक्त किया है। एक बयान में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि सोमवार से दिल्ली के 353 डाकघरों एवं 61 शाखा डाकघरों में नया सॉफ्टवेयर लगाया गया है। हर नागरिक को बेहतर, तेज़ और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस नए एप्लिकेशन की शुरुआत की गई है।

## अब कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रधान के खिलाफ नहीं कर सकेगा शिकायत

**▸ केवल उसी ग्रामसभा की वोटर लिस्ट में शामिल लोग ही दर्ज करा सकेंगे शिकायत**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रधान के खिलाफ शिकायत नहीं कर सकेगा। नया आदेश यह तय करता है कि केवल उसी ग्रामसभा के निवासी, जिनका नाम वोटर लिस्ट में है, वही शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

शिकायतकर्ता को अब आधार कार्ड या अन्य वैध पहचान पत्र के साथ एक शपथपत्र हलफनामा भी देना अनिवार्य होगा, जिसमें यह प्रमाणित करना होगा कि वह ग्रामसभा का ही निवासी है। राज्य सरकार ने निर्णय फर्जी और बेबुनियाद शिकायतों पर लगाम लगाने के लिए लिया है, जिनसे प्रधानों के कामकाज में बार-बार बाधाएं आ रही थीं। आदेश में यह भी साफ किया गया है कि अगर किसी ने झूठी या फर्जी शिकायत की, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कदम से ईमानदार प्रधानों को राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं गांव के लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पांच नए जजों की नियुक्ति

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद केंद्रीय कानून मंत्रालय ने न्यायिक सेवा से प्रोन्नति पाकर उच्च न्यायालय पहुंचने वाले पांचों जजों की नियुक्ति की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी। जिला जज रहे एचजेएस संवर्ग के जिन न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया है। उनमें प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अब्दुल शाहिद, संतोष राय, तेज प्रताप तिवारी व जफीर अहमद शामिल हैं। इन पांच नए जजों के आने से न्यायाधीशों की कमी से जूझ रहे उच्च न्यायालय को कुछ हद तक राहत मिलेगी। 160 न्यायाधीशों वाले एशिया के सबसे बड़े इस उच्च न्यायालय में वर्तमान में चीफ जस्टिस के अलावा 78 जज ही हैं।

## सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में एटीएस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**▸ अभियुक्तों में अमरोहा का अजमल और महाराष्ट्र निवासी डॉ. उसामा माज शेक शामिल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी अपराधिक षड्यंत्र रचने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के आरोप में अमरोहा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरोहा के नौगांव थाना क्षेत्र निवासी अजमल और महाराष्ट्र के ठाणे जिले का निवासी डॉ उसामा माज शेक शामिल हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्र विरोधी व गैर मुस्लिम के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित कर रहे थे। एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि अजमल अली 'रिवाइविंग इस्लाम' नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप चलाता है। जिसके तीन एडमिन है। साथ ही इसमें लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य शामिल है। पूछताछ के लिए इन्हें मुख्यालय पर बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियों के संपर्क में थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका उपयोग डॉक्टर उसामा माज कर रहा था।

### शिबू सोरेन का निधन, अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर सोमवार शाम दिल्ली से रांची लायागया। शिबू सोरेन के अंतिम दर्शन के लिए सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा है। एयरपोर्ट से लेकर मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास तक सड़क के दोनों ओर उनके अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। झारखंड की राजधानी रांची की सड़कों पर शिबू सोरेन को श्रद्धाजलि देने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान सभी की आंखे नम थीं। रांची एयरपोर्ट पर राज्य के कोने-कोने से गुरुजी के चाहने वाले पहुंचे। गुरुजी के अंतिम दर्शन कर सभी भावुक हो गए। आम से लेकर खास तक सभी ने नम आंखों से गुरुजी को श्रद्धांजलि दी।

## प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित 402 गांव चपेट में, घरों में घुसा पानी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के जिन जिलों में बाढ़ का सर्वाधिक असर दिख रहा है, उनमें कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाज़ीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन जिलों की 37 तहसीलों के 402 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कुल 84,392 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जिनमें से अब तक 47,906 पीड़ितों को राहत सहायता दी जा चुकी है।

यूपी के कई जिलों में बाढ़ का पानी कई रिहायशी इलाकों में घुस चुका है। यूपी के कई जिलों में बाढ़ का पानी कई रिहायशी इलाकों में घुस चुका है। उत्तर प्रदेश इन दिनों बाढ़ के विकराल संकट से जूझ रहा है। गंगा, यमुना और अन्य नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और इसकी चपेट में अब तक 17 जिलों के 402 गांव आ चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी खुद राहत कार्यों की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। अब उन्होंने अपने कैबिनेट के 11 मंत्रियों को सीधे ग्राउंड जीरो पर भेजकर बाढ़ राहत की निगरानी का जिम्मा सौंपा है। ये सभी मंत्री प्रभावित जिलों में पहुंच चुके हैं और राहत शिविरों, बांधों और जलभराव वाले गांवों का दौरा कर रहे हैं।

### रेल पटरी पर धमाका, बाल-बाल बची नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जंगलगमहल क्षेत्र स्थित गड़बेता रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरी पर हुए विस्फोट से हड़कंप मच गया। घटना रविवार देर शाम की है लेकिन रेलवे प्रशासन ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की है। जबकि विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन यहां से गुजरी थी। घटना की जानकारी के बाद रेलवे अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। फिलहाल, इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम 4.12 बजे नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस गड़बेता रेलवे स्टेशन से गुजरने के कुछ देर बाद ही धमाका हुआ।

**निर्देश** | अगली सुनवाई 20 अगस्त को बीएसए बलिया व बेसिक शिक्षा निदेशक लखनऊ हों हाजिर

# समय से मांगी जानकारी न देने पर कोर्ट अफसरों से नाराज

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करने का आदेश दिया है। ताकि अधिकारी समय से केस की जानकारी सरकारी वकील को उपलब्ध करायें। ताकि छोटे-मोटे मामले जानकारी मिलने पर निपटाये जा सके और कोर्ट पर अनावश्यक रूप से मुकदमों का बोझ न बढ़े।

कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा उप्र को यथाशीघ्र गाइडलाइन जारी कर सभी अधिकारियों को निर्देश देने का आदेश दिया है, ताकि समय से वे केस की जानकारी अपने वकीलों को उपलब्ध करायें। कोर्ट ने आदेश की सूचना के बावजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध न कराने पर नाराजगी जताई है। कहा कि 20 अगस्त अगली सुनवाई की तिथि तक यदि केस की जानकारी नहीं दी गई तो बेसिक शिक्षा निदेशक लखनऊ व बीएसए बलिया कोर्ट में हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने सुनैना सिंह की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। 22 जुलाई को सुनवाई के दौरान बताया गया कि बीएसए ने याची को ब्याज रूपये 140571 का भुगतान करने के लिए संस्तुति भेजी है। शासन में विचाराधीन है।

जानकारी के लिए दस दिन का सरकारी वकील ने समय मांगा। अगली सुनवाई की तिथि पर सरकारी वकील ने बताया कि बीएसए को पत्र भेजा गया है जो प्राप्त हो चुका है, किंतु कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। इस पर कोर्ट ने कहा सुनवाई के दौरान अनुभव बताता है कि अक्सर सरकारी अधिकारी समय से केस की जानकारी नहीं देते। जिसके कारण केस का निस्तारण नहीं हो पाता और कोर्ट पर मुकदमों का बोझ बढ़ता है। अधिकारियों के इस लापरवाही भरे रवैये के कारण कोर्ट के समय की बर्बादी होती है। जो लोक हित को प्रभावित करती है। कोर्ट ने कहा राज्य को कोर्ट का सहयोग करना चाहिए और अधिकारी मुकदमों का बोझ बढ़ा रहे। अधिकारी समय से अधिकारी जानकारी दे, इस सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी किया जाय।



## खबरें एक नजर में

### कफारा में दुकान के बाहर से चोरी हुए लोहे के फर्मा, पिकअप से फरार हुए चोर

**धौरहरा (खीरी)।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र ग्राम कफारा में रात चोरों ने एक दुकान के बाहर से लोहे की फर्मा चोरी कर ली। फरार चोरों का ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कफ़ारा निवासी आकाश तिवारी ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 11:50 बजे वह अपने घर से बाहर निकले तो देखा कि एक सफेद पिकअप वाहन उनकी दुकान के सामने खड़ा है और तीन युवक लोहे की फर्मा पिकअप में लाद रहे हैं। शोर मचाने पर तीनों युवक भाग निकले। इसी दौरान पीछे से आ रही एक फॉर्च्यूनर को उन्होंने रोका, जिसमें उनके परिचित संदीप शर्मा (निवासी टापरपुरवा) और विवेक सिंह (निवासी कफारा) बैठे थे। तीनों ने मिलकर पिकअप का पीछा किया, आकाश तिवारी मोटरसाइकिल से पीछे लगे। गाड़ी का नंबर यूपी31एटी3295 नोट किया गया, लेकिन चोर भागने में कामयाब रहे। घटना को मौके के ही प्रेमनारायण व नीतीश ने खेत की रखवाली करते वक्त देखा था। धौरहरा कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया है, जांच जारी है बहुत जल्द खुलासा होगा।

### प्रा.वि. रूरा सुल्तानपुर की बाउंड्री वॉल गिरने से बड़ा हादसा टला, बच्चों की जान बाल-बाल बची



**बिजुआ खीरी।** विकासखंड बिजुआ के ग्राम रूरा सुल्तानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल रविवार शाम अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि उस समय कोई भी बच्चा या ग्रामीण दीवार के पास मौजूद नहीं था, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने इसे विभागीय लापरवाही का नतीजा बताया है और शिक्षा विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह दीवार कई महीनों से जर्जर अवस्था में थी, जिसकी मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया था। ग्राम निवासी जगदीश कुमार ने भी निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी, लेकिन विभाग ने उसकी शिकायत को फर्जी बताते हुए औपचारिकता में निपटा दिया। जगदीश कुमार द्वारा दी गई शिकायत में ग्राम प्रधान पर घटिया सामग्री और मानक विहीन निर्माण कार्य का आरोप लगाया गया था। परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा नियमों की आड़ में जांच कराने से इनकार कर दिया गया। उन्होंने शिकायत में शपथ पत्र, नोटरी प्रमाणन और तीन प्रतियों के अभाव का हवाला देते हुए शिकायत को खारिज कर दिया।

### तेन्दुए के हमले में 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत, वन विभाग ने शुरू की रेस्क्यू व सतर्कता कार्यवाही

**लखीमपुर खीरी।** जिले के शारदानगर रेंज के अंतर्गत शीतलापुर मजरा मैनीपुरवा गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत के पास सो रही 77 वर्षीय महिला पर जंगली तेन्दुए ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया, शव को बरामद किया और वन्यजीव की तलाश व निगरानी के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका का नाम सोमवती था, जिनकी उम्र 77 वर्ष थी और वे मैनीपुरवा गांव की निवासी थीं। परिजनों के अनुसार सोमवती अपने घर के अहाते में सो रही थीं, जो गन्ने के खेत के करीब था। देर रात करीब 2 बजे एक तेन्दुआ वहां आया और महिला को खींचते हुए गन्ने के खेत में ले गया। सुबह होने पर परिजनों को जब महिला के न दिखने पर संदेह हुआ तो तलाश शुरू हुई, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही शारदानगर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी और उनकी टीम मौके पर पहुंची और प्रत्यक्षदर्शियों की निशानदेही पर गन्ने के खेतों में सघन कॉम्बिंग कराई। लगभग 30 मिनट चली खोजबीन के बाद महिला का शव गांव से करीब 100 मीटर दूर गन्ने के खेत से बरामद हुआ। मौके पर तेन्दुए के ताजा पगचिह्न भी पाए गए। वन विभाग ने संभावित खतरे को भांपते हुए इलाके के लोगों को सतर्क किया है। घटनास्थल के आसपास चार कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं और ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी जारी है। साथ ही एक पिंजरा भी घटनास्थल के पास लगाया गया है ताकि तेन्दुए को पकड़ा जा सके। वनकर्मियों की विशेष टीम को सतर्कता व जागरूकता कार्य के लिए तैनात किया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी, दक्षिण खीरी वन प्रभाग, संजय कुमार बिश्वाल ने जानकारी देते हुए बताया, घटना के बाद मौके पर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। वन्यजीव की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए तकनीकी संसाधनों का प्रयोग किया जा रहा है और ग्रामीणों को सचेत किया गया है। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आगे ऐसी घटना न हो।

### सीबीएसई क्लस्टर-4 फुटबॉल टूर्नामेंट, ए पेक्स इंटरनेशनल बहराइच व डीपीएस आजादनगर फाइनल में पहुंचीं



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** राजेंद्र गिरी मेमोरियल अकैडमी, गोला में चल रहे सीबीएसई क्लस्टर–4 फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन सेमीफाइनल मुकाबलों में प्रतिभागी टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। अंडर–14 वर्ग में ए पेक्स इंटरनेशनल बहराइच ने सेंट जेवियर गोंडा को 1–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, फातिमा स्कूल गोंडा व जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ के बीच हुए मुकाबले में जागरण पब्लिक लखनऊ ने पेनाल्टी में 1–0 से जीत दर्ज की। अंडर–19 वर्ग में डीपीएस आजादनगर कानपुर ने एपीएस लखनऊ को पेनाल्टी शूटआउट में 4–2 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में डीपीएस कल्याणपुर कानपुर ने जीडी गोयनका को पेनाल्टी में 6–5 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक मिश्र एवं निदेशक मोहित पुरी ने विजयी टीमों को बधाई दी। विधायक अमन गिरि, प्रधान जनार्दन गिरि, डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### बेलरायां क्षेत्र में निकली कांवड़ यात्रा



**सिंगाही खीरी।** श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार को बेलरायां क्षेत्र में शिवभक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। भूलनपुर, लालापुर और भैडौरी गांवों से श्रद्धालु भव्य कांवड़ यात्रा के रूप में जल लेकर रवाना हुए। ढोल–नगाड़ों की धुन और 'बोल बम' के जयकारों के साथ आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। लालापुर गांव से सुबह 51 लीटर गंगाजल लेकर बड़ी संख्या में कांवड़िए रवाना हुए। ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कांवड़िए अपने गंतव्य लालापुर शिव मंदिर पर विधि–विधान से जलाभिषेक करेंगे। इसी प्रकार, भैडौरी गांव के कांवड़ियों ने चौराहा नदी से जल भरकर अपने गांव स्थित भोले मंदिर में जलाभिषेक किया। भूलनपुर के श्रद्धालु भी चौराहा घाट से जल लेकर अपने–अपने ग्राम के भोले बाबा मंदिर पहुँचे। सिद्ध बाबा मंदिर में सोमवार तड़के से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर पुजारी के अनुसार, सावन मास के अंतिम सोमवार का विशेष महत्व होने के कारण शिव भक्तों की संख्या उल्लेखनीय रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रावण मास के सोमवार को शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कांवड़ यात्रा में रामनारायण वर्मा, संतोष कुमार, अनुराग वर्मा, राममूर्ति (भैडौरी), प्रेम प्रकाश वर्मा (भूलनपुर), डॉ. प्रताप वर्मा, रिंकू वर्मा सहित सैकड़ों शिवभक्तों ने भाग लिया।

# युवक की नृशंस हत्या, गरमाया माहौल, चार गिरफ्तार

> अंतिम संस्कार बनी चुनौती, विधायक के आश्वासन पर माने परिजन, अवैध बस्ती हटाने की कार्रवाई दो दिन में, एसडीएम को सौंपा गया पांच सूत्रीय ज्ञापन





**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैधरी में सोमवार सुबह हुई युवक की नृशंस हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव गहरा गया है। घटना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। मौके पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी भी पहुंच गए, जिससे माहौल संवेदनशील हो गया। प्रशासन ने विधायक योगेश वर्मा, एसडीएम सदर और ग्राम प्रधान की मध्यस्थता से हालात को काबू में किया। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई निहाल पुत्र महेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई नितिन 2 अगस्त की सुबह टहलने गया था। इसी दौरान उल्ल नदी पुल के पास किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी पर विपक्षी वसीम, कलीम पुत्रगण अजीज व असलम पुत्र कलीम निवासी बालूडीहा, बाँका, लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर पहुंचे और नितिन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे निहाल व अमित को भी पीटा गया। हमले में नितिन की गर्दन पर बाँका मारा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रामा सेंटर ओयल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों और परिजनों का आरोप है कि सैधरी पुल के पास बसी अवैध बस्ती में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग रहते हैं, जो अक्सर विवाद, छेड़खानी और मारपीट जैसी घटनाओं में शामिल रहते हैं। यह बस्ती लगातार तनाव और अपराध का कारण बनती जा रही है, जिस पर प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी। इसी बस्ती से जुड़े लोगों पर हत्या का भी आरोप है। घटना के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल और हिंदू समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने एसडीएम सदर को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई, पीड़ित परिवार को मुआवजा समेत कई अन्य मांगे की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि मांगे न मानी गईं तो बड़ा आंदोलन होगा।

### चारों आरोपी गिरफ्तार, एससी/एसटी एक्ट में केस दर्ज

पुलिस ने वसीम, कलीम, अजीज और असलम को गिरफ्तार कर लिया है। इनके खिलाफ हत्या और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि विवेचना को प्राथमिकता दी जा रही है और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने से परिजनों ने मना कर दिया। मौके पर पहुंचे विधायक योगेश वर्मा ने पीड़ित परिवार से बात कर उन्हें समझाया और न्याय का भरोसा दिलाया। इसके बाद ही अंतिम संस्कार कराया जा सका। विधायक योगेश वर्मा ने स्पष्ट किया कि सैधरी पुल के पास बसी अवैध बस्ती आपराधिक गतिविधियों का गढ़ बन चुकी है। उन्होंने कहा कि दो दिन के भीतर प्रशासन इसे हटाने की कार्रवाई शुरू करेगा।

### बजरंग दल ने कांवरियों पर की पुष्पवर्षा

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** श्रावण माह में शिवभक्त कांवरियों की सेवा के लिए राष्ट्रीय बजरंग दल का समर्पण एक बार फिर देखने को मिला। नगर के मोहम्मदी रोड स्थित राधे पेट्रोल पंप के सामने अशोका ट्यूबेल्स के पास संगठन द्वारा लगाए गए सहायता केंद्र पर जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कांवरियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने बताया कि सावन के पूरे माह यह सेवा केंद्र सक्रिय रहेगा, जहां आने–जाने वाले शिवभक्त कांवरियों को जलपान, विश्राम और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा शिवभक्तों के प्रति संगठन की आस्था और समाज सेवा की भावना को दर्शाती है। पुष्पवर्षा कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा, आकाश बजरंगी, गगन कुमार, अशोक जायसवाल, पारुष श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठी छोटी काशी, सावन का चौथा सोमवार संपन्न

> उमड़ा जनसैलाब, भूतनाथ मेले की धूम, कीलों पर तप कर पहुंचे अंशुल

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर-खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

श्रावण मास का चौथा और अंतिम सोमवार आस्था, तपस्या और भक्ति के ऐतिहासिक संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में सोमवार को भोलेनाथ के दर्शन हेतु लाखों श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शहर के हर मार्ग और गलियों में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

**शिवमंदिर में लगा आस्था का मेला, 6 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे दर्शन को:** हरदोई, फर्रुखाबाद, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर समेत कई जनपदों से कांवड़ लेकर श्रद्धालु नंगे पांव गोला पहुंचे। करीब 6 लाख से अधिक कांवड़िए भोलेनाथ का जलाभिषेक करने मंदिर परिसर पहुंचे। गंगा जल से भरी कांवड़ें सिर पर उठाए भक्तों ने घंटों लाइन में लगकर दर्शन किए। शिवालय परिसर पूरी तरह श्रद्धा से सराबोर रहा और दर्शनार्थियों के चेहरों पर अटूट भक्ति की चमक स्पष्ट दिखाई दी।

**प्रशासन मुस्तैद, पुलिस बल सक्रिय, सीसीटीवी से निगरानी:** श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही सतर्क था। जिलाधिकारी डॉ. दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी सहित प्रशासनिक टीम दिनभर व्यवस्थाओं की निगरानी में जुटी रही। मंदिर मार्गों पर बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई थी। महिला सुरक्षा को लेकर महिला पुलिस बल भी तैनात रहा।

**अंतिम सोमवार पर दिखी भक्ति की पराकाष्ठा, स्मृतियों में सजीव रहेगा यह दिन:** सावन का अंतिम सोमवार केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं था, यह आस्था, सेवा, समर्पण और सामाजिक व्यवस्था की परीक्षा का दिन भी था। श्रद्धालुओं ने अडिग विश्वास के साथ लंबी यात्राएं तय कीं, कठिन व्रत किए और शिव की आराधना में लीन रहे।

### भूतनाथ मेले की धूम, धार्मिक संग सांस्कृतिक उल्लास भी दिखा



**सावन** के चौथे सोमवार के साथ ही हर साल की तरह इस बार भी गोला में पारंपरिक भूतनाथ मेले का आयोजन हुआ, जिसने श्रद्धा के साथ–साथ उत्सव का भी माहौल बना दिया। मेले में झूले, प्रसाद, खानपान और लोककला से जुड़े स्टॉलों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। स्थानीय कारीगरों व व्यापारियों को भी मेले से आर्थिक संबल मिला।

### अंशुल ने कीलों पर लेटकर किया तप, गाय को राष्ट्रीय पशु और देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग



श्रावण के इस अंतिम सोमवार को श्रद्धा की चरम सीमा देखने को मिली, जब फर्रुखाबाद से अंशुल नामक युवक ने कीलों पर लेटकर कठिन तपस्या करते हुए कांवड़ यात्रा पूरी की। कंटीली कीलों पर अपने शरीर को लिटाकर उसने गोला पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। अंशुल ने इस कठिन तपस्या के माध्यम से गाय को राष्ट्रीय पशु और देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की सार्वजनिक मांग रखी। मंदिर परिसर में अंशुल की यह अद्भुत साधना चर्चा का विषय बनी रही। कई श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और इस आस्था को नमन करते दिखे।

# टैक्सी स्टैंड पर लेनदेन को लेकर बवाल, कांवड़ियों से मारपीट, दो घायल, केस दर्ज



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** छोटी काशी गोला में सावन के महीने के अंतिम सोमवार को भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक करने आए कांवड़ियों के साथ वाहन स्टैंड संचालकों द्वारा विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में दो कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार स्थानीय सीएचसी में कराया जा रहा है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओम कांवड़िया सेवा दल के नेतृत्व में एक टोली नैमिष क्षेत्र के ग्राम सिकरा, पोस्ट जार, थाना इमलिया सुल्तानपुर से गोला गोकर्णनाथ स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आई थी। जब वे गोला पहुंचे, तो विकास चौराहे के पास उन्हें रोक दिया गया। वहां पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण कांवड़ियों ने अपनी गाड़ियां पास ही बने स्टैंड पर खड़ी कर दी थीं। कांवड़ियों के अनुसार, उन्होंने गाड़ियां पार्क करते समय टैक्सी स्टैंड वालों को निर्धारित शुल्क भी अदा कर दिया था। जब वे जलाभिषेक करके लौटे और अपनी गाड़ियां लेने पहुंचे, तो स्टैंड पर मौजूद अन्य लोगों ने अधिक पैसे की मांग की। इस पर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि स्टैंड पर मौजूद कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से कांवड़ियों पर हमला कर दिया।

मारपीट की इस घटना में कांवड़िए मोनू पटेल और शोभित चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान हो गए। घटना के तुरंत बाद अन्य कांवड़िए उन्हें लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी में उपचार के लिए भेजा और मेडिकल परीक्षण भी कराया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर राहुल कुमार एवं दो अन्य अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी हमलावर मौके से फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# देहराअजीतपुर विवाद: अधिवक्ता की गिरफ्तारी से उबाल, वकीलों का धरना, विधायक ने दिया निष्पक्ष जांच का आश्वासन

> पसगवां क्षेत्र में दो पक्षों के मामूली विवाद ने ली राजनीतिक और कानूनी रूपरेखा, बार एसो. हुआ मुखर

**लखीमपुर खीरी।** थाना पसगवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत देहराअजीतपुर में 29 जुलाई को हुए मामूली विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। कहासुनी से शुरू हुआ यह मामला मारपीट और हवाई फायरिंग तक पहुंच गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई। प्रथम पक्ष के नितेश राज ने आरोप लगाया कि अवतार सिंह, जगतार सिंह, संतोष, बलजिंदर सिंह, पाल सिंह समेत कई अज्ञात लोगों ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और हवाई फायरिंग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और एससी/एसटी एक्ट समेत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। दूसरे पक्ष से पाल सिंह ने भी नितेश राज व अन्य के विरुद्ध तहरीर देकर पुलिस कार्रवाई की मांग की, जिस पर अलग से मुकदमा दर्ज हुआ। कुछ दिन पूर्व पुलिस द्वारा अधिवक्ता अवतार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजने से अधिवक्ता समुदाय में रोष फैल गया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी एकतरफा और पूर्वनियोजित है। उनका दावा है कि घटना के समय अवतार सिंह थाने में भाजपा नेताओं के साथ मौजूद थे, बावजूद इसके उन्हें फर्जी तरीके से फंसा दिया गया।

**बार एसोसिएशन का धरना, विधायक ने दी सफाई:** 4 अगस्त को मोहम्मदी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में वकीलों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने निष्पक्ष जांच और समान कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन जिलेभर में फैलाया जाएगा। धरना स्थल पर पहुंचे स्थानीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अधिवक्ताओं से संवाद कर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और उच्चाधिकारियों से वार्ता कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने धरना स्थगित कर दिया। बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशासनिक अधिकारियों से आगे की कार्रवाई के लिए वार्ता करेगा। फिलहाल तहसील परिसर में स्थिति सामान्य है और अधिवक्ताओं ने प्रशासन को निष्पक्ष कार्रवाई के लिए कुछ समय दिया है।

## ईएमटी और पायलेट की तत्परता से नाजुक नवजात को समय रहते जिला अस्पताल में कराया भर्ती



**रेहराबाजार/बलरामपुर।** जनपद के स्वास्थ्य तंत्र में अहम भूमिका निभा रही 108 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर जीवन रक्षक साबित हुई। सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी व पायलट ने नवजात को समय रहते जिला अस्पताल गोंडा में भर्ती कराकर उसकी जान बचा ली। बूधीपुर निवासी मोनी देवी पत्नी अजय कुमार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर पहुंचाया। जहाँ पर उन्होंने एक शिशु को जन्म दिया, लेकिन जन्म के बाद नवजात की स्थिति नाजुक हो गई। डॉक्टरों ने तत्काल बच्चे को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा की गाड़ी संख्या यूपी 32 एफजी 0651 मौके पर पहुँची, जिसमें ईएमटी निरंजन कुमार और पायलेट आलोक दुबे तैनात थे। उन्होंने नवजात का प्राथमिक उपचार करते हुए परिजनों की सहमति से उसे तेजी से जिला महिला अस्पताल, गोंडा के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। डॉक्टरों की देखरेख में अब नवजात की हालत स्थिर बताई जा रही है और वह खतरे से बाहर है। परिजनों ने समय पर मदद और जीवन रक्षक कार्य के लिए 108 एंबुलेंस सेवा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# तूफानी दास बाबा मंदिर परिसर में प्रबुद्ध वर्ग बैठक एवं भोज कार्यक्रम संपन्न

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के तूफानी दास बाबा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संचालक भारत नरेश सिंह के संयोजन में प्रबुद्ध वर्ग बैठक एवं सामूहिक भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध लोगों ने सहभाग करते हुए सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह उर्फ पिंकू सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, ÷समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। जाति-पांति और मनमुटाव को दूर कर हम प्रेम, समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने संगठनात्मक मजबूती और समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज की नींव वैचारिक एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व से ही रखी जा सकती है। बैठक में सामाजिक समरसता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्रीय विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सारगर्भित चर्चा की गई। आयोजक भारत नरेश सिंह ने सभी आगंतुकों का अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता, विवेक कुमार सिंह (गुड्डू भैया), ब्लॉक प्रमुख रेहरा पंकज सिंह, प्रधान पिंकू सिंह (इटवा),पृथ्वीराज सिंह, राधेश्याम वर्मा (उतरौला), महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. घनश्याम सिंह, डॉ. एहसान,थानाध्यक्ष सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह, वन क्षेत्राधिकारी, संघ के कार्यवाह शैलेंद्र,रमेश तिवारी,दीपचंद जायसवाल, अरविंद उपाध्याय, व्यवस्थापक अवनीश दास समेत बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### डाक बम कांवरिया संघ के जत्थे ने श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में किया जलाभिषेक



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में डाक बम कांवरिया संघ का भव्य प्रस्थान अयोध्या धाम से हुआ। सावन माह के चौथे सोमवार की पावन प्रातः यह जत्था नंगे पांव 60 किलोमीटर की कठिन यात्रा को केवल 3 घंटे 40 मिनट में पूर्ण करते हुए श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, साधु नगर पहुँचा। श्री सिद्धेश्वरनाथ सेवा समिति के कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर सभी भक्तों का स्वागत किया तत्पश्चात सभी कांवरियों ने विधिपूर्वक जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब यह अनुपम और अद्वितीय परंपरा को जीवंत रखा गया है। इस बार लगभग 40 शिवभक्तों की टोली को दो समूहों में विभाजित कर, उत्साह, आस्था और अनुशासन के साथ यह कठिन यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई। मंदिर परिसर में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुजनों की उपस्थिति रही।

# स्वच्छ भारत और महिला सशक्तीकरण के बीच उलझा उतरौला

> बुनियादी सुविधाओं का संकट जनता में गहरा आक्रोश

**बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**



**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील उतरौला ऐतिहासिक, राजनीतिक और व्यापारिक दृष्टि से विशिष्ट पहचान रखती है। यह नगर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मस्थली रहा है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज यह क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक उपेक्षा का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। चाहे बात उतरौला बस स्टॉप की हो, नगर के मुख्य बाजार की हो या फिर उप निबंधक कार्यालय की–तीनों स्थान सार्वजनिक सुविधाओं की बदहाली से कराह रहे हैं। उतरौला बस स्टॉप नगर और आस-पास के सैकड़ों गांवों के हजारों लोगों के लिए यातायात का मुख्य केंद्र है। समाजसेवियों और स्थानीय नेताओं की मांग पर इसका आधुनिकीकरण तो किया गया, लेकिन सुविधाएं नाम मात्र की हैं। यहां शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं, जिससे दूर-दराज़ से आने वाले यात्रियों को इधर-उधर पानी के लिए भटकना पड़ता है। सार्वजनिक शौचालय जर्जर होकर वर्षों से बंद पड़ा है। महिलाओं और वृद्धों को शौच के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जो स्वच्छ भारत मिशन के विपरीत है। छायादार स्थल और प्रतीक्षालय का अभाव यात्रियों के लिए गर्मी में तपती धूप में खड़े रहने की विवशता बनाता है। लखनऊ, दिल्ली व अन्य महानगरों को जाने वाली रोडवेज बसें भी बस स्टॉप पर नहीं रुकतीं, बल्कि नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा से ही रवाना होती हैं, जिससे यात्रियों को कई किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। जनता की वर्षों से मांग है कि उतरौला बस स्टॉप को 'बस डिपो' का दर्जा मिले, जिससे बेहतर सुविधाएं और सभी मार्गों की नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

**उतरौला बाजार–महिलाओं की गरिमा के साथ समझौता:** उतरौला बाजार समय के साथ विकसित हुआ है। यहां मल्टी कॉम्प्लेक्स, ज्वेलरी शोरूम, कपड़ों के बड़े-बड़े मॉल, और मोबाइल दुकानों की भरमार है। यह बाजार आसपास के गांवों की हजारों महिलाओं और युवतियों का व्यापारिक केंद्र है। लेकिन आश्चर्य की बात है कि आज तक यहां एक भी सार्वजनिक महिला शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया है। यह स्थिति न केवल महिलाओं की असुविधा का कारण है, बल्कि उनकी गरिमा और स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। कई बार महिलाएं अपनी आवश्यकताओं को टालती हैं या खुले में जाने के लिए विवश होती हैं। नगर पालिका परिषद उतरौला की उदासीनता, और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी इस गंभीर स्थिति को और भी अधिक निंदनीय बना देती है। साफ है कि महिलाओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने के दावे केवल कागजों में ही सीमित हैं।

**जनता की मांग– सुविधाओं को दें प्राथमिकता:** स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने मांग की है कि उतरौला बस स्टॉप को बस डिपो घोषित किया जाए, वहां शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, प्रतीक्षालय और छायादार वृक्षों की व्यवस्था की जाए, उतरौला बाजार में महिला शौचालय का निर्माण तत्काल हो, उप निबंधक कार्यालय में सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यह केवल विकास की बात नहीं, यह आम नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य और सुविधा का प्रश्न है। प्रशासन यदि अब भी नहीं चेता, तो भविष्य में इसे नागरिक आंदोलन या जन आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है।

### उप निबंधक कार्यालय- आम नागरिकों की परीक्षा

उतरौला का उप निबंधक कार्यालय तहसील क्षेत्र के सबसे व्यस्त कार्यालयों में से एक है, जहां दैनिक सैकड़ों लोग जमीन खरीद–फरोख्त और दस्तावेजी कार्यों के लिए आते हैं। लेकिन यहां भी पेयजल, स्वच्छता और बैठने की व्यवस्था का घोर अभाव है। खासकर महिलाएं और वृद्धजनों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है, और शौचालय के अभाव में अपमानजनक स्थिति से गुजरना पड़ता है। बारिश हो या गर्मी, खुले आसमान के नीचे इंतजार करना अब यहां की नियति बन चुकी है। वर्षों पुरानी इस समस्या की ओर प्रशासनिक स्तर पर आज तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश है। इन तीनों स्थलों की मूल समस्याएं एक जैसी हैं शौचालय का अभाव, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं, छायादार प्रतीक्षालय या बैठने की जगह नहीं, महिलाओं की असुविधा को नजर अंदाज़ करना। यह सिर्फ बुनियादी सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता और जवाबदेही की कमी का संकेत है। स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी और महिला सशक्तिकरण की बातें तब तक खोखली रहेंगी, जब तक जमीनी स्तर पर इन बुनियादी जरूरतों को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा।

### सार्वजनिक सूचना

मैं आसिफ खां व खालिद खां पुत्रगण खादिम खां मो. चौभुर्जी शाहजहांपुर मेरा ओरिजनल इकरारनामा घर से तहसील जाते समय कहीं गिर गया है, जिसकी क्रमांक संख्या 1185, बही स. 1, जिल्द संख्या 1495, पृष्ठ 345 से 366, दिनांक 22/02/1998 है। जिस किसी व्यक्ति को मिले नीचे दिये गये नम्बर पर सूचित करने की कृपा करे।

कमलेश कुमार सक्सेना (एडवोकेट) मो.9696110996

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवमय हुई राजधानी, शिवालय में गूंजे जयकारे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को लखनऊ शिवमय हो गया। रविवार रात से ही कांवड़ियों के जत्थों के साथ शिवभक्त जलाभिषेक के लिए शिवालयों में पहुंच गए। बम-बम भोले, ऊं नमः शिवाय, हरहर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। आधी रात दो बजे मनकामेश्वर मंदिर का कपाट खुल गया। बारिश भी भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर पाई।

मनकामेश्वर मंदिर और बुद्धेश्वर मंदिर में भक्तों की करीब 1 किलोमीटर लंबी लाइन लगी। शिव भक्तों ने भोलेनाथ को जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। प्रशासन और मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए। अंतिम सोमवार को सर्वार्थ सिद्धि योग और ब्रह्म-इंद्र योग का दुर्लभ संयोग बना है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार, इस योग में की गई पूजा, अभिषेक और संकल्प विशेष फलदायी होते हैं।

### सावन के अंतिम सोमवार को कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना



**लखनऊ।** सावन के अंतिम सोमवार पर चौक कोतवाली स्थित श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने बताया कि महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। सावन के अंतिम सोमवार पर ब्रह्म योग, इंद्र योग, रवि योग, सर्वार्थसिद्धि योग और गुरु शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग का निर्माण होने से इसका विशेष महत्व रहा। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरु हो गया है। महादेव मंदिर में शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, घी, दही, चीनी, मिश्री, शहद और बेलपत्र से अभिषेक भक्तों द्वारा किया गया। महंत ने बताया कि शिवलिंग पर इन वस्तु से अभिषेक करते है तो इससे कई तरह के लाभ भी आपको मिलते हैं। महंत ने बताया शिवलिंग पर जल चढ़ाते समय मंत्र ऊं नमरू शिवाय का जप भक्तों ने किया। हिंदू धर्म में इस मंत्र का विशेष महत्व है, और माना जाता है कि इसमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने की शक्ति है। ऊं नमरू शिवाय मंत्र पाँच अक्षरों से बना है। महंत विशाल गौड़ ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को सुबह से भारी वर्षा में भी भक्तों का मंदिर में अभिषेक के लिए आना कम नहीं हुआ। भक्तों ने पूरे उत्साह से पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार सावन का महत्वपूर्ण दिन होता है क्योंकि ये भगवान शिव को समर्पित होते हैं। आध्यात्मिक महत्व के अलावा, इस महीने में उपवास का ऋतु परिवर्तन से भी संबंध है।

## भावनगर-अयोध्या कैंट ट्रेन पहुंची राजधानी डीसीएम ने लोको पायलट को पहनाया माला



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रक्षाबंधन से पहले लखनऊ को एक और बड़ी रेल सौगात मिली है। अब गुजरात के भावनगर से अयोध्या के लिए सीधी एक्सप्रेस ट्रेन चलनी शुरू हो गई है।

रविवार को इस ट्रेन को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन का पांच मिनट ठहराव लखनऊ में भी रखा गया है, जिससे लखनऊ और आसपास के यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। ट्रेन का लखनऊ पहुंचने पर स्वागत किया गया। सीनियर डीसीएम ने लोको पायलट को माला पहनाया। यह पहली बार है जब भावनगर और अयोध्या के बीच सीधी ट्रेन सेवा शुरू की गई है। इससे गुजरात और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच संपर्क मजबूत होगा। सबसे अहम बात यह है कि अब लखनऊ से अयोध्या या भावनगर जाने के लिए सीधी ट्रेन मिल जाएगी, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

## खबरें एक नजर में

### रालोद के प्रकोष्ठों के प्रभारियों की हुई नियुक्ति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार संगठनात्मक सशक्तिकरण और प्रकोष्ठों के संचालन को प्रभावी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि नियुक्तियाँ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय की स्वीकृति से की गई हैं। युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी रजनीकांत मिश्रा बनाये गये। वहीं छात्रसभा प्रकोष्ठ विमलेश पाठक, किसान प्रकोष्ठ अजीत दौला, पंचायत राज प्रकोष्ठ तिरस पाल मलिक, सहकारिता प्रकोष्ठ अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इजहार अहमद शाह, व्यापार प्रकोष्ठ राम आसरे विश्वकर्मा, खेल एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ बसंत सिंह, प्रोफेशनल मंच संतोष यादव,सामाजिक न्याय मंच नरेन्द्र सिंह बघेल,श्रम प्रकोष्ठ अरुणेंद्र पटेल, महिला प्रकोष्ठ हेमा पाठक,पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ओ पी सिंह कामाण्डो और अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रभारी नरेन्द्र खजूरी बने हैं।कार्यालय व्यवस्थापक वसीम हैदर नियुक्त किए गए हैं।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शहीद पथ विस्तार कट के पास रविवार देर रात एक बड़ा हादसा हुआ। रात करीब 1.20 बजे एक स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो काफी तेज रफ्तार में थी। गाड़ी में सवार युवक नशे की हालत में थे। बताया गया कि गाड़ी मोड़ते समय ड्राइवर ने अचानक जोर से ब्रेक लगाया। इससे गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अब हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। घायलों के मेडिकल परीक्षण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में बिजली निजीकरण के खिलाफविद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का विरोध-प्रदर्शन सोमवार को 250वें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर कर्मचारियों ने लखनऊ स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। बारिश के बावजूद संघर्ष समिति के पदाधिकारी और कर्मचारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़कों पर डटे रहे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि चेयरमैन के पास आय से अधिक संपत्ति है और सरकार को इसकी उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए। दुबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि प्रदेश में बिजली निजीकरण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और चेयरमैन के खिलाफजांच शुरू की जाए।

### मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर उपाध्यक्ष बने रोहित अवस्थी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के नेता रोहित अवस्थी को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर मुलायम सिंह युथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनिस राजा के अनुमोदन पर महानगर अध्यक्ष अमित कुमार यादव ने रोहित अवस्थी को महानगर उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। इस मौके पर अनीस राजा, अमित कुमार यादव, सलमान खान, विपिन कांत, सीमा सिंह, रीना गुप्ता, राज सोनकर, सर्वेश यादव, सुमित मिश्रा आदि ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर रोहित अवस्थी को शुभकामनाएं दीं। रोहित अवस्थी ने कहा हमें जो यह लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष मुलायम सिंह युथ ब्रिगेड की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए हम अपने शिर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ेंगे आने वाले विधानसभा चुनाव मे तीन सौ से अधिक सीटे लाकर दोबारा अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे।

### जदयू की बैठक सात अगस्त को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 7 अगस्त को प्रात:11 बजे से पार्टी के प्रदेश कार्यालय 38 डी, मेजर बैंक्स रोड लखनऊ मे होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे। पार्टी के पदाधिकारी जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यों को अवगत कराना है कि पार्टी की बैठक में प्रदेश स्तर पर पार्टी संगठन की समीक्षा करने, जिन जिलों में प्रभारी नियुक्त हो चुके हैं।

### बारिश में बढ़ा गोमती नदी का जल स्तर, सिंचाई विभाग ने गऊ घाट घाट पर रोका पानी

# रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश से शहर की सड़कें हुई जलमग्न

**बारिश का असर सबसे ज्यादा असर गोमतीनगर, चिनहट, इंदिरानगर, अलीगंज फैजुल्लागंज व मलिहाबाद में**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ तीन दिनों से बारिश हो रही है। बीते 50 घंटे से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश ने जहां शहर की सड़कों और मोहल्लों को पानी से लबालब कर दिया है, वहीं गोमती नदी का जल स्तर भी बढ़ गया है।

हालात की गंभीरता को देखते हुए सिंचाई विभाग ने गऊ घाट पर पानी को स्टोर करना शुरू कर दिया है, ताकि अचानक बहाव से कोई दिक्कत नहीं हो। बारिश का असर सबसे ज्यादा गोमतीनगर, चिनहट, इंदिरानगर, अलीगंज, फैजुल्लागंज और मलिहाबाद जैसे इलाकों में देखा गया, जहां जलभराव के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया, जिससे सामान खराब हो गया और लोगों को बिजली कटौती जैसी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते शहर के अनेक पुराने और अस्थायी नालों से गंदा और अपशिष्ट जल सीधे गोमती नदी में गिर रहा है। इसके कारण नदी के किनारे झाग की परतें दिखाई देने लगी हैं, जो नदी के प्रदूषित होने का संकेत है। यह स्थिति न केवल एक पर्यावरणीय संकट को जन्म दे रही है, बल्कि जल जनित रोगों के फैलने की भी आशंका को बढ़ा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस झाग का मुख्य कारण नालों का सीधा प्रवाह, बंद पड़े एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट), और औद्योगिक कचरे का नदी में गिरना है। पिछले कुछ वर्षों में गोमती को साफकरने के लिए कई योजनाएं बनीं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका असर न के बराबर रहा है।

### आठ फीट सड़क धंसी, आशियाना में बाढ़ जैसे हालात

**लखनऊ।** राजधानी में 50 घंटे से जोरदार बारिश हो रही है। नगर निगम के कार्यालय की छत टकपने लगी है। मड़ियांव में सड़क पर 8 फीट गहरा गड्ढा हो गया। बारिश से कई जगह पेड़ गिर गए। गोमती नदी में मछली पकड़ने गया व्यक्ति लापता हो गया है। बारिश से बचने के लिए एक गाय चौथी मंजिल पर चढ़ गई। शहर में रविवार को 34.7 मिमी बारिश हुई। यह इस सीजन का एक दिन में हुई बारिश का रिकॉर्ड है। रात में मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। करीब 45 मिनट तक तेज बारिश हुई। उसके बाद से रिमझिम बारिश हो रही है। इसके चलते जिलाधिकारी ने कक्षा-1 से 12 तक के स्कूल बंद करने के निर्देश दिए। गोमती नगर, इंदिरा नगर, सरोजनी नगर, सुशांत गोल्फसिटी, अमीनाबाद, चौक, ठाकुरगंज, आलमबाग आदि इलाकों में जगह-जगह जलभराव है। आशियाना में तो बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों में पानी भरा हुआ है। सड़कों पर पानी भरने की वजह से गाड़ियां बंद हो जा रही हैं।

### डीएम ने पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया, अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश

**लखनऊ।** लगातार हो रही बारिश के बीच लखनऊ में जलभराव की आशंका को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। सोमवार को जिलाधिकारी विशाख जी ने शहर के प्रमुख पंपिंग स्टेशनों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कहीं भी जलभराव की स्थिति न बनने पाए और 24 घंटे निगरानी टीम तैनात की जाए। डीएम विशाख जी के निरीक्षण की शुरुआत जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 2 पर स्थित बाढ़ पंपिंग स्टेशन से हुई। अधिशासी अभियंता ने उन्हें बताया कि नैमिष और भटपुरा स्टेशन पर लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। फिलहाल जल स्तर सामान्य है, लेकिन बढ़ने की स्थिति में बैराज के गेट ऑपरेट कर लेवल नियंत्रित किया जाएगा।

## एसटीएफ ने अंतरराज्यीय तस्कर पकड़ा, डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद

**पकड़े गए गांज की कीमत 40 लाख है। स्कॉर्पियो भी बरामद**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के नगराम थानाक्षेत्र में यूपीएसटीएफ और नगराम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गांजा तस्कर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार किया गया। तस्कर के पास से डेढ़ क्विंटल से ज्यादा गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत करीब 40 लाख रुपए है। तस्कर के पास से एक स्कॉर्पियो भी बरामद की गई है। टीम इनके अन्य नेटवर्क को खंगाल रही है।

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि इलाके में गांजा तस्कर के सूचना मिल रही थी। टीम लखनऊ में भ्रमणशील थी। इस दौरान पता चला कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले संगठित गिरोह के कुछ सदस्य आंध्र प्रदेश से स्कॉर्पियो गाड़ी यूपी 32 एमए 7958 में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) छिपाकर ला रहे हैं। सूचना पर एसटीएफ और नगराम थाना पुलिस ने रविवार रात करीब 11.30 बजे पटवा खेडा मोड़ के पास स्कार्पियो गाड़ी रुकवाई। जबकि उसका एक साथी तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तस्कर की पहचान शिवम यादव पुत्र शेर बहादुर यादव के रूप में हुई। तलाशी के दौरान तस्कर के पास से 156.600 किलो गांजा मिला।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी 15 घंटे में गिरफ्तार

**लखनऊ।** लालकुआं, लखनऊ का निवासी है। यह मामला तब सामने आया जब एक पीड़ित पिता ने कैसरबाग थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, उनकी बेटी बुद्ध विहार, लालकुआं स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती है। कोचिंग आते-जाते समय अक्सर तीन युवक उसे रोककर परेशान करते थे और छेड़छाड़ करते थे। पीड़ित ने बताया कि इनमें से एक का नाम हमजा था, जबकि बाकी दो अज्ञात थे। थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने कार्रवाई के आदेश दिए। पुलिस टीम ने तेजी दिखाते हुए उस इलाके में निगरानी शुरू कर दी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी हमजा एक बार फिर से पीड़िता का पीछा कर रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी हमजा को रंगेहाथों पकड़ लिया।

## जन समस्याओं का समयबद्ध किया जाए निस्तारण

**डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं सुनी**

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान होगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय।

डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु जवाबदेही तय होनी चाहिये। जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। किसी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। महिलाओं, दिव्यांगजनों, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न, सेवा सम्बन्धी प्रकरण पैमाइश कराने, पार्क सौन्दर्यीकरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, अनुदान, सीसी रोड,आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

## महापौर ने किया बारिश प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**नगर आयुक्त व नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का जाना हाल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** शहर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच लखनऊ नगर निगम द्वारा जनसुविधाओं को बनाए रखने के लिए फील्ड पर सक्रियता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया और जलभराव की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण की शुरुआत जोन-3 के अंतर्गत आने वाले पुरनिया चौराहे से की गई, जहाँ सड़क की एक लेन पर जलभराव की समस्या सामने आई। इस पर महापौर ने तत्काल नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि जलनिकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे यातायात सुगम बना रहे और आमजन को कोई असुविधा न हो। जोन-3 के जोनल अधिकारी अमरजीत यादव समेत अभियंत्रण विभाग के अन्य अधिकारी एवं नगर निगम के कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे। इसके पश्चात महापौर ने जोन-4 स्थित विक्रांत खंड का निरीक्षण किया। उन्होंने पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बताते हुए संतोष व्यक्त किया, क्योंकि यहां बड़े पंप की व्यवस्था के कारण बारिश का पानी समय रहते निकाला जा रहा था। नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोनल अधिकारी संजय यादव, जोनल सेनेटरी ऑफिसर पंकज शुक्ला एवं अधिशासी अभियंता अतुल भी उपस्थित थे। महापौर ने कठौता झील के पास सपना स्वीट्स चौराहे पर नाले की स्थिति का निरीक्षण किया।

### अग्निवीर जनरल ड्यूटी भर्ती रैली आज

**लखनऊ।** भर्ती रैली के पहले दिन, अमेठी और कौशांबी जिलों के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद हेतु मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) के उप महानिदेशक भर्ती (राज्य) ब्रिगेडियर स्वर्ण सिंह 5 अगस्त 2025 को अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल ग्राउंड से झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत करेंगे। सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) अमेठी के अंतर्गत 13 जिलों (अमेठी, कौशाम्बी, रायबरेली, प्रतापगढ़, अयोध्या, सिद्धार्थ नगर, प्रयागराज, सुल्तानपुर, बस्ती, अंबेडकर नगर, महाराजगंज, संत कबीर नगर और कुशीनगर) के अभ्यर्थियों लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली 5 अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025 तक आयोजित की जा रही है। यह उत्तर प्रदेश में 2025 के लिए रैली की पहली श्रृंखला होगी।

## एच.पी.वी वैक्सीन की जानकारी के साथ हेल्थ किट का किया वितरण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश निर्देशानुसार राज भवन कार्मिकों द्वारा 3 अगस्त व 4 अगस्त को उन्नाव में ग्राम गौरा कठेरवा नवाबगंज, ग्राम आदमपुर बरैठी हसनगंज, ग्राम शाहपुर सिधौरा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मे साइकिल यात्रा निकाली गई, जिसमें स्वास्थ्य/आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, एच.पी.वी वैक्सीन की जानकारी व हेल्थ किट का वितरण किया गया।

आयुर्वेद विभाग द्वारा आयुर्वेदिक औषधि किट जिसमें बालिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी औषाधियों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवम यूनानी अधिकारी वैद्य नीरज सोनी की अध्यक्षता में सकुशल संपन्न किया गया जिसमें वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आशा शर्मा के साथ डॉ. निकिता गुप्ता, डॉ. मोनिशा यादव, डॉ विनीता, डॉ. जया गुप्ता, डॉ नाहिदा व डॉ ज्योति ने प्रतिभाग किया। उक्त कैंप में बालिकाओं को स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या व रात्रिचर्या के विषय में भी बताया गया। राजकर्मिकों व अन्य लोगों की उपस्थिति में पौधरोपण भी किया गया। साथ ही राजकर्मिकों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर शिविर लगाये जाने का अनुरोध भी किया गया।

# 54 मुकदमों वाला शातिर चोर साथी के साथ गिरफ्तार



थाना प्रभारी विकास नगर आलोक कुमार सिंह की टीम को मिली कामयाबी, बच्चे के कड़े, पायल, नगदी बरामद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पूर्वी ज़ोन की विकास नगर पुलिस और डीसीपी पूर्वी की क्राइम टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में बेहतरीन कामयाबी हासिल की है। इस मामले में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विकास नगर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 5 विकास नगर के एक घर में चोरी हो जाने के सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर मुक़दमा दर्ज किया गया था, जिसके अनावरण के लिए टीमें लगाई गई थी।

इसी क्रम में सोमवार को डीसीपी पूर्वी की क्राइम टीम और विकास नगर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर टेढ़ी पुलिया से सचिवालय कट को जाने वाले रास्ते से घटना में प्रयुक्त हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान ठाकुरगंज निवासी गौतम शुक्ला, उम्र करीब 34 वर्ष और आशियाना निवासी रजत मिश्रा उर्फ विक्की उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई। जिनके कब्जे से दो अदद बच्चे के कड़े सफेद धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, 1440 रुपए नगद बरामद हुए और स्थानीय थाना क्षेत्र में हुई घटना का सफ़ल अनावरण किया गया। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने यह भी बताया कि दोनों गिरफ्तार चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं जिस में गौतम शुक्ला, पर 54 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं वहीं दूसरे अभियुक्त रजत मिश्रा उर्फ विक्की पर भी 7 मुकदमे दर्ज हैं। जिन्हें फिलहाल विकास नगर पुलिस ने गिरफ़्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ़्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विकास नगर आलोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अतुल कुमार, राम धीरज यादव, प्रवीण कुमार सिंह, आरक्षी संतोष कुमार यादव, और डीसीपी पूर्वी क्राइम टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक अमरनाथ चौरसिया, हेड कांस्टेबल संदीप पाण्डेय, कांस्टेबल तरनजीत सिंह, विमलचंद्र पाल, शिवानन्द खरवार, अजय यादव, प्रदीप यादव, रहे।

**उपलब्धि** — टाटा, अदानी, वीवो से लेकर आइकिया तक दिग्गज कंपनियों को रास आ रहा उत्तर प्रदेश

# सीएम योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लिख रहा निवेश की नई कहानी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, जो कभी निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य नहीं माना जाता था, आज देश के सबसे भरोसेमंद और तेजी से विकसित होते औद्योगिक राज्यों की पंक्ति में खड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में ऐसी छलांग लगाई है, जिसकी मिसाल कम ही देखने को मिलती है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म मॉडल का सर्वोत्तम उदाहरण बन चुका है। जहां एक ओर 2017 से पहले यूपी निवेश मानचित्र पर मुश्किल से स्थान पा रहा था, वहीं अब यह राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए पहला विकल्प बन गया है। विगत 8 वर्षों में लाखों करोड़ का निवेश और दुनिया भर के निवेशकों का उत्तर प्रदेश की ओर रिझान इसी ओर इशारा कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य बनने का संकल्प लिया। इसके चलते 2019 से 2023 के बीच यूपी ने हजारों करोड़ से अधिक के एफडीआई को आकर्षित किया जो पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक वृद्धि रही। सरकार ने दो इन्वेस्टर्स समिट (2018 यूपी इन्वेस्टर्स और 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) सफलतापूर्वक आयोजित किए। 2018 जीआईएस से 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2023 जीआईएस से रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। योगी सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया और अब जीबीसी-5 की तैयारी ज़ोरों पर है।

### 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतरी

सूचना विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश में अब तक जो चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई हैं, उनके माध्यम से 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें 8,000 से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि 8,000 से अधिक कार्यान्वयनाधीन हैं। जो निवेश धरातल पर उतर रहा है उसमें सबसे ज्यादा निवेश विनिर्माण (62.25त्र), सेवा (28.09त्र) और अवसंरचना क्षेत्रों में हुआ है। इसके माध्यम से वीवो, टाटा, अदानी, पेप्सिको, हल्दीराम, आइकिया जैसी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर अपने निवेश को धरातल पर उतारा है। इस वर्ष नंबवर में प्रस्तावित जीबीसी-5 के जरिए 5 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य है जो आयोजन की तिथि तक बढ़कर 10 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। इस निवेश के धरातल पर उतरने से रोजगार के लाखों नए अवसर, स्थानीय उद्यमों का विकास और समग्र सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की उम्मीद है।

### 2017 से पहले था निवेश का सूखा

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वर्ष 2000 से 2017 तक 17 वर्षों में यूपी को महज 3,000 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ था। 2016-17 में यह आंकड़ा गिरकर 50 करोड़ रुपये तक सिमट गया था जो राज्य की छवि और औद्योगिक अभाव को दर्शाता है। राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग औसत थी, सिंगल विंडो सिस्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। यही नहीं, औद्योगिक विकास के लिए न तो स्पष्ट विज़न था और न ही स्थिर कानून व्यवस्था, जिससे निवेशकों में विश्वास की कमी बनी रही।



# सावन के आखिरी सोमवार पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गूंजा बम-बम भोले का जयकारा, उमड़ा आस्था का सैलाब, जंगली नाथ मंदिर में जुटे श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के मसूद नगर स्थित पांडवकालीन बाबा जंगली नाथ मंदिर में सावन माह के चौथे शनिवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया।

भोर होते ही मंदिर परिसर में बोल बम, बोल बमके जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु दूर-दराज से बाबा का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचते रहे। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। कई श्रद्धालु रविवार शाम से ही मंदिर में डेरा जमाए रहे। प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान पुलिसकर्मी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया गया था । मंदिर परिसर में बने प्राचीन तालाब में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सावन के इस पावन अवसर पर बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों का रेला दिन भर जारी रहा। लोगो का मानना है कि सावन के आखिरी सोमवार को बाबा जंगली नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने की विशेष मान्यता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस दिन सच्चे मन से जल अर्पित करने से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। यह भी मान्यता है कि जो भक्त सावन के अंतिम सोमवार को यहां दर्शन करता है, उसे सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।इस दौरान सुरक्षा में उप निरीक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश्वर सिंह, कांस्टेबल हिमांशु सिंह, अवधेश कुमार, राधे श्याम सहित अन्य सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

पयागपुर स्थित पांडवकालीन बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार को भारी बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं सकी। तेज बारिश के बावजूद सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखी गईं। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवभक्ति में डूबकर अपनी गहरी आस्था का परिचय दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मंदिर पांडवों के समय से जुड़ा हुआ है। श्रावण मास में यहां विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है। भारी बारिश के कारण रास्तों में कीचड़ और जलभराव की स्थिति थी। फिर भी भक्तजन पैदल ही मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करते रहे। मंदिर समिति के सदस्यों और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखी।







### बम बम भोले के जयकारों से गूंजा बाबा बूढ़ेश्वर नाथ परिसर

सावन के अंतिम सोमवार को लाखों कांवड़ियों ने महादेवा स्थित बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार के मजरा महादेवा स्थित इस पांडव कालीन मंदिर का कपाट सोमवार की सुबह दो बजे खोला गया। कपाट खुलते ही शिव भक्त जलाभिषेक के लिए लाइन में लग गए। कुछ कांवड़ियों ने डाक बम कावर लाकर जलाभिषेक किया। कई शिव भक्त जमीन पर लेटकर भी मंदिर तक पहुंचे। बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर में कई जनपदों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंचे। शिव भक्तों का मानना है कि यहां मांगी गई सभी मन्नतें पूरी होती हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी खैरीघाट सूरज राणा स्वयं मौके पर मौजूद रहे। थाना हरदी, थाना बौंडी और पुलिस लाइन से भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

### डिप्टी सीएम से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष



**संगठन व जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भाजपा जिलाध्यक्ष लखनऊ मे डिप्टी सीएम से मुलाकात कर जिले मे संगठन व जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की। जिसमें संगठन से जुड़ी कार्ययोजना को लेकर भी चर्चा हुई। जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे रविवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के सरकारी आवास पर मुलाकात की। डिप्टी सीएम ने जिलाध्यक्ष का कुशलक्षेम जाना। इसके बाद जिले की संगठन व जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की और जिले से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। वही संगठन से जुड़ी हर एक पहलू पर चर्चा हुई।

## खबरें एक नजर में

### लगातार बारिश से सड़कों पर भरा दो फुट पानी, लोग परेशान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को मौसम में बदलाव हुआ। सुबह से रुक-रुक कर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिले का तापमान 27 डिग्री तक पहुंच गया। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।हालांकि, लगातार हो रही बारिश से शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गईं। नगर के चांदमारी बक्शीपुरा मोहल्ले में स्थिति ज्यादा खराब है। इलाके के रणजीत सिंह मार्ग पर करीब दो फुट पानी भर गया है।जलभराव के कारण आम नागरिकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपने घरों से बाहर निकलने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। बारिश से जहां एक ओर मौसम सुहावना हो गया है, वहीं दूसरी ओर जलभराव की समस्या ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### परिवार परामर्श केंद्र में 02 जोड़ा एक साथ रहने को हुए राजी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछडे जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 02 जोड़ों को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण महिला थाना प्र0नि0 अनीता यादव, श्री यशोदानंदन त्रिपाठी, श्री शशि भारती, श्री राजमंगल मौर्य, म0आ0 ज्योति राजभर, म0आ0 नेहा सिंह आदि उपस्थित रही।

### खेत में घूमता दिखा तेंदुआ, चनैनी गांव का विडियो आया सामने

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के अब्दुल्लागंज वन रेंज से सटे नवाबगंज के चनैनी गांव में सोमवार सुबह खेतों में तेंदुए को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। भादा नाला के पास खेतों में तेंदुए को टहलते देख ग्रामीणों ने एक-दूसरे को सूचना दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए हांका लगाया, जिससे तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। वन रेंज अधिकारी पंकज साहू ने बताया कि यह इलाका अब्दुलागंज जंगल से सटा हुआ है। इसी कारण अक्सर वन्य जानवर खेतों की ओर चले आते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। इस क्षेत्र में पहले भी हिंसक जानवरों के आबादी की ओर आने की घटनाएं होती रही हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे अकेले जंगल के आसपास न जाएं और किसी वन्य जीव के दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

### सफलता की कहानी लिख रहा प्रतिमा स्वयं सहायता समूह





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** यह कहानी है बहराइच जनपद मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर विकासखण्ड मिहीपुरवा के अन्तर्राष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा एवं कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के बीच बसे थारू जनजाति बाहुल्य गांव फकीरपुरी के प्रतिमा स्वयं सहायता समूह की दीदियों की। जिनके स्वयं सहायता समूह का गठन सितम्बर, 2018 में बिहार आजीविका मिशन से आई दीदियों ने किया था। इस स्वयं सहायता समूह में कुल 11 दीदियां जुडी जिनमें कुछ अलग करने की लगन थी। समूह में जुडने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से इनकों रिवाल्विंग फण्ड के रूप में 15 हजार रुपए एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 1,50,000 रूपए दिये गये। समूह की दीदियों से जब रोजगार एवं प्रशिक्षण के विषय में बात की गई तो इन लोगों ने अपने परम्परागत उत्पादों को बनाने एवं उनको अलग पहचान दिलाने में रूचि दिखाई। इसी के क्रम में वर्ष 2023 में विश्व प्रकृति निधि (डब्लूडब्लूएफ) के माध्यम से 15 दिवस एवं वर्ष 2024 में 10 दिवस का परम्परागत उत्पाद जैसे डालिया जूट बैग, कैप, हैडबैग, टोकरी, रोटी बॉक्स एवं फूलदान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त समूह की सभी दीदीयां जूट एवं जल कुम्भी से उपरोक्त सभी उत्पाद बना रही है। जो पर्यावरण के अनूकूल है। आज इस समूह की दीदियां स्वयं तो आत्मनिर्भर है हीं साथ ही अपने आस पास के अन्य समूहों की दीदियों को भी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहीं हैं। इस समूह की दीदियों द्वारा आज अपने उत्पाद की बिक्री कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार आने वाले पर्यटकों के अलावा अन्य स्थानों पर भी की जा रही है। सम्पूर्णया अभियान अन्तर्गत आडिटोरियम परिसर में भी समूह की दीदियों द्वारा स्टाल लगाकर अपने उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

# चित्रगुप्त मंदिर का होगा विकास व सौंदर्यीकरण

**सदर विधायक अनुपमा ने 93 लाख की परियोजना का किया भूमि पूजन**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** भगवान श्री चित्रगुप्त एवं चित्रगुप्त समाज के सम्मानित सदस्यों के आशीर्वाद से रविवार को मोहल्ला बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर परिसर में आयोजित समारोह पूर्व मंत्री/सदर विधायक बहराइच श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने मन्दिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मोहल्ला बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर स्थल के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु प्रदेश सरकार द्वारा रू. 93 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है। इस अवसर पर श्रवण निगम,पूर्व चेयरमैन राजेश निगम, सुशील श्रीवास्तव, जिला प्रतिनिधि अखिलेश श्रीवास्तव, सभासद हर्षित राज श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, शशांक सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, अनुज श्रीवास्तव, गौरव वर्मा, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, आनंद मोहन प्रधान, मंजू निगम, महेंद्र, रीति मुरारी श्रीवास्तव, सोनी श्रीवास्तव, वैजयंती श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, स्मिता श्रीवास्तव सहित सैकड़ो कायस्थ समाज के बंधुगण उपस्थित रहे।

### कोतवाली नानपारा में सात चौकीदारों को साइकिल वितरित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा कोतवाली में सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सात ग्रामीण चौकीदारों को साइकिलें वितरित की गईं। सीओ प्रदुमन सिंह ने चौकीदारों को साइकिलें प्रदान कीं। सीओ प्रदुमन सिंह ने कहा कि गांवों में सुरक्षा के लिहाज से चौकीदार सबसे सशक्त सूचना तंत्र हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार गांव के इन पहरेदारों को सम्मान देने और उनके उत्थान के लिए विशेष योजना बना रही है। प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने भी चौकीदारों के महत्व पर प्रकाश डाला। साइकिल प्राप्त करने वाले चौकीदारों में विश्राम (मैना नेवरिया), राम सूरत (निबिया शाह मोहम्मदपुर), सावित राम (गुरगुट्टा), महाजन (तमोली फाटा), बहोरन (ककरहा बोधवा), कमलेश सोनकर (भवानियापुर रामगढ़ी) और राजित राम (पचपेड़वा भूलौरा) शामिल हैं। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में चौकीदारों की गतिशीलता बढ़ेगी और वे अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन कर सकेंगे। अहम दायित्व होने के बावजूद अक्सर चौकीदारों को उपेक्षित नजरिए से देखा जाता है, लेकिन ऐसे कार्यक्रम उनके महत्व को रेखांकित करते हैं।

# सड़क हादसे में दो छात्र सहित चार घायल, दो की हालत गंभीर

**अचानक बाइक मोड़ने से हुआ हादसा**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर तटबंध पर लौकिहा के पास सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें दो छात्र सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विकास खंड शिवपुर क्षेत्र के लखैया गांव निवासी 16 वर्षीय अभिषेक यादव पुत्र किशोरी लाल अपने साथी 17 वर्षीय नीरज पुत्र सांवली प्रसाद के साथ एक ही बाइक से सोमवार सुबह करीब 11 बजे शिवपुर ब्लाक मुख्यालय स्थित इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में एडमिशन कराने जा रहे थे। तभी बाइक के आगे जा रहे बसंतापुर गांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र मुन्नीलाल 24 वर्ष तथा सुनील कुमार पुत्र ननकुन्ने 22 वर्ष ने खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर तटबंध पर अचानक बाइक मोड दिया। जिससे दोनों बाईकों पर सवार चारों लोग बीच सड़क पर गिर गए और घायल हो गए।

जिसमें अभिषेक तथा प्रमोद को गंभीर चोटें लगी है। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से चारों घायलों को सीएचसी शिवपुर इलाज के लिए पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चारों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ नलिन राजा ने बताया कि अभिषेक और प्रमोद को अधिक गंभीर एवं नीरज तथा सुनील को हल्की चोटें आई हैं। बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी अभी तक नहीं मिली है। पता करवाते हैं।

### संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक संगोष्ठी आयोजित

**बहराइच।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रामपुरवा के प्रांगण में क्वांटम युक्त का आरंभ : संभावनाएं और चुनौतियाँ विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों में आधुनिक विज्ञान विशेषतः क्वांटम तकनीक के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें इसके संभावित लाभों एवं चुनौतियों से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार पांडे द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में क्वांटम तकनीक की वर्तमान उपयोगिता एवं भविष्य में इसकी बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं को इस क्षेत्र में शोध हेतु प्रोत्साहित किया। संगोष्ठी में राजकीय इंटर कॉलेज, रमपुरवा एवं आर डी वाजपेयी इंटर कॉलेज महसी के कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में निम्नलिखित विशिष्ट वक्ताओं ने विषय से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए।

# पानी से होकर वार्ड तक जाने को मजबूर मरीज और तीमारदार, डॉक्टर भी परेशान



समृद्धि न्यूज

**चरदा सीएचसी में बारिश से जलभराव**

**बहराइच।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई है। अस्पताल परिसर में पानी भर जाने से मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों और उनके तीमारदारों को वार्ड तक पहुंचने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई मरीज तो पानी भरे होने के कारण वार्ड के बाहर ही बैठने को मजबूर हैं।

अस्पताल कैंपस में बारिश का पानी जमा होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। अस्पताल में चिकित्सकों के आवास के सामने भी बारिश का पानी लबालब भरा हुआ है। डॉक्टरों को भी अपने कमरों तक पहुंचने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। मरीज के परिजन बद्री सिंह अजय राकेश नईम ने बताया कि अस्पताल कैंपस में बारिश का पानी भरा होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के बारे में अस्पताल के अधीक्षक महेश विश्वकर्मा का कहना है कि उन्होंने कई बार डीबीओ नवाबगंज को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि अस्पताल के बाहर बने नाले भर चुके हैं और सफाई व्यवस्था कराई जाए। लेकिन अब तक किसी तरह की सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण कैंपस में पानी भर जाता है।

# नहर में गिरी बोलेरो में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई एक दर्जन

**24 घंटे बाद 32 किलो मीटर दूर मिला रचना का शव**

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** विगत रविवार की सुबह पृथ्वी नाथ मंदिर दर्शन करने जा रही श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो गाड़ी इटिया थोक थाना क्षेत्र के पारा सराय और अलावल देवरिया मार्ग स्थित बेलवा बहुत ग्राम के रेहरा पुल के नहर में अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई थी जिस में सवार एक ही परिवार के 9 लोग सहित 11 की मौत हुई थी। लापता रचना का शव 24घंटे बाद घटना स्थल से 32 किलो मीटर दूर मनका पुर कोतवाली क्षेत्र के कूड़ासन के बीच स्थित शिव रतन सिंह बनकसिया नहर से एन डी आर एफ की टीम ने 7 वर्षीय रचना पुत्री राम रूप का शव बरामद किया ।

मोती गंज थाना क्षेत्र के सीहा गांव के निवासी प्रहलाद और उस के भाई राम करन राम रूप , राम ललन का परिवार एक बोलेरो गाड़ी बुक करा कर रविवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे चालक सहित 16 लोग गाड़ी में सवार हो कर पृथ्वी नाथ मंदिर जल चढ़ाने जा जा रहे थे।

तभी रास्ते में ही बोलेरो गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर इटिया थोक थाना क्षेत्र के बेलवा बेहुता ग्राम में स्थित रेहरा पुल पर पलट गई थी। जिस में सवार प्रहलाद कसौधन की 55 वर्षीय पत्नी बीना कसौधन 20 वर्षीय पुत्री काजल17 वर्षीय पुत्री महक उर्फ रिंकी 40 वर्षीय भाई राम करन उर्फ पहलवान पुत्र राम देव रामकरन की पत्नी 32 वर्षीय सरिता उर्फ अनसुईया 9 वर्षीय पुत्री सौम्या7 वर्षीय पुत्र शुभ 30 वर्षीय दुर्गेश नंदिनी पत्नी राम रूप और 12 वर्षीय पुत्र अमित 32 वर्षीय संजू पत्नी राम ललन राजा पुर प्रसौहरा गांव निवासी 20 वर्षीय अंजू उर्फ गुड़िया पुत्री राजित राम वर्मा की पानी में डूबकर मौत हो गई थी। राम रूप की पुत्री रचना लापता हो गई थी। जिस का शव 24 घंटे बाद एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है। अब मृतकों की संख्या बढ़ कर एक दर्जन हो गई।

### दुख व गम के बीच हुआ 11 शवों का अंतिम संस्कार

मोती गंज थाना क्षेत्र के सीहा गांव निवासी प्रहलाद कसौधन के 9 परिवारों का अंतिम संस्कार दु:ख और गम के बीच रविवार की देर रात्रि को अयोध्या में किया गया। पोस्ट मार्टम होने के बाद प्रहलाद की पत्नी बीना कसौधन, उनकी बेटी काजल, बेटी महक उर्फ रिंकी भाई राम करन उर्फ पहलवान और उण्स की पत्नी सरिता उर्फ अनसुईया बेटी सौम्या बेटा शुभ राम रूप की पत्नी दुर्गेशनंदिनी बेटा अमित का शव अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या ले जाया गया। वहीं पर अंतिम संस्कार किया गया। गुड़िया और अंजू दो सगी बहनों के शव का अंतिम संस्कार राजा पुर परसौरा ग्राम में स्थित मनवर नदी के पास अंतिम संस्कार किया गया।

# यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे ओवरलोड वाहन

**जागरूकता अभियान के बावजूद ओवरलोडिंग वाहन सड़कों पर दौड़ रहे**

समृद्धि न्यूज़



**गोंडा ।** सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी ओवरलोड वाहनों का संचालन सड़क पर बेधड़क हो रहा है। चाहे वह माल वाहक हो या सवारी वाहन हों अगर इसका नजारा देखना है तो गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर आए, या गोंडा-बलरामपुर ओवर ब्रिज के पास, गोंडा बहराइच रोड नारायण पेट्रोल पंप के पास सवा रियों को बैठाई जाती है। इसके साथ ही कृषि कार्य के लिए अधिकृत वाहनों पर भी ओवर लोडिंग की जा रही है। बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग सक्रिय दिख रहा है न ही पुलिस।

ओवरलोड वाहनों से आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन फिर भी इनपर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।कई वाहन दिनभर सड़कों पर क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर फर्राटे भर रहे हैं। वहीं, पिकअप, ट्रक आदि वाहन व ओवरलोडिंग कर सड़कों पर दौड़ते देखे जा रहे हैं। यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस व परिवहन विभाग के द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है।

विभाग की टीमें समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलाने व क्षमता से अधिक भार लेकर न चलने की हिदायत देते हैं, लेकिन जिस तरह से ओवरलोडिंग कर वाहन सड़ कों पर दौड़ रहे हैं, उससे साफ पता चलता है कि विभाग पूरी तरह से सक्रिय नहीं है।

नियम है कि कोई भी भार वाहक वाहन में क्षमता से अधि क भार नहीं लादा जाए, लेकिन इस नियम का शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में पालन नहीं हो रहा है। चालक पिकअप, ट्रक में तिरपाल लगाकार चाहे भूसा हो या सामान कई फीट ऊपर तक भरते हैं और सड़कों पर फर्राटा भरते हैं, चौराहों तिराहों पर रहती है पुलिस की ड्यूटी मुख्य मार्ग पर पुलिस ड्यूटी करती है और चौराहों, तिराहों पर भी पुलिसकर्मी मुश्तैद रहते हैं। इसके बाद भी ओवरलोड वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई जाती। तय क्षमता से ज्यादा मामल लादने के बाद कभी भी वाहन के असंतुलित होने की सं भावना रहती है, इससे आए दिन हादसे भी हो रहे हैं लेकिन विभाग कुंभकर्णी के नींद में सोया हुआ है।

**कार्यक्रम**

### आवासीय योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित की गयी आवास की चाभी

# समारोह के तीसरे दिन आकर्षण का केन्द्र रही मसाने की होली





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूंचकाकों के संतृप्तिकरण के उपरान्त कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में आयोजित किये जा रहे सम्पूर्णता अभियान 'आकांक्षा हाट' कार्यक्रम के तीसरे दिन की मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत ब्लाक महसी अन्तर्गत श्यामवती, नसीमुन, मीना देवी, मोहनी, नसीमा बेगम, चम्पा देवी, रेनू देवी, पार्वती देवी, फूलकुमारी, संजू तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत फूलजहां को आवास की चाभी का वितरण किया गया।

ब्लॉक शिवपुर की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत मोहनी, बुन्देला, शमीम, मंसूरअली, सुनीता, शमीमा, पाटन देवी एवं मुख्यमंत्री आवास के तहत गीता को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इसी प्रकार ब्लाक तेजवापुर के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत झांगुर, कृष्णावती, संगीता, पूनम एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अन्तर्गत रीना देवी, मुन्नी देवी व कुन्ना को चाभी का वितरण किया गया। इसके अलावा विकास खण्ड हुजुपुर की स्वयं सहायता समूह करमुल्लापुर को 30 हजार का डेमो चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा ऐसे आयोजनों से स्थानीय मेधा को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार का विजन है दूर दराज व ग्रामीण क्षेत्र के कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय कलाकारों के अत्यन्त उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि आकांक्षा हॉट के आयोजन से स्वयं सहायता समूह की दीदियों का प्रोत्साहन मिलने से उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ने से उनकी आय में इज़ाफा होगा। सरकार की सोच है कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को किसी न किसी व्यवसाय से जोड़कर उनकी आय दो गुनी की जाय। उन्होंने आमाजन से अपील की कि आकांक्षा हाट में आकर समूहों के उत्पादों को खरीदें ताकि समूह से जुड़ी दीदियों का उत्साहवर्धन हो सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम धनंजय सिंह व परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार सहित स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत



**सलोंन, रायबरेली।** कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से लोहे के विद्युत पोल में करंट प्रभावित हो रहा था। जिसकी चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची कस्बे का है। जहां सुरेश पाल की भैंस दरवाजे पर बंधी थी। लगातार हो रही बारिश के चलते पानी भर गया। जिससे विद्युत पोल में दौड़ रहा करंट पानी में उतर आया। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से भैंस की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। सूचना पर कानून गो वीरेंद्र त्रिवेदी व लेखपाल सावल राम मीणा ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार किया। तो वहीं पशु चिकित्सालय टीम ने भैंस का पीएम किया। पीड़ित किसान सुरेश पाल ने बताया करंट लगने से गर्भवती भैंस की मौत हुई है। जिसकी कीमत करीब अस्सी हजार रुपए थी।उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### निराश्रित पशु आश्रय स्थलों का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण



**महराजगंज, रायबरेली।** भारी बारिश को देखते हुए एसडीएम सचिन यादव तहसीलदार मंजुला मिश्रा विकासखंड महराजगंज बीडीओ वर्षा सिंह ने निराश्रित पशु आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई असनी मऊ मोन कुशमहुरा कोटवा मोहम्मदाबाद में स्थित गोवंश आश्रय स्थल का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। लगातार हो रही बारिश में अधिकारियों ने कर्मचारियों को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि गौवंश स्थलों की साफ–सफाई पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, तिरपाल की व्यवस्था, चारे–भूसे की समुचित व्यवस्था तथा रात्रि में केयरटेकर मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए बैठक आहूत

**सीतापुर।** नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (न्याय अ अनु) ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस दिनांक 15 अगस्त 2025 को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 8 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को समय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आहूत की गयी है, जिसमें समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, पत्रकार बन्धुओं, गैर सरकारी स्वैच्छिक/संग उपस्थित रहे

### प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा का एक दिवसीय भ्रमण आज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, उप्र सतीश चन्द्र शर्मा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज 5 अगस्त को दिन मंगलवार को होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री 10 बजे जनपद में स्थित लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह गौरीगंज पहुंचेंगे जहां राज्यमंत्री जी गार्ड ऑफ ऑनर के उपरान्त 10:30 बजे विकास भवन गौरीगंज में विकास कार्यो, राजस्व व्यवस्था, कानून व्यवस्था तथा सीएमआईएस कार्यो की समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे। उसके बाद 12:05 बजे जिला अस्पताल गौरीगंज का निरीक्षण तथा रक्तदान कैम्प का शुभारम्भ करेंगे तथा 12:30 बजे गौरीगंज के कस्तूरबा गॉधी विद्यालय एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय संस्थान का निरीक्षण करने के उपरान्त 1 बजे नये सर्किट हाउस गौरीगंज का निरीक्षण करेंगे। राज्यमंत्री जी 1:30 बजे विकास खण्ड गौरीगंज के ग्राम पंचायत पड़री गौशाला का निरीक्षण करेंगे एवं 2 बजे भाजपा कार्यालय गौरीगंज में कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करने के उपरान्त राज्यमंत्री जी 3:30 बजे जनपद अमेठी से जनपद बाराबंकी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### लगातार बारिश के चलते आवासीय मकान ढहा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के विकास खंड भेटुआ में रविवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते ग्राम पंचायत सरुवांवा के अंगनू का पुरवा में एक आवासीय मकान जमींदोज हो गया। आवासीय मकान रामदेव पुत्र स्व. राम राज यादव का बताया जा रहा है, जो कि आबादी से कुछ दूरी पर स्थित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें बिजली गिरने या बादलों की गर्जना की आवाज सुनाई नहीं दी, जबकि कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि बिल्डिंग बिजली गिरने से ढही है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। आवासीय परिसर के पास मौजूद यादव परिवार की राइस मिल सुरक्षित बच गई। मामले पर उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है और यदि बिल्डिंग में परिवार के निवास की पुष्टि होती है, तो नियमानुसार हर संभव मदद दी जाएगी।

### तिलोई तहसील परिसर में घुसा पानी, सरकारी कामकाज बाधित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार की रात से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जनपद का तिलोई तहसील परिसर जलमग्न हो गया। बारिश का पानी तहसील परिसर के अलावा तहसील के कार्यालयों सहित उपजिलाधिकारी अमित कुमार सिंह के सरकारी आवास तक पहुंच गया। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने से सरकारी काम काज में भी बाधा उत्पन्न हुई। जलभराव के चलते तहसील में आए फरियादियों को भी अपने काम काज के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से हर साल बरसात में इस तरह की कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा यहां पर से जलभराव के लिए कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला गया है।

### युवा कांग्रेस में संगठनात्मक सर्जरी, आठ नए पदाधिकारी नियुक्त

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत युवा कांग्रेस ने संगठन को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए आठ नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने संगठन विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि चयनित युवाओं को उनके लंबे संघर्ष और सक्रियता को देखते हुए जिम्मेदारियाँ दी गई हैं।नव–नियुक्त पदाधिकारियों में दिवस प्रताप सिंह को जिला महासचिव, पवन वर्मा और पूर्णेन्दु ओझा को जिला सचिव बनाया गया है। वहीं अफजल खान अमेठी, नन्हे यादव संग्रामपुर और सिद्धार्थ शुक्ला गौरीगंज को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बृजेश सिंह को सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष और गौरी शंकर पांडे को गौरीगंज ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।युवा कांग्रेस नेतृत्व को उम्मीद है कि यह नई टीम राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सांसद किशोरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब तथा प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे और अंकित तिवारी के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। शुभम सिंह ने कहा कि युवा कांग्रेस हर परिस्थिति में कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी रहेगी और यह संगठनात्मक सशक्तिकरण आगामी पंचायत चुनावों में पार्टी की स्थिति को मजबूती प्रदान करेगी।

# सही रणनीति, टीम वर्क... अपराधी धड़ाम

- ब्लाइंड मर्डर का हुआ खुलासा
- कप्तान की रणनीति, अपर पुलिस अधीक्षक नेतृत्व ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस ने सात सौ सीसीटीवी, चार सौ अपराधियों के रिकॉर्ड और हज़ारों सीडीआर खंगालने के बाद ज़िले के चर्चित गल्ला व्यवसाई हत्याकांड आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ भी हुई जिसमे एक के दोनों पैर मे गोली लगी है। गिरफ्तार किये गए बदमाशों में से एक को गर्भवती पत्नी की डिलीवरी कराने के लिए और एक अन्य को पैसे के अभाव में निरस्त हो रहे कोटे को लेकर एक लाख से ज़्यादा जमा करना था। इन लोगों को गल्ला व्यवसाई के यहां एक लाख रुपये होने की जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के तहत तीन दिन तक बदमाशों ने रेकी करने के बाद लगभग एक माह पूर्व डकैती डाली थी। यहां इन लोगों का भाग्य खराब निकला और किसी बर्तन में पैर टकरा जाने के कारण सभी लोग जाग गए। उसी हड़बड़ाहट में बदमाशों ने गोली चला दी जिसमें गल्ला व्यवसाई की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी जख्मी हो गई थी। मामला खीरों थाना इलाके के महारानीगंज गांव का है। यहां बीते माह गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी की उसी के घर में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुखदेव की पत्नी को भी बदमाशों ने गोली मारी थी जिसमे वो बुरी तरह ज़ख्मी हुई थीं। इस मामले में एडिशनल एसपी के नेतृत्व में पुलिस और एसओजी ने हज़ारों सीडीआर, सात सौ सीसीटीवी फूटेज और चार सौ अपराधियों के रिकॉर्ड खंगालने के बाद इसी थाना इलाके के रहने वाले बदमाश रमेश, सुनील, कुलदीप व अनुराग आदि को चिन्हित किया था। आज देर रात खीरों थाना इलाके में पुलिस और एसओजी गंगा एक्सप्रेस वे पुल के पास चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने दो बाइक पर आ रहे बदमाशों को रोका तो उन लोगों ने फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में रमेश नाम के बदमाश को गोली लगी जबकि तीन अन्य फरार हो गए। पुलिस घेराबंदी कर तीन अन्य बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से असलहे भी बरामद किये हैं। गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार बदमाश सुनील पासी का अपने गांव में गल्ले का कोटा है। कोटा का किन्ही कारणों से निरास्तीकरण हो रहा था। इसी कोटे को बचाने के लिए सुनील को लगभग सवा लाख की जरूरत थी। वहीं मुठभेड़ में घायल बादमाश रामेश की पत्नी गर्भवती थी जिसकी डिलीवरी के लिए उसे पैसों की आवश्यकता थी। इन्ही जरूरतों को पूरा करने के लिए गल्ला व्यवसाई के यहां बदमशों ने लूट के इरादे से डकैती डाली लेकिन कामयाबी नहीं मिली। हड़बड़ाहट में गल्ला व्यवसाई की हत्या और उसकी पत्नी गोली लगने से जख्मी भी हो गई। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के मुताबिक इस मामले में तीन अन्य बदमाश भी शामिल थे जिनकी तलाश की जा रही है।

## मुकेश कुमार श्रीवास्तव बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष



**रायबरेली।** भगवान चित्रगुप्त के प्रति आपकी आस्था और निष्ठा, साथ ही कायस्थ समाज के प्रति उदारता और समाज के उत्थान के लिए निरंतर किये जा रहे कार्यों को देखते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप नारायण व उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संस्तुति द्वारा मुकेश कुमार श्रीवास्तव को रायबरेली जनपद का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुकेश श्रीवास्तव ने कहा हम अपने कार्यों, कुशल नेतृत्व और सूझ–बूझ के द्वारा इस नए दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए कायस्थ समाज को संगठित और मजबूत करेंगे तथा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा को जन–जन तक पहुँचाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## गांव की पक्की सड़क पर भरा है पानी ग्रामीणों ने बताया भारी है परेशानी



**महराजगंज रायबरेली।** भारी बारिश ने जहां ग्राम पंचायत की पोल खोल कर रख दी तो वही लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई गई सड़क भी जल भराव का शिकार हो गई ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर विकासखंड महाराजगंज के अदूपुर गांव मे गांव के मुख्य मार्ग में पानी भरे हुए होने की वजह से ग्रामीणों को भारी परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण हैप्पी सिंह, जितेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, गुड्डू सिंह चौहान, सत्येंद्र सिंह, मोनू सिंह, जय भद्रा सिंह, मयंक, लकीर, अनुराग, ऋषभ, अमन, अभिनव सिंह, आयुष सिंह ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर पुल से लेकर प्राथमिक विद्यालय तक घुटने घुटने पानी भरा हुआ है जिसकी वजह से आने जाने में भारी परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कई बार ग्राम प्रधान और अन्य जिम्मेदारों से यह बात कही गई लेकिन किसी और देखने वाला कोई नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि नाला था जो फट गया पानी कहीं निकल नहीं पता किसकी वजह से जल भराव की समस्या बनी हुई है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अगल-बगल ट्रांसफार्मर और खंबे हैं करंट का भी खतरा बना हुआ है सड़क पर इतना पानी है कि चार-पांच वर्ष का बच्चा डूब जाएगा लोगों के घरों से बच्चे नहीं निकलते तो वही शिक्षा दीक्षा के लिए भी बच्चे स्कूल नहीं जाते भारी समस्या बनी हुई है लेकिन इस ओर देखने वाला कोई नहीं।

## एडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

गंगा के बढ़ते जल स्तर एवं लगातार हो रही बारिश के चलते जिला एवं तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए बाढ़ की तैयारीयों का जायजा लिया एडीएम ने तहसील प्रशासन के अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुए बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए रखने एवं बचाव व राहत कार्य की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। गंगा के बढ़ते जलस्तर एवं लगातार रही हो रही बारिश को देखते हुए अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह ने डलमऊ तहसील क्षेत्र के जमाल नगर मोहद्दीनपुर रेवती सिंह का पुरवा चक मलिक भीटी बबुरा खपरा ताल अंबहा आदि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मैं बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया केंद्रीय जल आयोग डलमऊ के अनुसार गंगा का जलस्तर प्रति 2 घंटे में एक सेंटीमीटर की गति से बढ़ रहा है कटरी क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा ले रहा है सोमवार को कटरी क्षेत्र का दौरा करने पहुंची एडीएम वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह ने तहसील कर्मियों को बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए रखने तथा राहत एवं बचाव कार्य की तैयारीयां पूर्ण करने व प्रभावित क्षेत्रों में ब्लिचिंग, एंटी लार्वा छिड़काव, शुद्ध पेय जल के साथ साथ अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देष दिये इस मौके पर उपजिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान, चिकित्सा अधीक्षक डॉ नवीन कुमार, खंड विकास अधिकारी अशोक सचान, आंगन बाड़ी कार्यकत्री, आशा बहु एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बारिश के दृष्टिगत अधिकारियों द्वारा गौशालाओं को किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में लगातार हो रही बारिश के दृष्टिगत विकास खण्ड महराजगंज, रायबरेली के अन्तर्गत 6 निराश्रित पशु आश्रय स्थलों का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें गोवंश आश्रय स्थल असनी का निरीक्षण उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, तहसीलदार महराजगंज मजुला मिश्रा एवं खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह द्वारा किया गया। इसी प्रकार मऊ गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज उमेश कुमार एवं ग्राम पंचायत सचिव मऊ द्वारा गया किया गया। गोवंश आश्रय स्थल हरदोई का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज एवं पशु चिकित्साधिकारी हरदोई, महराजगंज द्वारा किया गया। गोवंश आश्रय स्थल कुसमौरा का निरीक्षण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव कुसमौरा द्वारा किया गया। गोवंश आश्रय स्थल मोन का निरीक्षण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज एंव ग्राम पंचायत सचिव मोन द्वारा किया गया। गोवंश आश्रय केंद्र कोटवा मोहम्मदाबाद का निरीक्षण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज एवं ग्राम पंचायत सचिव कोटवा मोहम्मदाबाद के द्वारा गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा भारी वर्षा के मद्देनजर गोवंश स्थलो की साफ–सफाई, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, तिरपाल की व्यवस्था, चारा भूसे की समुचित व्यवस्था तथा रात्रि में केयरटेकर की अनिवार्य रूप से उपस्थिति के संदर्भ में हिदायत एवं आवश्यक निर्देश दिये गयें।

## दरवाजे पर घुटने तक पानी, रास्तों पर पैदल चलना भी मुश्किल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



डोमापुर ग्राम पंचायत का बाबू का पुरवा गांव जिसे पूर्व में भदिहा कहा जाता था आज के समय मे बदहाल रास्तों के लिए जाना जाता है ।जहां घरों के सामने और रास्ते में घूंटने घूंटने पानी तो वही गांव के ज्यादातर रास्ते पैदल चलने के भी काबिल नहीं बचे हैं। हालात इतने खराब है कि बच्चे शिक्षा से दूर हो रहे हैं तो लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है उसके बावजूद भी विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि गांव के जितने मार्ग है सब खराब है किसी भी रास्ते से आप निकल नहीं सकते। हनुमान सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा लामी तक जाना हो तो पैदल जाना भी मुश्किल है और एक रास्ता है जो की भटपुरवा सहित कई गांवों को जोड़ता है लेकिन इतना बदहाल है कि हम लोग जब सुबह उठते हैं तो केवल पानी में ही पैर रखते हैं और कीचड़ में ही चलते हैं। कई बार ग्राम प्रधान से कहा गया लेकिन प्रधान ने सुनने के बाद भी इस पर कार्य नहीं किया जबकि सरकार द्वारा तमाम तरह की योजनाएं चलाकर गांव की स्थिति बदली जा रही है। उसके बावजूद भी ग्राम प्रधान कोई भी मार्ग सही करवाने की इच्छा नहीं रख रहे हैं जिसके कारण हम सभी ग्रामीण बदहाल रास्तों से चलने को मजबूर हैं।

## बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत, एक घायल



**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंगवा के निकट दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत, एक गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर। प्राप्त जानकारी के अनसार इजहार पुत्र असरफ अली 30 वर्ष निवासी ग्राम मुसियाना अपने साथी गांव के फुरकान पुत्र बाबू 32 वर्ष के साथ गाँव से लहरपुर आ रहे थे तभी रंगवा पेट्रोल पंप के पास ग्राम अंदेश नगर निवासी महेश पुत्र तिवारीलाल 26 वर्ष जो अपने गांव से रतौली जा रहे थे आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे तीनों लोग घायल हो गए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत फुरकान की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य दोनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है। उक्त दुर्घटना में कोई भी बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाये था।

## कांवड़ियों का किया गया स्वागत



**सीतापुर।** महोली नगर पंचायत में कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर किया गया भव्य स्वागत । नगर पंचायत महोली सीतापुर में केतुका अध्यक्ष नगर पंचायत महोली एवं श्री श्रीश मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोली के निर्देश के क्रम में नगर पंचायत महोली के कर्मचारियों के द्वारा आज दिनांक 4 अगस्त 2025 को श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के अवसर पर नगर पंचायत महोली सीतापुर में स्थित बाबा बैजनाथ धाम पर आए हुए कांवरियों पर अध्यक्ष महोदया, रामेश्वर प्रसाद लिपिक एसबीएम प्रभारी नगर पंचायत महोली , संतोष कुमार सुपरवाइजर, रूपेश कुमार सफाई नायक, अजय कुमार सफाई नायक, दीपक कुमार सफाई नायक, द्वारा पुष्प वर्षा की गई तथा फल एवं मिष्ठान वितरित कर आए हुए कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया।

### बारिश के बीच भी सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में रविवार देर रात से लगातार हो रही बारिश के बावजूद भी सावन के चौथे और आखिरी सोमवार को जिले के प्राचीन शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने हर–हर महादेव के जयकारों के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कस्बा जायस स्थित प्राचीन ऐतिहासिक शिवालय और गोमती नदी तट पर स्थित श्री दंण्डेश्वरनाथ धाम में शिवभक्तों की विशेष भीड़ देखने को मिली है। लगातार हो रही बारिश के बावजूद भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला है, लोग उत्साह के साथ मंदिर पहुंचे। प्राचीन मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ने लंका विजय के बाद ब्रह्म दोष से मुक्ति पाने हेतु यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। जिला प्रशासन ने मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक व पुख्ता इंतज़ाम किए हैं।

## कांग्रेस कर रही है गठबंधन धर्म का पालन: ममता वर्मा



**सीतापुर, महमूदाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से गठबंधन धर्म का पालन करते हुए दोनो निकायों में हो रहे उपचुनाव में सपा प्रत्याशी का समर्थन कर रही है। हमारे कार्यकर्ता वार्डो में जाकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। दोनो सीटों पर हमारे प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं। भाजपा के लिए जमानत बचाना मुश्किल हो जाएगा। यह बात कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष ममता वर्मा ने पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि महमूदाबाद में जो भी विकास हुआ वह सपा और कांग्रेस के कार्यकाल में ही हुआ था। आज पूरे महमूदाबाद की स्थिति बदहाल है। जल निगम से सारी सड़कें तबाह कर दी है। नागरिक कीचड़ के बीच निकल रहे हैं। जनता भाजपा के तानाशाही रवैये और विकासविरोधी सोच के खिलाफ मतदान का मन बना चुकी है। पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि दोनो सीटों पर सपा भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी और क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है। स्कूल बंद करके गरीब के बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। जो भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहता था उसके घर छापेमारी की जाती है। वार्ता को कम्युनिस्ट पार्टी के डा. बृजबिहारी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनुपम राठौर, सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मो. कादिर, नगर अध्यक्ष इश्तियाक शाद, ब्लाक पहला प्रमुख उपेंद्र यादव, विनीत यादव आदि उपस्थित रहे।

## कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा पर ब्लाक वन क्रॉप कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद के ग्राम-मोहद्दीनपुर विकास खण्ड-लहरपुर, ग्राम-भुड़कुड़ा विकास खण्ड-महोली, ग्राम-पतरासा, विकास खण्ड- सकरन में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उक्त विकास खण्डों के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस पहल के अन्तर्गत विकास खण्ड में एक प्रमुख फसल पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया, जो उस क्षेत्र की जलवायु, बाजार मांग और कृषकों की प्राथमिकता के अनुसार है। साथ ही उपस्थित कृषकों को अन्य विभागीय योजनाओं एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान कर लाभान्वित हेतु प्रोत्साहित व उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया।

## एसडीएम अभिनव कन्नौजिया ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया ने सोमवार को तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आंशिक बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने गोमती नदी के तटीय इलाकों में आम घाट व इसौली घाट का निरीक्षण करते हुए गोमती नदी के बढ़ते हुए जलस्तर पर बाढ़ की संभावना को व्यक्त करते हुए बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश के क्रम में आवश्यक होने पर बाढ़ से सुरक्षा के लिए बाढ़ चौकी बनाने के दिशा निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने आम घाट व इसौली घाट का निरीक्षण करते हुए बाढ़ से सुरक्षा के दृष्टिकोण के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक रूप से अलर्ट मोड में रहने को कहा।

## डायल 112 पुलिस ने गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद किया



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को डायल 112 पर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आदित्य कुमार प्रजापति पुत्र रोहित कुमार निवासी ग्राम गुन्नौर थाना मुसाफिरखाना उम्र करीब 10 वर्ष अपने नाना के घर हृदयशाह कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज आया हुआ था, जो कि शाम को अचानक 4 बजे आदित्य कहीं गायब हो गया है। जो बोलने में असमर्थ है, परिवारीजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी किन्तु कुछ पता नही चल सका। परिजनों की सूचना पर डायल 112 व थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा उक्त बालक के मिलने के हर संभव स्थान पर तलाश की गयी। तलाश के क्रम में पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालक को गुवावां के पास से सकुशल बरामद किया गया तथा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बालक को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया।

## ट्रेन हादसे में दोनों पैर कटे महिला के जर्जर मकान में भरा पानी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड क्षेत्र सिंहपुर के अंतर्गत अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रही महिला प्रतिभा सिंह का जर्जर मकान हुई भारी बारिश के चलते चारों तरफ से पानी में घिर गया है। विकास खण्ड सिंहपुर के ग्राम कुकहा रामपुर की निवासिनी प्रतिभा सिंह का बीते जनवरी माह में ट्रेन हादसे में दोनों पैर कट गए थे, दुर्भाग्य वश उसके कुछ ही समय बाद प्रतिभा का एक 14 वर्षीय बेटा भी तालाब में डूबकर खत्म हो गया था। जिसके चलते प्रतिभा सिंह की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई। ग्राम प्रधान तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री योजना के तहत मकान नहीं मिल सका। प्रतिभा सिंह के परिवार में उनके पति वेद प्रकाश सिंह, एक 8 वर्षीय बेटा और एक 5 वर्षीय बेटी है। बारिश के मौसम में अक्सर उनके मकान में पानी भर जाता है जिससे उनकी गृहस्थी का सामान अक्सर खराब हो जाया करता है। ग्राम प्रधान अशोक पासी का कहना है कि इनका नाम कई बार सूची में शामिल किया गया लेकिन अभी तक इन्हें आवास नहीं मिल सका है। प्रशासन से बार बार गुहार लगाने के बाद भी अभी तक इस जरूरत मंद महिला को आवास नहीं मिल सका है।

## स्वदेशी का संकल्प

ट्रंप की टैरिफ दादागीरी और तमाम देशों के आर्थिक संरक्षणवाद से भारत के लिए उभरी आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी का मंत्र ही एक कारगर विकल्प सिद्ध हो सकता है। वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि संकल्प लें कि हम अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे।

उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के दौरान जब वैश्विक आपूर्ति शृंखला डगमगाई थी, तब भी प्रधानमंत्री ने देश में स्वदेशी आंदोलन का आह्वान किया था। निस्संदेह, इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन हकीकत है कि अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हुए। आज के ऐसे दौर में जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं घोर संरक्षणवाद का सहारा ले रही हैं, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को स्वदेशी के संकल्प से ही संरक्षण देना होगा। ये कदम मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में अपरिहार्य हैं क्योंकि दुनिया के तमाम देश अपने-अपने आर्थिक हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अन्यायपूर्ण ढंग से लगाया गया 25 फीसदी का टैरिफ इस कड़ी का ही विस्तार है। ऐसे वक्त में जब भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो हमें घरेलू अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य सुधारने को अपनी प्राथमिकता बनाना ही होगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा।

विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है। इसमें दो राय नहीं कि स्वदेशी का संकल्प देश की वर्तमान जरूरत है, लेकिन देश के उद्यमियों को भी सुनिश्चित करना होगा कि स्वदेशी वस्तुओं का विकल्प गुणवत्तापूर्ण हो। आज के उपभोक्तावादी युग में लोग गुणवत्ता से समझौता करने को तैयार नहीं होते। उद्यमियों को सोचना होगा कि कैसे चीन के उद्यमी कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार को भी उद्योग व व्यापार जगत पर नौकरशाही के शिकंजे को कम करना होगा। उत्पादन क्षेत्र को हमें उस स्तर तक ले जाने के लिये अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा, जहां गुणवत्तापूर्ण सस्ते उत्पाद तैयार किए जा सकें।

जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी। हमारा शिक्षा का ढांचा इस तरह तैयार हो कि हम कौशल विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं। जिससे हम कालांतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक का उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें। तब स्वदेशी के संकल्प से भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि हम गुणवत्तापूर्ण निर्यात के जरिये अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को भी समृद्ध कर सकेंगे।

# आज मेरे नाम पर वैश्विक वफादारी, समर्पण, मेहनतकश व प्रतिबद्धता का दिवस



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर हर उस व्यवहार, कार्य और परिस्थितियों में जहां किसी व्यक्ति का अपमान करना हो, उसे नीचा दिखाना हो, उसे बदनाम करना हो तो, उसे बोलने वाले प्राथमिक अस्वस्थ्य भाषा ठठोली के प्रतीक के रूप में कुत्ता शब्द का प्रयोग किया जाता है, वैसे तो इस बोध में अनेक पशु-पक्षी व जानवरों का नाम जैसे गधा, उल्लू सांड गिरगिट, काला नाग जैसे अनेक जानवरों के नामों का प्रयोग किया जाता है, जिसे सुनकर वाद विवाद प्रतिवाद इतना बढ़ जाता है कि, हत्या तक हो जाती है। मैं यह मानता हूं कि इसे नकारात्मक पहलू से देखा जाता है, जबकि इनका सकारात्मक पहलू यह है कि गधा बहुत भारी बोझ उठाकर मेहनत के प्रति समर्पित रहता है,सांड खेतियों में हल जोतने की मेहनत का काम करता है, इस तरह हर ऐसे अपमान के सूचक बनें इन प्राणियों का हमारे जीवन को सुचारू रूप से चलाने में कुछ ना कुछ योगदान होता है, फिर भी हम उन्हें हास्यप्रद व अपमान सूचक शब्दों से व्यक्त करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते, आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 5 अगस्त 2025 को हम राष्ट्रीय कुत्ते की तरह काम करने (वर्क लाइक ए डॉग डे) के दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जो अमेरिका सहित पश्चिम भारत सहित दक्षिण एशिया इत्यादि देश में मनाया जाता है, इस दिन का उद्देश्य उन सभी लोगों को सम्मान देना है जो इतना कठिन परिश्रम करते हैं, अपनी वफादारी व जिम्मेदारियों को निष्ठा व अनुशासन के साथ निभाते हैं और मानव समाज की प्रगति में योगदान देते हैं। इसमें दो बातें महत्वपूर्ण है, (1) यह दिन एक प्रतीक है-ऐसे श्रमिकों, कर्मचारियों व्यापारियों और हर उस व्यक्ति के लिए जो 'कुत्ते की तरह' अथक, निःस्वार्थ और समर्पण भाव से कार्य करतें है। (2) पशुओं में कुत्ता वह प्राणी है जिसे सबसे अधिक वफादार, मेहनती और संरक्षक माना गया है। वह केवल आदेश मानने वाला प्राणी नहीं, बल्कि कई मामलों में नेतृत्वकर्ता, खोजी, सहायक और संकटमोचक भी होता है।पुलिस डॉग्स, थैरेपी डॉग्स, फॉर्म डॉग्स, रेस्क्यू डॉग्स और गाइड डॉग्स-हर क्षेत्र में इनकी मेहनत असाधारण है। ये विशेष प्रशिक्षित कुत्ते दिन-रात काम करते हैं, बिना शिकायत किए, बिना थके। यही भावना इस दिवस के पीछे की प्रेरणा है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग सेआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वर्क लाइक ए डॉग डे, 5 अगस्त 2025, वफादारी व समर्पण भाव से मेहनत करने वालों को सैल्यूट।



**वर्क लाइक ए डॉग डे, 5 अगस्त 2025, वफादारी व समर्पण भाव से मेहनत करने वालों को सैल्यूट। साथियों बात अगर हम मेहनतकश लोगों को सैल्यूट करने की करें तो, इस दिवस की एक और प्रासंगिकता है-यह आज की अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक और लक्ष्य-केंद्रित वर्क कल्चर की झलक देता है, ये सब हमें लगातार कुत्ते की तरह काम करने के लिए मजबूत करता हैं। लेकिन यह कब प्रगति का संकेत बनता है और कब शोषण, इसपर विचार करना भी उतना ही आवश्यक है। जिसमें इंसान को मशीन की तरह 24x7 काम करने की अपेक्षा की जाती है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों को सम्मानित करना है जो अपने कार्यस्थल पर या जीवन में साधारण नहीं, बल्कि असाधारण मेहनत करते हैं। इसमें शामिल है- (1) कृषक जो सुबह 4 बजे खेतों में पहुंचते हैं। (2)डॉक्टर और नर्स जो महामारी या आपदा के दौरान 18-18 घंटे की शिफ्ट करते हैं। (3) स्वच्छता कर्मी जो शहरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में जुटे रहते हैं। (4) महिलाएँ, जो घर और ऑफिस दोनों में 'वर्क लाइक अ डॉग' वाली भूमिका निभाती हैं। (5) वर्क फ्रॉम होम, ओवरटाइम, स्टार्टअप कल्चर, करियर रेस चुनौतीपूर्ण कार्य। साथियों बात अगर हम मेहनत करने की करें तो, जब हम मेहनत की बात करते हैं, तब हमें ये भी देखना होगा कि हर व्यक्ति को उसके काम का पूरा मुआवजा मिले, और उसकी मानसिक, शारीरिक और सामाजिक सेहत का ध्यान रखा जाए। (1) वर्कप्लेस वेलनेस प्रोग्राम्स (2) मेंटल हेल्थ अवेयरनेस (3) बर्नआउट की पहचान और राहत (4) वर्क- लाइफ बैलेंस के प्रयास ये सभी ज़रूरी हैं ताकि मेहनत करने वाले थकें नहीं, टूटें नहीं, बल्कि प्रेरित और संतुलित रहें। हम देखते हैं कि आज जब चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स, रोबोट, ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर इंसानी कामों को बदल रहे हैं, तब कुत्ते की तरह काम करना अब मेहनत नहीं बल्कि स्मार्ट वर्क की ओर मुड़ता प्रतीत हो रहा है। लेकिन इस बदलाव में भी वो भावना, वो ऊर्जा, वो लगन जो इंसान का मूल गुण है,वह अमूल्य है। एआई कभी वफादारी, नैतिकता और जुनून नहीं ला सकता, जो एक इंसानी श्रमिक में होता है।**

साथियों बात अगर हम मेहनतकश लोगों को सैल्यूट करने की करें तो,इस दिवस की एक और प्रासंगिकता है-यह आज की अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक और लक्ष्य-केंद्रित वर्क कल्चर की झलक देता है, ये सब हमें लगातार 'कुत्ते की तरह' काम करने के लिए मजबूत करता हैं। लेकिन यह कब प्रगति का संकेत बनता है और कब शोषण, इसपर विचार करना भी उतना ही आवश्यक है। जिसमें इंसान को मशीन की तरह 24/7 काम करने की अपेक्षा की जाती है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों को सम्मानित करना है जो अपने कार्यस्थल पर या जीवन में साधारण नहीं, बल्कि असाधारण मेहनत करते हैं। इसमें शामिल हैं- (1) कृषक जो सुबह 4 बजे खेतों में पहुंचते हैं। (2)डॉक्टर और नर्स जो महामारी या आपदा के दौरान 18-18 घंटे की शिफ्ट करते हैं। (3) स्वच्छता कर्मी जो शहरों को साफ -सुथरा बनाए रखने में जुटे रहते हैं। (4) महिलाएँ, जो घर और ऑफिस दोनों में 'वर्क लाइक अ डॉग' वाली भूमिका निभाती हैं। (5) वर्क फ्रॉम होम, ओवरटाइम, स्टार्टअप कल्चर, करियर रेस चुनौतीपूर्ण कार्य।

साथियों बात अगर हम मेहनत करने की करें तो,जब हम मेहनत की बात करते हैं, तब हमें ये भी देखना होगा कि हर व्यक्ति को उसके काम का पूरा मुआवजा मिले, और उसकी मानसिक, शारीरिक और सामाजिक सेहत का ध्यान रखा जाए। (1) वर्कप्लेस वेलनेस प्रोग्राम्स (2) मेंटल हेल्थ अवेयरनेस (3) बर्नआउट की पहचान और राहत (4) वर्क- लाइफ बैलेंस के प्रयास ये सभी ज़रूरी हैं ताकि मेहनत करने वाले थकें नहीं, टूटें नहीं, बल्कि प्रेरित और संतुलित रहें। हम देखते हैं कि आज जब चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स, रोबोट, ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर इंसानी कामों को बदल रहे हैं, तब 'कुत्ते की तरह काम करना' अब मेहनत नहीं बल्कि स्मार्ट वर्क की ओर मुड़ता प्रतीत हो रहा है। लेकिन इस बदलाव में भी वो भावना, वो ऊर्जा, वो लगन जो इंसान का मूल गुण है,वह अमूल्य है। एआई कभी वफादारी, नैतिकता और जुनून नहीं ला सकता, जो एक इंसानी श्रमिक में होता है।

साथियों बात अगर हम दुनियाँ के भविष्य,बच्चों व युवाओं को काम का मूल्य सिखाने की करें तो, वर्क लाइक ए डॉग डे केवल वयस्कों के लिए नहीं, बल्कि युवाओं को श्रम के मूल्य और गरिमा सिखाने का एक सुनहरा अवसर है। (1) उन्हें छोटे-छोटे कार्य सौंपें। (2) घर के कामों में भागीदार बनाएं (3) उन्हें यह बताएं कि मेहनत केवल पैसा कमाने के लिए नहीं, बल्कि आत्मनिर्माण के लिए भी है। परंतु कुछ आलोचक कहते हैं कि 'कुत्ते की तरह काम करना' इंसानों के आत्म-सम्मान के विरुद्ध है। इसमें मनुष्यता की उपेक्षा होती है। यह दलील तब सार्थक लगती है जब कार्य की मात्रा मनुष्य की सीमा से अधिक हो जाती है। इसलिए इस दिन को मनाते हुए हमें मेहनत और शोषण के बीच की महीन रेखा को पहचानना ज़रूरी है।

5 अगस्त का नेशनल वर्कलाइक ए डॉग डे कोई तुच्छ मुहावरा नहीं बल्कि मेहनत करने वालों की आत्मा को श्रद्धांजलि है।यहदिन हमें याद दिलाता है कि समाज उन्हीं के कंधों पर खड़ा है जो लगातार आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं।हर पेशा-चाहे वह सीईओ हो या सड़क पर सफाई करने वाला-मेहनत का सम्मान बराबर चाहता है। सबसे महत्वपूर्ण बातः मेहनत करना गौरव की बात है, लेकिन अपने स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म- सम्मान केसाथ। कुत्ते की तरह काम करने का मतलब सिर्फ पसीना बहाना नहीं है, बल्कि यह अपने काम से प्रेम करना, उसे जिम्मेदारी से निभाना, और दुनियाँ को यह दिखाना है कि ईमानदारी और मेहनत कभी असफल नहीं होती।

साथियों बात अगर हम वर्क लाइक ए डॉग डे मनाने की करें तो, अपने दिन का सर्वोत्तम प्रदर्शन करें, (1) इस दिन अपने सभी कार्यों को सर्वोत्तम गुणवत्ता और पूर्ण समर्पण से करें। (2) अपने साथियों की प्रशंसा करें- टीम में जो सबसे मेहनती हैं, उन्हें धन्यवाद कहें या एक छोटी सी प्रशंसा दें। (3) अपने काम के प्रति खुद को प्रेरित करें-यह दिन आत्मनिरीक्षण का भी है। (4) किसी सेवा कुत्ते की कहानी साझा करें- जानवरों से प्रेरणा लेना भी इस दिन का एक भावनात्मक पहलू है। (5) आराम भी जरूरी है-ध्यान रखें कि संतुलन बनाए रखना भी इस दिवस की शिक्षा है। साथियों बात अगर हम इस दिवस के इतिहास की करें तो, 'वर्क लाइक ए डॉग डे' की सटीक ऐतिहासिक उत्पत्ति अस्पष्ट है, लेकिन इसका मूल अमेरिका में माने जाते हैं। यह दिन उन मेहनतकश अमेरिकियों की प्रशंसा और मान्यता के लिए मनाया गया, जो रोज़गार और जीवन के तनावों के बावजूद पूरे मनोयोग से कार्य करते हैं। इसे अनौपचारिक छुट्टी के तौर पर मान्यता मिली, और सोशल मीडिया ने इसे लोकप्रिय बनाया। धीरे-धीरे यह दिन दुनियाँ भर के श्रमिकों के लिए एक प्रेरणा बन गया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि साहब! मेरा नाम हमेशा अपमान के पर्याय के रूप में लेते हो! आज मेरे नाम पर वैश्विक वफ़ादारी, समर्पण, मेहनतकश और प्रतिबद्धता का दिवस है, राष्ट्रीय कुत्ते की तरह काम करने का दिवस (वर्क लाईक ए डॉग डे) 5 अगस्त 2025 - वफादारी से मेहनत करने वालों को सैल्यूट! 5अगस्त 2025 क़ा दिन ऐसे श्रमिकों कर्मचारीयों व्यापारियों और हर उस व्यक्तियों के लिए है, जो कुत्ते की तरह वफादारी, निस्वार्थ और समर्पण भाव से कार्य करते हैं।

**(लेखक क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट हैं)**

### विचार

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन के अमर नायक का युगांत



*अजय कुमार*

झारखंड की धरती का वो सूरज, जिसने आदिवासी समाज को शोषण, सूदखोरी और अन्याय के अंधेरे से निकालकर स्वाभिमान और सम्मान की रोशनी दिखाई, आज सदा के लिए अस्त हो गया। दिशोम गुरु शिबू सोरेन, जिन्हें झारखंड का पथ प्रदर्शक कहा जाता था, ने 4 अगस्त 2025 को सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। 81 वर्ष की आयु में उनके निधन ने न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को एक ऐसी शख्सियत से वंचित कर दिया, जिसने जंगलों से लेकर संसद तक आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ी। शिबू सोरेन एक नेता से कहीं अधिक थे वे एक क्रांति थे, जिन्होंने महाजनों, जमींदारों और शोषक व्यवस्था के खिलाफ उलगुलान की हुंकार भरी। उनकी मशाल ने लाखों आदिवासियों को नई राह दिखाई, और उनकी डुगडुगी की गूंज आज भी झारखंड की माटी में गूंजती है।

11 जनवरी 1944 को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में एक साधारण आदिवासी परिवार में जन्मे शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष और समर्पण की गाथा है। उनके पिता सोबरन सोरेन एक शिक्षक और गांधीवादी विचारों के व्यक्ति थे, जो उस दौर में महाजनों के आतंक के खिलाफ आवाज उठाते थे। उस समय झारखंड में आदिवासियों को कर्ज के जाल में फंसाकर उनकी जमीनें हड़प ली जाती थीं। मेहनत का फल महाजन छीन लेते थे, और आदिवासी समाज गरीबी और शोषण का शिकार था। 27 नवंबर 1957 को सोबरन सोरेन की हत्या ने शिबू के जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। पढ़ाई छोड़कर उन्होंने शोषण के खिलाफ बगावत का रास्ता चुना। युवा शिबू ने आदिवासी युवाओं को संगठित करना शुरू किया, और यहीं से दिशोम गुरु की यात्रा शुरू हुई, जिसने झारखंड के इतिहास को नया मोड़ दिया।

1970 के दशक में शिबू सोरेन ने धनकटनी आंदोलन की शुरुआत की, जो झारखंड के आदिवासी आंदोलन का स्वर्णिम अध्याय बन गया। इस आंदोलन में आदिवासी युवा तीर-कमान लेकर खेतों की रखवाली करते, और महिलाएं हंसिया लेकर महाजनों की फसल काट लेती थीं। मांदर की थाप पर मुनादी के साथ यह आंदोलन रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, दुमका, टुंडी, पलमा, तोपचांची और बेरमो जैसे इलाकों में फैल गया। शिबू ने एक नैतिक मर्यादा तय की यह लड़ाई केवल खेतों तक सीमित रहेगी, न महाजनों की महिलाओं को निशाना बनाया जाएगा, न उनकी अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाएगा। इस अनुशासन ने उनके आंदोलन को न केवल मजबूती दी, बल्कि आदिवासियों में आत्मविश्वास और एकता का संचार किया। धनकटनी आंदोलन ने शिबू सोरेन को आदिवासियों का नायक बना दिया, जो शोषण और सूदखोरी से मुक्ति का प्रतीक बन गए।

4 फरवरी 1972 को शिबू सोरेन ने बिनोद बिहारी महतो और कॉमरेड एके राय के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्थापना की। यह संगठन बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी से प्रेरित था, जिसने 1971 में स्वतंत्रता हासिल की थी। झामुमो का लक्ष्य था झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाना और आदिवासी समाज को सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करना। इस संगठन ने न केवल आदिवासियों को एकजुट किया, बल्कि उनकी आवाज को राष्ट्रीय पटल पर बुलंद किया। शिबू की अगुवाई में झामुमो ने झारखंड आंदोलन को नई दिशा दी, और 2000 में झारखंड के गठन में इसकी ऐतिहासिक भूमिका रही। आज झामुमो झारखंड की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति है, जो शिबू के सपनों को जीवित रखती है। शिबू सोरेन का जीवन आसान नहीं था। पारसनाथ के घने जंगलों में भटकते हुए, पुलिस की गोलियों से बचते हुए, उन्होंने रातें पेड़ों की छांव में गुजारीं। 1975 में आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया। धनबाद के तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर केबी सक्सेना ने उन्हें सरेंडर के लिए राजी किया। 1976 में धनबाद जेल में बंद शिबू ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। एक महिला कैदी के छठ गीत सुनकर वे भावुक हो गए और जेल में छठ पूजा का आयोजन करवाया। कैदियों ने एक समय का भोजन त्यागकर इसका खर्च जुटाया, और महिला ने पारंपरिक आस्था के साथ पूजा की। यह घटना उनकी मानवीयता और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है। एक अन्य घटना में, पलमा के जंगल में रात के समय पुलिस ने उन्हें घेर लिया। डुगडुगी की आवाज पर आदिवासियों का हुजूम इकट्ठा हो गया, और पुलिस को पीछे हटना पड़ा। यह था शिबू सोरेन का जनता के साथ अटूट रिश्ता। उनकी डुगडुगी एक संकेत थी, जो आदिवासियों को एकजुट करने की ताकत रखती थी।

शिबू सोरेन सामाजिक न्याय और महिला सम्मान के प्रति बेहद सजग थे। एक बार दुमका से धनबाद लौटते वक्त, छेड़खानी के एक मामले को सुनकर उन्होंने रास्ते में गाड़ी रुकवाई और गांव में कचहरी लगाकर त्वरित न्याय सुनिश्चित किया। शराब के खिलाफ उनकी सख्ती भी उल्लेखनीय थी। एक बार अपने चाचा के शराब पीने पर वे इतने नाराज हुए कि उन्हें पीटने पर उतारू हो गए। उनकी यह नैतिकता और अनुशासन उन्हें एक अलग पहचान देता था। वे न केवल आदिवासियों के नेता थे, बल्कि सामाजिक मूल्यों के रक्षक भी थे।

शिबू सोरेन का राजनीतिक सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। 1980 में वे पहली बार दुमका से लोकसभा सांसद बने। 1989, 1991 और 1996 में भी वे लोकसभा पहुंचे। 2002 में वे राज्यसभा सांसद बने, और उसी साल दुमका से लोकसभा उपचुनाव जीता। वे तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे 2005 में 10 दिन के लिए, 2008-09 और 2009-10 में। केंद्र में कोयला मंत्री के रूप में भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। उनकी राजनीति विवादों से भी घिरी रही, लेकिन आदिवासियों के प्रति उनकी निष्ठा कभी कम नहीं हुई। उनकी विरासत उनके बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संभाली है, जिनके नेतृत्व में झामुमो झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी बनी।

शिबू सोरेन के निधन की खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया। उनके बेटे हेमंत सोरेन ने भावुक होकर कहा, आज मैं शून्य हो गया हूँ। मेरे पिता दिशोम गुरु झारखंड के सपनों का प्रतीक थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, शिबू सोरेन जी का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका योगदान आदिवासी सशक्तिकरण और झारखंड आंदोलन में हमेशा याद रखा जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, दिशोम गुरु ने शोषितों की आवाज बुलंद की। उनकी कमी कभी पूरी नहीं होगी। झारखंड के विभिन्न हिस्सों में लोग सड़कों पर उतरे, मांदर की थाप पर शोक गीत गाए गए, और उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभाएँ आयोजित की गईं। सोशल मीडिया पर आम जनता, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उन्हें याद किया। एक यूजर ने लिखा, शिबू सोरेन ने हमें सिखाया कि हिम्मत और एकता से कोई भी जंग जीती जा सकती है। शिबू सोरेन का निधन झारखंड के लिए एक युग का अंत है। लेकिन उनकी मशाल, जो उन्होंने आदिवासियों के हक के लिए जलाई, कभी नहीं बुझेगी। धनकटनी आंदोलन से लेकर झामुमो के गठन और अलग झारखंड के सपने को साकार करने तक, उनका हर कदम एक प्रेरणा है। उनकी डुगडुगी की गूंज और मांदर की थाप झारखंड की माटी में हमेशा गूंजती रहेगी। उनकी विरासत न केवल हेमंत सोरेन, बल्कि हर उस व्यक्ति में जीवित है, जो अन्याय के खिलाफ लड़ने का साहस रखता है।दिशोम गुरु की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके सपनों का झारखंड शोषणमुक्त, सशक्त और समृद्ध साकार हो। शिबू सोरेन ने न केवल झारखंड को एक नई पहचान दी, बल्कि लाखों आदिवासियों को जीने का हौसला दिया। उनकी लड़ाई, उनका साहस और उनका समर्पण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें!

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

### साहित्य

## तुम सागर की



**अनुभूति गुप्ता**

तुम सागर की
अदभुत गहराई हो,
मैं खेत में
जैसे सरसों लहराई हो,

तुम मेघों के जमघट से
हाथ लहराते हो,
मुझसे धवल चांदनी से
मिलने आते हो,

तुम भोर के सूरज
और प्रकाश हो,
मेरे लिए तुम मेरा
स्वतंत्र आकाश हो,

तुम बसंत का सावन हो,
मन को लगते मनभावन हो,
तुम सुरमई अंखियों का सपना हो,
मेरे लिए स्नेहिल कोई अपना हो,

तुम अनुभूति के भूति हो,
ईश्वर की मनोरम स्तुति हो...!



## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन उलझनों से भरा होगा। आप नौकरी में कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से तालमेल बनकर चलना होगा।

**वृषभः-** आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। अपने कामों को आप कल पर टालने से बचें।

**मिथुनः-** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किसी एक्सपर्ट की राय के बिना न करें।

**कर्कः-** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जिससे परिवार में खुशियां रहेगी। जीवनसाथी से आपके रिश्ते भी पहले से बेहतर रहेंगे।

**सिंहः-** आज आपको अपनी कमियों को दूर करके अपने व्यवसाय में सुधार लाने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कन्याः-** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आज आपकी कार्य क्षमता बेहतर रहेगी आपको मनपसंद काम मिलने की संभावना है।

**तुलाः-** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आप यदि किसी योजना में धन लगाएंगे, तो उसके भी डूबने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** आज आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें, क्योंकि आप अपनी अच्छी सोच से अपने विरोधियों पर भी विजय प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटाना है।

**धनुः-** आज आपको लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। बिजनेस में भी आप सोच समझकर धन लगाएं।

**मकरः-** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**कुंभः-** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मीनः-** आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयों से भरा रहने वाला है, क्योंकि आपके कामों में कुछ विघ्न आने की संभावना है और आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है।

# त्याग, तपस्या और बलिदान से मिली थी आजादी



*दिलीप कुमार श्रीवास्तव*

**जंगे-ए-आजादी में बाराबंकी की भी रही भूमिका**

देश का इतिहास वैसे तो त्याग, तपस्या और बलिदान से भरा पड़ा है 15 अगस्त का महीना देश की आजादी में काफी महत्वपूर्ण व गौरवशाली माना जाता है। आजादी का बिगुल 8 अगस्त 1942 को ग्वालिया टैंक मैदान मुंबई में महात्मा गांधी ने अपने ऐतिहासिक भाषण में अंग्रेजों भारत छोड़ो का गांधी जी ने नारा बुलंद करते हुए देशवासियों से करो या मरो का आह्वान किया था।

नौ अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के आह्वान पर पूरे देश में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई, जिसके चलते अंग्रेजी हुकूमत ने गिरफ्तारियां शुरू कर दी। 9 अगस्त की सुबह ही अंग्रेजी हुकूमत में महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, महादेव देसाई सहित कई स्वाधीनता सपूतों को गिरफ्तार कर पुणे के आगा खान पैलेस में रखा। महात्मा गांधी सहित तमाम स्वाधीनता सपूतों की गिरफ्तारी पूरे देश में आग की तरह फैल गई जगह-जगह अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे बुलंद होने लगे। उधर पटना बिहार में 11 अगस्त को आंदोलनकारी ने सचिवालय पर तिरंगा फहरा दिया जिससे बौखलाई फिरंगी सेना ने तत्कालीन जिलाधिकारी डब्लू जी आर्थर के आदेश पर आंदोलनकारियो पर फायरिंग कर दी जिसमें बिहार के साथ आंदोलनकारी सपूत शहीद हो गए। इसी बीच जेल में कैद महादेव देसाई की मृत्यु 15 अगस्त को हो गई, स्वाधीनता के दीवाने देसाई की मृत्यु की सूचना आज की तरह पूरे देश में फैल गई जिसके चलते आंदोलनकारी ने अंग्रेजी हुकूमत के सरकारी कार्यालय, रेलवे स्टेशन, डाकघर को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर फिरंगियों ने आंदोलनकारी पर काबू पाने के लिए सेना की मदद ली। अंग्रेजों की सेना ने गांव के गांव जलने शुरू कर दिए तथा अनाजों के गोदाम पर कब्जा करके आम ग्रामीण पर अत्याचार व दमन शुरू कर दिया। इसी बीच नेताजी सुभाष चंद्र बोस जो भूमिगत है वह ब्रिटिश हुकूमत की नाकेबंदी को तोड़ते हुए विदेश पहुंच गए और ब्रिटिश राज को भारत से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते हुए, उन्होंने विदेश में ही इंडियन नेशनल आर्मी का गठन किया जिसे आजाद हिंद फौज भी कहा जाता है। साथ ही तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा दिया। जो देश में काफी लोकप्रिय हुआ था।

हमारा देश भारत 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत से मुक्त हुआ था। ऐसे में हर भारतीय के लिए 15 अगस्त गौरव का दिन है। हिंदुस्तान को आजाद कराने के लिए महात्मा गांधी, भगत सिंह, मंगल पांडे, लाला लाजपत राय, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई, सुखदेव, राजगुरु, राम प्रसाद बिस्मिल, उधम सिंह, मंगल पांडे, खुदीराम बोस, और अशफाक सहित हज़ारो स्वतंत्रता सेनानियों ने दशकों तक आजादी की लड़ाई लड़ी। भारत छोड़ो आंदोलन में बाराबंकी के कई क्रांतिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें से कुछ वीर सपूतो मे रफ़ी अहमद किदवई, कुंवर दिग्विजय सिंह (केडी सिंह 'बाबू') स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव नारायण, रामचंदर, श्रीकृष्ण, श्रीराम, मक्का लाल, सर्वजीत सिंह, राम चंद्र, रामेश्वर, कामता प्रसाद, कल्लूदास, कालीचरण, बैजनाथ प्रसाद, राम गोपाल, राम किशुन सहित तमाम लोग ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष में शामिल थे और कुछ को जेल भी जाना पड़ा।

1942 ई. के भारत छोड़ो आंदोलन में इस जिले के लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे ब्रिटिश राज की रातों की नींद हराम हो गई। जिसके फलस्वरूप जिला कांग्रेस कार्यालय को सील कर दिया गया। परन्तु, स्थानीय नेताओं ने भूमिगत रहते हुये अपना विरोध जारी रखा। क्रांतिकारियों द्वारा विरोध प्रगट करने के लिये 24 अगस्त 1942 ई. को हैदरगढ़ डाकघर का लूट लिया गया था। इसी तरह की अन्य घटनाएं जीपीओ बाराबंकी और सतरिख में भी हुईं।

सत्याग्रह के आह्वान पर इस जिले के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां दीं।




**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# महादेवा में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध शिवधाम में सावन माह के अंतिम सोमवार को करीब दो लाख से अधिक शिव भक्तो का जन सैलाब उमड़ पड़ा।रविवार को विद्युत विभाग की लापरवाही से खंभे में उतरे करंट के कारण दो लोगो को हुई मौत और मूसला धार बारिश भी शिवभक्तों की आस्था के आगे बौनी साबित हुई।शिव भक्तो की भारी आमद के चलते सोमवार की पूर्व शाम से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने दल बल के साथ मेला परिसर का भ्रमण कर देर रात तक प्रशासनिक व्यवस्थाओ का जायजा लेकर अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कड़े सुरक्षा प्रबन्धो के बीच मध्य रात्रि पर्यन्त आशु तोष अवसर दानी गर्भ गृह के कपाट खुलते ही एक बार फिर भोलेनाथ के पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक की गति गतिमान हो गयी।हर हर बम के जयकारों के साथ यह क्रम सोमवार की देर रात्रि तक अनवरत रुप से चलता रहा।

मालूम हो की महाभारत काल मे पांडव पुत्रों के अज्ञात वास की गाथा को सहेजे लोधेश्वर धाम की उत्तर भारत में बड़ी ही मान्यता है।भूत भावन लोधेश्वर की महिमा का वर्णन हजारों हजार साल की ऐतिहासिक धरोहरों में वर्णित है।इस पावन धाम का भूलिग स्वयं लोधेश्वर के नाम से प्रसिद्ध है राजा इंद्र के नंदनवन से पांडु पुत्रो के द्वारा माता कुन्ती के पूजा पाठ में पुष्प के लिये लाया गया देव वृक्ष पारिजात और कुंतेश्वर धाम भी निकट है।हिरण्याक्ष का वध करने एवं माता पृथ्वी के पुनरोत्थान हेतु स्वयं प्रभु ने बाराह भगवान का रूप धारण किया था। लेखो के मुताबिक आदिकाल से आज तक बाराबंकी और बाराहवन जैसे आध्यात्मिक रहस्यों की जानकारी करता हुआ यह प्रसिद्ध शिव धाम है।सावनी महोत्सव के अंतिम सोमवार को लाखों की संख्या में शिव भक्त भिन्न-भिन्न बाहनों से और पैदल रविवार के शाम से ही भारी संख्या में लोधेश्वर पहुंचने लगे थे।खंभे में उतरे करंट से हुई दो लोगों की मृत्यु और भारी बरसात भी उन शिवभक्त नर नारियों के कदमों को डिगा नहीं सके। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक दलबल के साथ बेहतर व्यवस्थाये बनाये रखने में उद्देश्य से रविवार की शाम से करीब दो बजे रात्रि तक दल बल के साथ भ्रमण कर मेले का जायजा लेते रहे। अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी,उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल, पुलिस क्षेत्रा अधिकारी गरिमा पंत, ईओ अशोक कुमार खरवार, कोतवाल अनिल कुमार पांडे, मेला प्रभारी संतोष कुमार त्रिपाठी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर अपनी अपनी जिम्मेदारियो के प्रति पूरी तरह से मुस्तैद रहे।



## श्रद्धालुओं पर जिला प्रशासन ने हेलीकॉप्टर से की पुष्प वर्षा



**हैदरगढ़।** श्रावण मास के चौथे एवं आखिरी सोमवार के अवसर पर शिव भक्तों और कांवड़ियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत के प्रयास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा आज विधानसभा हैदरगढ़ स्थित महाभारत कालीन श्री औसानेश्वर महादेव मंदिर पर लगभग 11:00 हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की गई। यह ऐतिहासिक क्षण उस समय बना जब हजारों की संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक के लिए बाबा औसानेश्वर महादेव मंदिर में मौजूद थे। तभी आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों की बौछार होने लगी। 'हर-हर महादेव' के जयघोष और गुलाब की सुगंध से वातावरण अलौकिक हो उठा। औसानेश्वर धाम में मौजूद श्रद्धालुओं ने कहा कि फूलों की वर्षा से मन भावविभोर हो गया। यह सम्मान हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार पुष्प वर्षा पिछले सोमवार पर होनी थी परंतु मंदिर में हादसा हो जाने के चलते कार्यक्रम को टाल दिया गया था।

## बुढ़वा बाबा में श्रद्धालुओं का उमड़ा भारी हुजूम, कल्यानी नदी के जल से किया जलाभिषेक



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने मां कल्याणी की पावन धारा में स्नान कर अति प्राचीन देवाधिदेव महादेव बुढ़वा बाबा मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया और हजारों श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के जयकारों से उनकी श्रद्धा को बरसात भी नही रोक पाई। चतुर्थ सोमवार को क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भारी बरसात में रात्रि तीन बजे से बुढ़वा बाबा मंदिर पहुच कर भूत भावन भोलेनाथ का जलाभिषेक किया । खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को श्रद्धापूर्वक जल अर्पित करके विश्व कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पौराणिक मंदिर श्रद्धा और शक्ति का केंद्र है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग की द्वारा यहां पर करीब ढाई करोड़ की लागत से मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। श्रद्धालुजनो ने भगवान भोलेनाथ को जल, बेलपत्र, धतूरा, आक और विविध पूजन सामग्री अर्पित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना कर रहे थे। हर-हर महादेव के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। एसडीएम अनुराग सिंह ने पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्र के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राजस्व विभाग के कानूनगो नानक शरण ,महेश वर्मा, श्री निवास सहित लेखपाल अम्बुज अजयदीप और भारी पुलिस फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे । कोतवाल अंकित त्रिपाठी अपने सहयोगियों के साथ बरसात में भी लगातार श्रद्धालुओं के दर्शन सम्पन्न होने तक सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी मे लगे रहे।

## खबरें एक नजर में

### भोलेनाथ सावन में पृथ्वी पर करते हैं वास, जलाभिषेक से मिलता है मनचाहा वरदान : गोप



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सावन माह में भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों के कष्ट दूर करने के लिए पृथ्वी पर वास करते हैं इस पवित्र मास में शिव भक्त अपने आराध्य का जलाअभिषेक रुद्राभिषेक कर मनचाहा वरदान प्राप्त करते हैं। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आज सावन के अंतिम एवं चतुर्थ सोमवा के पावन दिन पर विधानसभा हैदरगढ़ स्थित अवशानेश्वर महादेव मंदिर मे पहुंचकर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ का विधिपूर्वक रुद्राभिषेक कर महादेव से संपूर्ण जगत के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हुए समस्त देशवासियों के कष्टों को दूर करने एवं सभी को सुख समृद्धि यश कीर्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत मंदिर परिसर में उपस्थित भक्त जनों के बीच शिव शंकर की महिमा का बखान करते हुए व्यक्त किये। रुद्राभिषेक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, संजय सिंह, युवराज सिंह, रामप्रताप सिंह, महेश वर्मा प्रधान, पंकज बाबा, सिपाही लाल यादव, डब्बू जायसवाल, राजू सिंह, रामानंद सिंह, हिमांशु सिंह दीपक, बलराम सिंह, हरिश्चंद्र सिंह एडवोकेट, सत्यम सिंह, आदर्श सिंह, सानू सिंह राठौड़, आकाश यादव, रणविजय सिंह पिंकू, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, गुड्डू सिंह प्रधान आदि लोगों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कमरे में लटकता मिला युवक शव



**बेलहरा-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कुड़ेलवा गांव निवासी हरिकेश वर्मा (30) रविवार सुबह भगौली तीर्थ अभरन से जल भरकर महादेवा मंदिर जलाभिषेक के लिए घर से निकला था कि वापसी में गांव लौटने पर जल को घर के पास स्थित शंकर जी की मंदिर में चढ़ा दिया। थकान का हवाला देकर हरिकेश कमरे में आराम करने चल गया। कुछ देर बाद परिजन जब कमरे में पहुचे तो उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों ने आनन-फानन में शव को नीचे उतरवाकर बिना पुलिस को सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इंकार किया है।

### टोल प्लाजा मैनेजर पर हुए हमले के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** अहमदपुर टोल प्लाजा के सहायक प्रबंधक अनुपम कुमार पर हुए हमले की 5 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से टोल कर्मियों में भारी आक्रोश है। कर्मचारियों ने पुलिस पर हीलाहवाली का आरोप लगाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि मंगलवार रात अनुपम कुमार ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे। तभी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र के सराय शेख निवासी संदीप तिवारी ने अपनी डिज़ायर कार से पीछा कर श्याम ढाबा के पास उन्हें रोककर अपने चार साथियों के साथ मिलकर अनुपम की बेरहमी से पिटाई की थी। अनुपम जब किसी तरह से उनके चंगुल से भागकर सूरजवापुर मोड़ तक पहुंचे, तो फिर से उनकी बाइक में टक्कर मारकर उन्हें गिराकर दोबारा हमला किया था। लोगों के पहुंचने पर आरोपी उन्हें जान से मार देने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे जिसका मुकदमा अनुपम ने गुरुवार को थाने पर दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस द्वारा अभी तक आरोपियों की गिरफ्तार न किए जाने से टोलकर्मी आक्रोशित हो रहे हैं इस घटना से टोल कर्मी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुई अलग-अलग हादसे में एक व्यक्ति की मौत, महिला घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सोमवार की सुबह हुए अलग-अलग समय व स्थान पर हुए दो सड़क हादसों में जहाँ एक खलासी की मौत हो गई वही महिला सहित दो लोग घायल हो गए। गंभीर घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला सड़क हादसा सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 41.900 किलोमीटर पर कोतवाली के सराय चौबे गांव के निकट हुआ। सोनीपत हरियाणा से पटना की ओर जा रही डीसीएम का पिछला पहिया फट जाने से डीसीएम अनियंत्रित होकर पहले से खराब होकर खड़ी डीसीएम से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीसीएम चालक नगला भूरे थाना भरथना इटावा निवासी राजकुमार पुत्र हरिकृष्ण 25 वर्ष एवं यही के निवासी खलासी अनिल कुमार पुत्र कृष्ण बिहारी 24 वर्ष गाड़ी में बुरी तरह फस गए। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची यूपीडा की टीम एवं पुलिसकर्मियों द्वारा किसी तरह दोनों लोगों को निकाल कर एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर खलासी अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया गया वहीं डीसीएम चालक को मामूली चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दूसरा सड़क हादसा भी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुबह लगभग 8:00 बजे हुआ। जिसमें गौतम बुद्ध नगर निवासी सुदर्शन जैन 60 वर्ष, पत्नी इंदु जैन 57 वर्ष एवं अन्य परिजनों के साथ प्रभु राम के दर्शन करके कार से अयोध्या से वापस लखनऊ लौट रहे थे कि तभी कोतवाली क्षेत्र के ही बारावा गांव के निकट 43.300 किमी पर आगे चल रहे वाहन द्वारा अचानक ब्रेक मार दिए जाने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटने के बाद सीधी होकर खड़ी हो गई। एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद इंदू को गंभीर अवस्था में लखनऊ स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## हैदरगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन से शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूर्व विधायक स्वर्गीय सुंदरलाल दीक्षित के साथी हैदरगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता ननकऊ साहू का आज निधन हो गया जिनका पिछले 20 दिनों से लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके निधन की सूचना पर स्थानीय एवं जनपद के भाजपा नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई है।

वरिष्ठ भाजपा नेता ननकऊ साहू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि पार्टी ने एक सच्चा, इमानदार लोकप्रिय नेता को खो दिया है। जिसकी भरपाई आने



**बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, अर्पित की श्रद्धांजलि**

वाले समय में नहीं किया जा सकता है। यह भाजपा परिवार के लिए अपूर्णनीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी कृष्ण कुमार द्विवेदी भाजपा नेता गोविंद पाठक भाजपा नेता लाला लक्ष्मी नारायण साहू व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह युवा नेता राहुल सिंह चौहान प्रधान आसाराम वर्मा प्रधान मुकेश प्रताप सिंह बबलू प्रधान कुलदीप सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह युवा नेता विकास पांडे विक्की सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण, दिये निर्देश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



हजरतपुर गौशाला का उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के साथ बारिश के बीच निरीक्षण किया।उन्होने गौशाला से संबंधित जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सोमवार को एसडीएम प्रीति सिंह हजरतपुर गौशाला पहुंची।वहां उन्होने पूर्व में किए गए कार्यों का भी जायजा लिया।पूर्व मे दिए गए निर्देशों का पालन किया गया था।एसडीएम ने पशुओ की गणना की और रजिस्टर आदि का अवलोकन किया।उन्होने गौशाला में प्रकाश की व्यवस्था और पशुओं की अच्छी देख-रेख करने के निर्देश दिए।

गौशाला में कुछ पशु दुबले दिखाई देने पर उन्होंने इन पशुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।इस मौके पर लेखपाल महेंद्र जयसवाल,सचिव सुरेश यादव,प्रधान प्रतिनिधि औंन मियां मौजूद रहे।इसके बाद एसडीएम ने कोटवाधाम में मेला परिसर का भी तहसीलदार और एसडीओ विद्युत टिकैतनगर के साथ निरीक्षण किया। एसडीएम ने बिना मीटर कनेक्शन न चलाए जाने का निर्देश दिया।कुछ तार इधर-उधर लटक रहे थे या कटे हुए थे उन्हें तत्काल बदलने व सही करने के निर्देश दिया।इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक के साथ बरौलिया गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अभिषेक कुमार,सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव आशीष कुमार वर्मा, सचिव अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि बारिश के चलते गौशाला की स्थिति का जायजा लिया गया। वहां प्रकाश की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। कोटवाधाम मे विद्युत विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया गया।विद्युत पोलो पर पन्नी लगवाई गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### बीडीओ ने गौशालाओं का किया निरीक्षण



**रामसनेहीघाट।** विकासखंड क्षेत्र में संचालित गोआश्रय स्थलों का सोमवार को खंड विकास अधिकारी विनय मिश्रा ने पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ कई गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने आज भारी बरसात में सहायक कृषि अधिकारी के साथ सकतपुर, नाथूपुर एवं सूरजपुर स्थित गौशालाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सभी गोआश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए वर्षा से बचाव हेतु पर्याप्त सेड की व्यवस्था की गई है। चारे व पानी की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि कहीं भी जल भराव की स्थिति नहीं पाई गई, जिससे गोवंश पूरी तरह सुरक्षित हैं। श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में नियमित निगरानी की जाए ताकि पशुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। चारा पानी के साथ हरा चारा और बचाव के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही गई ।

## विधायक व पूर्व ब्लाक प्रमुख ने ने किया अन्नपूर्णा भवन व इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत जरौली में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन एवं 53.80 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित विभिन्न इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कर ग्राम वासियों को समर्पित किया।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों के लिए संकल्पित है। हमारी पहली प्राथमिकताएं यह है कि गांव-गांव तक बेहतर बुनियादी सुविधाएं पहुंचे और ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि विकासखंड त्रिवेदीगंज का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को किया जा रहा है। ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह रास्ता वर्षों से ग्रामीणों की एक बड़ी ज़रूरत बना हुआ था।सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान भानु बाजपेई सहज राम बाजपेई मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा प्रधान संजय वर्मा प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह प्रधान रामानंद सिंह प्रधान राजेश वर्मा प्रधान दुर्गाबक्श सिंह प्रधान ताराचंद्र वर्मा प्रदीप वर्मा मोहित मिश्रा प्रदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

### इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम का राज्यमंत्री के किया उद्घाटन



**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सोमवार को असंद्रा बाजार में इलेक्ट्रिक बाइक के निजी शोरूम का फीता काटकर शुभारंभ किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम से ही सफलता मिलती है ।उन्होंने पार्टी के निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष शशांक चौरसिया को इस नवीन शोरूम खोलने पर शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत , भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल राजकुमार सिंह कौशलेंद्र शुक्ल मुनेश्वर दत्त मिश्र त्रिभुवन वर्मा अशोक यादव राजकुमार वर्मा अकील जैदी अनिल जयसवाल पप्पू प्रधान और जितेंद्र चौरसिया समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे ।



# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।

पत्रांक: 489/B/ कर वि0/2025-26 — दिनांक 02/08/2025

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 की सूची 1 (ज) की उपधारा "ख" एवं "ग" के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए "लोक सुरक्षा और सुविधा" के दृष्टिगत यातायात के विनियमन एवं पालिका के राजस्व वृद्धि हेतु नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत "बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क नियमावली-2025" बनाये जाने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत आम नागरिकों से सुझाय/आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु दैनिक समाचार पत्रों में इस आशय से प्रकाशित किया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उवत नियमावली में वर्णित उपबन्धों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/ सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वे इस नियमावली के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि व्यातीत होने के पश्चात प्रस्तुत किये गये किसी भी सुझाव/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

## "बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क नियमावली-2025"

1.(क) **संक्षिप्त नाम:-** यह नियमावली नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के बस/ट्रक/ टैक्सी /अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क नियमावली 2025 कहलायी जायेगी।

(ख) **प्रसार/विस्तार**-इस नियमावली का प्रसार/विस्तार नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की वर्तमान सीमा तथा आगामी वर्षों में होने वाली नगर पालिका सीमा वृद्धि से होगा अर्थात् उ0प्र0 सरकार/शासन द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की सीमा से है।

(ग) **परिभाषायें-**

(1) नगर पालिका परिषद का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से है।

(2)अध्यक्ष/प्रशासक का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

(3) अधिशासी अधिकारी का तार्पय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।

(4) नगर पालिका अधिनियम 1916 का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 तथा उसमें समय-समय पर यथा संशोधित अधिनियम से है।

(6) कर्मचारी का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में नियुक्त/संविदा/ आउटसोंसिंग रूप से नियुक्त/कार्यरत कर्मचारी से है।

(7) ठेकेदार का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा इस नियमावली के अन्तर्गत पार्किंग शुल्क वसूल किये जाने वाले अधिकृत ठेकेदार से है।

(घ) **प्रभाव:-** यह नियमावली शासकीय गजट में प्रकाशन होने के दिनांक से प्रभावी होगी।

2.**नियम-1**-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत कोई भी वाहन (शासकीय वाहनों अथवा निजी प्रयोग हेतु सवारी वाहनो कों छोड़कर) जो सवारी चढ़ायेगा/उतारेगा उसे नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा निर्धारित दर पर पार्किंग शुल्क का भुगतान देकर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

2-ऊपर वर्णित कोई भी सवारी वाहन नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा निर्धारित स्टैण्ड स्थल/स्थान पर ही खड़ा कर सवारी भरेगा या उतारेगा निर्धारित स्टैण्ड स्थल/स्थान का विवरण निम्न हैं-

| क्रम सं0 | स्टैण्ड स्थल/स्थान |
|---|---|
| 1 | लाल सराय पार्किंग स्टैण्ड व भविष्य में निर्मित होने वाली सरकारी पार्किंग भी आच्छादित होगा। |
| 2 | अन्य ऐसे स्टैण्ड जिनकी स्वीकृति सम्बन्धित विभाग से प्राप्त कर नियम/शर्तों के अधीन यदि किसी व्यक्ति/संस्था के द्वारा निजी तौर पर संचालन किया जाता है। |

3-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत किसी व्यक्ति/समूह द्वारा किराये पर चलने वाले सवारी गाड़ियों के लिए कोई अलग से स्थल बिना अनुमति के नही संचालित करेगा और न ही किसी भी तरह के रास्ते व सड़क पर पार्किंग स्थापित करेगा।

4-पार्किंग शुल्क अदा करके रसीद लेने का दायित्व सम्बन्धित वाहन चालक/परिचालक/ वाहन स्वामी का होगा।

5-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी तथा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के जांच के समय वाहन के चालक/परिचालक/मालिक द्वारा रसीद प्रस्तुत की जायेगी। उचित रसीद न प्रस्तुत किये जाने पर तत्काल बीस गुना अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा।

6-यदि पार्किंग शुल्क की वसूली ठेके पर है तो नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा जांच के समक्ष ठेकेदार/अधिकृत कर्मचारी द्वारा रसीदों की जांच करानी होगी।

7-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के कर्मचारियों द्वारा वसूली की स्थिति में कार्यालय द्वारा जारी रसीदों पर ही वसूली करनी होगी एवं प्रतिदिन की वसूली कार्यालय में जमा करनी होगी।

8-नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्टैण्ड/पार्किंग स्थल पर पेयजल, सफाई, प्रकाश एवं अन्य यात्री सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी, किन्तु किसी समय आंशिक असुविधा के कारण वसूली प्रभावित नहीं होगी।

9-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा निषिद्ध क्षेत्र (नो इण्ट्री) घोषित किये जाने वाले स्थानों पर निर्धारित समय/क्षेत्र में किसी वाहन का प्रयोग पूर्णतयः वर्जित होगा।

10-अभियोजित सवारी गाड़ियों के ऊपर अभियोग चलाने/चलान करने का अधिकार अध्यक्ष /अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद को होगा।

11-वसूली/दरों में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में नियमावली के अधीन अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

12-सम्वन्धित ठेकेदार/फर्म को अपने वसूलीकर्ताओं की निर्धारित वर्दी पहचान पत्र के साथ ही स्टैण्ड/पार्किंग शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा।

13-यदि नगर क्षेत्र के ऐसे व्यक्ति/फर्म द्वारा शासन/जिला प्रशासन व सम्बन्धित विभाग से अनुमति प्राप्त कर निजी तौर पर पार्किंग नियमानुसार अधिष्ठापित/संचालित करता है तो नगर पालिका द्वारा नियमानुसार अनापत्ति जारी की जा सकेगी। जिसके लिए नियमानुसार जनहित में सशर्त अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।

14-टैक्सी स्टैण्ड स्थलों का निर्धारित स्टैण्ड/पार्किंग शुल्क का सूची निर्धारित बोर्ड पर लिखवाना अनिवार्य होगा।

**बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क की सूची निम्नवत् है:-**

| क्रम सं0 | वाहनों के प्रकार | दर रु0 में |
|---|---|---|
| 1 | प्राइवेट बस/ट्रक (प्रति तीन घण्टा) | 100.00 |
| 2 | मिनी बस/मिनी ट्रक/डी0सी0एम0 (प्रति तीन घंटा) | 75.00 |
| 3 | जीप ट्रैक्सी पिकअप/ट्रैक्टर ट्राली व्यवसायिक प्रयोग वाले (प्रति तीन घण्टा) | 50.00 |
| 4 | टैम्पो/ई-रिक्शा/टाटा मैजिक (प्रति तीन घण्टा) | 40.00 |
| 5 | कार (एक से आठ घण्टे तक) | 100.00 |
| 6 | मोटरसाईकिल (एक से आठ घण्टे तक) | 20.00 |

नोट-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के बोर्ड को यह अधिकार होगा कि वह उक्त दरों में समय समय पर वृद्धि कर सकेगी। इस नियमावली के लागू होते ही पूर्व के नियमावली यथा संशोधित समझी जायेंगी।

**शास्ति**

नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद बस/ट्रक/ट्रैक्टर/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क नियमावली 2025 के किसी धारा या भाग की अवहेलना/भंग किये जाने पर उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 के सुसंगत धारा 299 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डनीय होगा।

**(विनोद कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

**(वत्सला अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

# बिना लाइसेंस के ड्रोन संचालन पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

- ड्रोन संचालन में अब नियमबद्ध, पंजीकरण और लाइसेंस अनिवार्य
- संचालन के लिए संबंधित थाने को देनी होगी सूचना



बैठक में जानकारी देते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ड्रोन तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए जिला प्रशासन ने इसके संचालन को सख्ती से नियमबद्ध करने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करते हुए बताया कि अब ड्रोन का संचालन केवल पंजीकरण और वैध लाइसेंस के बाद ही किया जा सकेगा। डीएम ने बताया कि ड्रोन का उपयोग वर्तमान में विवाह आयोजनों, कृषि कार्यों, भूमि सर्वेक्षण और निगरानी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन एक तकनीकी प्रणाली है, जिसे सुनियोजित और नियमबद्ध तरीके से ही संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीयन के कोई भी व्यक्ति ड्रोन नहीं उड़ा सकेगा।

इसके लिए संचालकों को आईसीसीएमआरटी लखनऊ, प्रयागराज और गुरुग्राम से प्रशिक्षण प्राप्त कर लाइसेंस लेना होगा। बिना लाइसेंस के ड्रोन संचालन गैरकानूनी माना जाएगा और इस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी विनोद कुमार ने भी जानकारी देते हुए बताया कि ड्रोन संचालन से जुड़ी समस्त जानकारी जैसे पंजीकरण संख्या, उद्देश्य, तिथि एवं संचालन स्थल आदि की सूचना स्थानीय थाना स्तर पर देना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति या रिकॉर्ड के ड्रोन उड़ाते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एडीएम आशीष कुमार सिंह, एएसपी अजय कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, जिला सूचना अधिकारी आलोक कुमार यादव सहित आदि लोग रहे।

### समूहों की महिलाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित

कन्नौज। डीएम ने बताया कि जनपद में मौजूदा ड्रोन की गणना करायी जा रही है। साथ ही राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत महिला समूहों को 'नमो ड्रोन दीदी' के रूप में प्रशिक्षित करने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे महिलाएं भी ड्रोन तकनीक में दक्ष होकर स्वरोजगार से जुड़ सकें।

# मोबाइल टावर पर चढ़कर कांवड़ यात्री ने किया हंगामा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार की सुबह करीब 7 बजे नशे में धुत एक कांवड़ यात्री नगर के फर्रूखाबाद चौराहा स्थित मोबाइल टावर पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा करने लगा। मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस की 5 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा जा सका। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुरी जनपद के ग्राम अलीपुर निवासी जयदीप अवस्थी उर्फ रज्जन पुत्र अशोक कुमार अवस्थी ने बताया कि वह श्रृंगीरामपुर से कांवड़ लेकर अपने गांव जा रहा था। रविवार रात करीब 2 बजे फर्रुखाबाद रोड पर अन्य कांवड़ियों से उसका विवाद हो गया और उसके पैसे, मोबाइल फोन छीन लिया गया। घटना की शिकायत लेकर वह पुलिस के पास पहुंचा, लेकिन



उसकी कोई सुनवाई नही हुई। इसके बाद वह स्थानीय विधायक अर्चना पांडेय के आवास गया, लेकिन विधायक नगर से बाहर होने के कारण न मिलने पर उसने टावर पर चढ़ने का फैसला किया। मोबाइल टावर पर चढ़कर जयदीप ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे समझा-बुझाकर और कार्रवाई का आश्वासन देकर दोपहर करीब 12 बजे टावर से नीचे उतारा और उसे थाने ले जाया गया। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चर्चा रही, क्योंकि कुछ दिन पहले भी बिजली घर के टावर पर एक विद्युत कर्मी ने इसी तरह टावर पर चढ़कर हंगामा किया था। ऐसी घटनाएं न केवल खतरनाक हैं, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था के लिए भी चुनौती हैं। अपनी शिकायतों के समाधान के लिए इस तरह के खतरनाक कदम उठाना उचित नहीं है। हर अधिकारी के ऊपर एक अधिकारी है। अपनी समस्या उच्चाधिकारियों तक पहुंचा कर समाधान कराने का प्रयत्न करना चाहिए। हालांकि पुलिस ने जयदीप को समझाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं, क्योंकि समय पर सुनवाई न होने से युवक ने यह कदम उठाया था।

# तिरंगा राखी कार्यशाला में बच्चों ने दिखाया हुनर



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बेसिक शिक्षा विभाग के आप बनें हुनरमंद कार्यक्रम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंअरपुर बनवारी में तिरंगा राखी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का नेतृत्व प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्र ने किया, जबकि शिक्षक शैलेंद्र कुमार मिश्र, रश्मि तिवारी, विनोद राठौर, श्यामवीर, नरगिस बानो, रविंद्र कुमार और अटल बिहारी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस आयोजन में मोहित, आलिया, चांदनी, दीक्षा, प्रवेश, नरगिस, चिराग, अंशु, हिमांशु, आर्यन, मयंक, मो. साहिल, राहिल, गुंजा, आदित्य, नव्या, जय, अंशिका, जया, गुलशन, साधन और लक्ष्मी आदि छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने तिरंगे के रंगों से प्रेरित राखियां बनाकर देशभक्ति का जज्बा दिखाया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना था।

# निजी विद्यालयों में 342 बच्चें पाएंगे नि:शुल्क शिक्षा, हुआ दाखिला

- आरटीई के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में जनपद ने उल्लेखनीय उपलब्धि की हासिल
- राज्यमंत्री असीम अरुण ने दी शिक्षा विभाग को बधाई



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम (ऋञ्जश्व) के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में जनपद ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।

जनपद के तीनों विकास खंडों सदर, तिर्वा और छिबरामऊ में आवंटित 342 बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन निजी विद्यालयों में सुनिश्चित किया गया है।

इस उपलब्धि के तहत सदर विकास खंड में 232, तिर्वा में 67 और छिबरामऊ में 43 बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला मिला है। इससे यह स्पष्ट है कि जनपद शिक्षा के क्षेत्र में न केवल योजनाओं को धरातल पर उतार रहा है, बल्कि वंचित तबके के बच्चों को भी मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है। राज्यमंत्री असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर जनपद की शिक्षा टीम की सराहना की और बधाई दी। उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कन्नौज ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि निष्ठा, समर्पण और समन्वय के साथ कार्य किया जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### मंत्री ने विद्यालयों और अधिकारियों की सराहना

कन्नौज। राज्यमंत्री असीम अरुण ने इस मौके पर विद्यालयों, जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया, जिनके प्रयासों से वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच मिल सकी है। उन्होंने आशा जताई कि यह क्रम भविष्य में भी जारी रहेगा और अन्य जनपद भी इससे प्रेरणा लेंगे।



## स्कूल कक्ष की जर्जर छत से टपक रहा बारिश का पानी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** स्कूल का जर्जर अतरिक्त कक्ष कि छत से बारिश का पानी टपकने से शिक्षण कार्य के लिये दरवाजे में ताला लगा दिया गया है। तालग्राम विकास खण्ड के ग्राम मौरा में स्थित प्राइमरी स्कूल में बना अतरिक्त कक्ष की छत इतनी जर्जर हो गई थोड़ी सी बारिश में पानी जमीन पर टपकने लगता है यह जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने बताया कि अतरिक्त कक्ष की छत जर्जर होने से बच्चों को किसी अनहोनी घटना टालने के लिये शिक्षण कार्य बन्द करके कमरें के दरवाजे में ताला डाल दिया साथ ही विभाग के अफसरों को लिखित सूचना देकर अवगत भी करा दिया गया है वहीं ग्राम रायपुर स्थित प्राइमरी स्कूल में बना अतरिक्त कक्ष की छत जर्जर हो चुकी है इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुऐ शिक्षिका संगीता कटियार ने बताया कि कक्ष को शिक्षण कार्य बन्द करके दरवाजे में ताला लगा दिया है।

## सड़क में गड्ढा दे रहा हादसों को दावत


तमियामऊ से मौरा जाने वाले मार्ग में गड्ढा

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** बारिश के पानी से सड़क कटाब करके गडडे में तब्दील हो जाने से आवागमन करने वाले ग्रामीणों को खुलेआम हादसे की दावत दे रही है। क्षेत्र के ग्राम तमियामऊ से ग्राम मौरा जाने वाली सड़क में मालती देवी विधालय के नजदीक सड़क बारिश के पानी से कटाब कर जाने से उसमें बना गड्ढा राहगीरों को आवागमन में मुसीबत दे रहा है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुऐ शोभाराम, सन्तोष कुमार, दीपू ठाकुर, गुड्डू ठाकुर आदि का कहना है बारिश के पानी से सड़क कटाब कर जाने से कभी भी हादसा हो सकता है।

# पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में संसदीय निधि से निर्मित अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास का उद्घाटन पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे का बुके देकर स्वागत किया गया। प्रबंधक मीनू गुप्ता ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुब्रत पाठक ने अपने उद्बोधन में भारतीय गुरुकुल पद्धति की सराहना की और सरकारी स्कूलों व शिक्षकों की योग्यता को रेखांकित किया। उन्होंने विगत वर्षों में शिक्षा के व्यवसायीकरण के कारण शिक्षा के स्तर में गिरावट के लिए पूर्व सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। साथ



ही, वर्तमान सरकार के स्कूलों में संसाधन बढ़ाने और छात्र-शिक्षक अनुपात सुधारने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा यह आयोजन स्कूल के शैक्षिक उन्नयन में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र ने धन्यवाद दिया, जबकि पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। गणित प्रवक्ता नारायण गुप्ता और मनोज कुमार दुबे ने भी अपने विचार साझा किए। मंच संचालन पूर्व हिंदी शिक्षक और विख्यात कवि श्याम किशोर दुबे ने किया, जबकि स्मार्ट कक्षा का संचालन विज्ञान शिक्षक डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा ने किया।

इस दौरान उप प्रबंधक अमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजपा जीतू तिवारी, चंदन तिवारी, सुरेश सिंह चौहान, डॉ. गणेश चतुर्वेदी, रमाकांत तिवारी, राजेश सक्सेना, मेजर संदीप माधव, वीरेंद्र कुमार शर्मा, अमित दीक्षित, रूपेश खंडेलवाल सहित समस्त स्टाफ, एनसीसी कैडेट और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जड़ी बूटियां रोग को जड़ से करती हैं खत्म : अंजना गोयल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के तत्वावधान में पश्चिमी बाईपास स्थित श्रीराम रिसॉर्ट में आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। हवन के बाद औषधीय पौधों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा निदेशक अंजना गोयल ने जड़ी बूटियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा यह रोग को जड़ से खत्म करती हैं।

उन्होंने कहा वास्तविक चिकित्सा केवल आयुर्वेद में है जबकि एलोपैथी में इलाज नहीं बल्कि राहत है। कोरोना काल में न जाने कितने लोग आयुर्वेदिक काढ़ा पीने मात्र से सुरक्षित रहे और ठीक भी हुए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के जिला प्रभारी योग गुरु सत्यराम यादव ने कहा हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। अपनी दिनचर्या में जिस तरीके से भोजन करते हैं, उसी तरीके से योग की आदत डालिए। जो व्यक्ति हर दिन योग करेगा उसे कभी किसी तरीके की बीमारी का सामना नहीं करना पड़ेगा। योग करके ही निरोग रह सकते हैं। उन्होंने कहा आज मेरी उम्र 74 वर्ष की हो



चुकी है। मेरे सामने तमाम बीमारियां आई, लेकिन योग को कभी नहीं छोड़ा। आज हम जिंदा हैं तो योग की बदौलत। कन्नौज जनपद में मेरा संकल्प है कि मैं योग को घर घर पहुंचाकर पूरे जनपद को निरोग कर दूंगा। यह ताकत मुझे योग की बदौलत ही मिली है। इससे पहले सभी साधकों ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ किया। मुख्य अतीत पूर्व शिक्षा निदेशक अंजना गोयल व अजय गोयल जी ने वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, कबड्डी खिलाड़ी रोशनी यादव, दीपेंद्र व एंकर की तैयारी कर रही आंचल यादव को शाल, प्रशस्तिपत्र व जड़ी बूटी के पौधे एलोवेरा, आंवला, तुलसी, सहजन, बेलपत्र, गिलोय, अर्जुन, हरसिंगार पीपल आदि देकर सम्मानित किया।

# कांवड़ यात्रियों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कानपुर के खेरेश्वर मन्दिर से जल भरकर वापस लौट रहे प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के निवासी तीन कांवड़ यात्रियों को बिल्हौर और मकनपुर के बीच ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। घटना में एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम भुलभुलियापुर निवासी विपिन यादव पुत्र रामसनेह यादव, प्रदीप पुत्र रामनारायण और विजय पुत्र विक्रम सिंह कांवड़ लेकर कानपुर के खेरेश्वर से जल भरने गए थे। वहां से बापस बाइक से लौटते समय रविवार की देर रात बिल्हौर और मकनपुर के बीच एक अज्ञात ट्रक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां विपिन को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया गया। जबकि प्रदीप और विजय की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे से गांव में शोक की लहर है और स्थानीय लोग सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

# हर घर फहराएं तिरंगा, हर्षोल्लास से मनाएं स्वतंत्रता दिवस




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ज् स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

फ़ोटो परिचय- अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। स्वतंत्रता दिवस 2025 ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में स्वतंत्रता के अमृत काल में 15 अगस्त को हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम के अंतर्गत जनपद भर में उत्सवपूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिला पंचायत राज अधिकारी, बीएसए, खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकाय प्रभारी प्रभात फेरी, ध्वजारोहण एवं सजावट की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। विद्यालयों व शासकीय भवनों में ध्वजारोहण के पश्चात तिरंगे को सम्मानपूर्वक सुरक्षित रखा जाए। तिरंगे के प्रति किसी भी प्रकार की संवेदनहीनता पाए जाने पर संबंधित लेखपाल, शिक्षक अथवा कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त से हर घर पर तिरंगा लहराना अनिवार्य होगा। सभी सरकारी भवनों में साफ-सफाई की व्यवस्था, गो- आश्रय स्थलों की साज-सज्जा तथा महापुरुषों की मूर्तियों के आस-पास साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### तिरंगा अभियान तीन चरणों में होगा आयोजित

**प्रथम चरण (2 से 8 अगस्त):** इस चरण में विद्यालयों की दीवारों को तिरंगे से प्रेरित कलाकृतियों से सजाया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता तथा तिरंगा राखी निर्माण कार्यशालाएं आयोजित होंगी। सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों के लिए आभार पत्रों के साथ राखियाँ भेजने की व्यवस्था भी की जाएगी। द्वितीय चरण (9 से 12 अगस्त) इस चरण में तिरंगा महोत्सव के रूप में कार्यक्रम आयोजित होंगे। 11 अगस्त को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर वृहद तिरंगा मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी भाग लेंगी। तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त) इस चरण में सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों, पेट्रोल पंपों, होटलों, कोल्ड स्टोरेज, बैंक आदि स्थानों पर तिरंगा लाइटिंग एवं ध्वजारोहण किया जाएगा। साथ ही विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस तथा कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा।

## नवीन मंडी में चोरी की घटना, व्यापारियों में रोष



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की नवीन मंडी स्थल स्थित एक दुकान में चोरी की गंभीर घटना सामने आई है। चोरों ने अलमारी तोड़कर सारा सामान बिखेर दिया और 7 हजार रुपये चोरी करके फरार हो गए। यह घटना मंडी में सुरक्षा व्यवस्था की कमी को उजागर करती है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। नगर के विशुनगढ़ रोड़ मोहल्ला ग्रेशगंज निवासी रवींद्र कुमार गुप्ता पुत्र राजबहादुर गुप्ता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया है कि रविवार की शाम वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। सुबह आकर देखा तो चोरो ने सेफ अलमारी तोड़कर 7 हजार रुपए चोरी कर लिए और जरूरी कागजात फेंक दिए। व्यापारियों में इस घटना को लेकर भारी रोष है और वे प्रशासन व मंडी प्रबंधन से तत्काल कार्रवाई व सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की मांग कर रहे हैं। पहले भी मंडी में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे व्यापारियों का विश्वास डगमगा रहा है। रविंद्र गुप्ता की दुकान पर हुई इस चोरी ने मंडी के व्यापारियों में डर और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से सीसीटीवी कैमरे लगवाने, रात्रि गश्त बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही व्यापारियों ने कहा यह घटना न केवल आर्थिक नुकसान का मामला है, बल्कि मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। प्रशासन को तुरंत इस मामले की जांच कर दोषियों को पकड़ना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। व्यापारियों की सुरक्षा और विश्वास बहाली के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है।

## तीन को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राहक को लेकर गांव के ही तीन लोगों ने दुकानदार से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए उसके भाइयों से भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मुरादगंज निवासी शानू पुत्र अब्दुल अजीज ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रविवार की दोपहर करीब 02 उसके गांव के ही निहाल, गुड्डन व रोशनी लाठी डंडा, लोहे की रॉड व कुल्हाड़ी लेकर उसकी दुकान पर आए और ग्राहक को लेकर गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित के भाई मोनू उर्फशाहनवाज़ एवं भूरा उर्फफैसल ने विरोध किया तो आरोपितों ने उनके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फ़रार हो गए।

# बिजली विभाग के खिलाफ बनाई आंदोलन की रणनीति

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन अवधेश की किसान पंचायत गंगोत्री गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता व प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक के संचालन में हुई। पंचायत में संगठन में बदलाव किए गए और बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनी। किसानों ने स्मार्ट मीटर से दोगुने बिल, समय पर बिजली न मिलने, और लाइनमैन व मीटर रीडर द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत उठाई। शिकायतों पर बिजली अधिकारियों द्वारा गुमराह करने का आरोप भी लगा। संगठन ने फैसला लिया कि कोई भी पदाधिकारी अपने घर पर स्मार्ट मीटर नहीं लगवाएगा। जबरदस्ती करने पर सभी पदाधिकारी एकत्र होकर विरोध करेंगे। पूर्व में दिए




ज्ञापन पर एक माह में सुधार न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। संगठन बिना सदस्यता शुल्क के किसानों को अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने का अवसर देता है। पंचायत में अमन खान को ब्लॉक अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), अयान खान को ब्लॉक उपाध्यक्ष, कमल किशोर को ब्लॉक सचिव, आकाश गुप्ता को मंडल उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), और डॉ. अवधेश कुमार को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष आशीष सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ अनूप कुमार द्विवेदी, अनिलेश कुमार, गौरव शुक्ला जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, राजकुमार द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से कांवड़ यात्री घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी वाईपास एन एच 34 हाइवे पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से कांवड़ लेकर जा रहा यात्री घायल हो गया। साथी कांवड़ यात्रियों ने उसे सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया।

जनपद इटावा थाना ऊसराहार के ग्राम नगला गंगे निवासी 20 वर्षीय राहुल पुत्र बृजलाल अपने साथियों के साथ कांवड़ लेकर श्रंगीरामपुर जा रहा था। तभी पूर्वी बाईपास के पास किसी तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही उनके साथी कांवड़ यात्रियों ने उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

# संस्कृत ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र-शिक्षक सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत बोध परियोजना के अंतर्गत कार्यक्रम में कक्षा तृतीय से द्वादश तथा प्रवेशिका, मध्यमा और उत्तमा श्रेणी की संस्कृत ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला और मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कैप्टन सुभाष चंद्र दुबे ने पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर के कई विद्यालयों, आरबीएस एकेडमी, वीरेंद्र पब्लिक स्कूल, रामा एकेडमी, सुनीता कॉन्वेंट और गैलेक्सी पब्लिक स्कूल ने भाग लिया। मेधावी छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए। संस्कृत बोध परियोजना के प्रमुख आचार्य अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि 16 से 31 अगस्त तक संस्कृत ज्ञान परीक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में नगर के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पुरातन छात्रों और अभिभावकों को शामिल कर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पुस्तकें भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने में सहायक होंगी।

## रामायण के अखंड पाठ का शुभारंभ आज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के शुक्ल पक्ष एकादशी मंगलवार 5 अगस्त को नगर के शक्तिपीठ गमादेवी में देवाधिदेव महादेव भगवान शंकर जी के महाभिषेक के साथ श्री रामचरितमानस का पाठ प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

6 अगस्त बुधवार को रूद्र यज्ञ के साथ पाठ का विराम और फिर प्रसाद वितरण होगा। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने नगर के सभी श्रद्धालुओं से श्री रामचरितमानस के पाठ में सम्मिलित होकर रूद्र यज्ञ में आहुति देकर शिव प्रसाद पाने की अपील की है।

# बारिश में गिरा गेट का छज्जा, पांच बच्चे घायल

- स्कूल जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी घटी घटना
- डीएम ने लोहिया पहुंचकर बच्चों के लिये हालचाल
- दो बच्चों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव हुसैनपुर हडाई में उस समय हड़कंप मच गया जब मेन गेट का छज्जा गिरने से पांच स्कूली छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी लोहिया अस्पताल पहुंचे और घायल बच्चों के हालचाल लिये। उन्होंने चिकित्सकों को बच्चों का बेहतर उपचार करने के लिए निर्देशित किया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को धनपाल पुत्र भूरे के गेट का छज्जा बरसात के कारण अचानक छात्र-छात्राओं के ऊपर उस समय भरभरा कर गिर गया, जब वह स्कूल जाने की तैयारी कर रहे थे। बच्चों को दबा देख चीख पुकार मच गई। मौके पर स्थानीय ग्रामीण इकट्ठा हो गए और बच्चों को तत्काल बाहर निकाला। ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस से तत्काल घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया। ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट ज्ञानपाल ने कीर्ति पुत्री महिपाल 14 वर्ष, शशि पुत्री रघुपाल 5 वर्ष, आराध्या पुत्री धनपाल 7 वर्ष, मोदी पुत्र धनपाल, पालकी पुत्री महिपाल 9 वर्ष, शशि 7 वर्ष, कुशल 6 वर्ष को गंभीर हालत में जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि सभी बच्चे सुबह 9 बजे स्कूल जाने के लिए तैयार होकर दरवाजे के गेट पर आये, तभी बूंदाबांदी के चलते गेट का छज्जा उनके ऊपर गिर पड़ा। इस संबंध में जब जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने तत्काल ही बच्चों को बेहतर इलाज दिलवाने के लिए सीएमओ अवनींद्र कुमार को निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के साथ लोहिया पहुंचकर बच्चों के हालचाल लिये।

जिसको लेकर मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ. दीपक कटारिया ने मौके पर पहुंचकर घायल हुए बच्चों के परिजनों से जानकारी ली तथा जानकारी मिलते ही अमृतपुर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गई। हालत गंभीर होने पर दो बच्चों को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल से हायर सेंटर सैफई के लिए रेफर कर दिया गया है।


एंबूलेंस से घायल बच्चों को लेकर जाते परिजन

# स्वच्छ भारत मिशन को सचिव ने दी धार

- घर-घर पहुंचकर करवाया कूड़ा कलेक्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए विकास खंड के सचिवों ने कमर कस ली है। सचिवों ने कहा कि गांव में गंदगी नहीं होने देंगे। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदुईया में सचिव कुलदीप कुमार राजपूत तथा सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठेली लेकर घर-घर जाकर कूड़ा कलेक्शन किया। ग्राम सचिव कुलदीप कुमार राजपूत ने बताया कि अब किसी तरह की गंदगी गांव में नहीं होने दी जाएगी। हर व्यक्ति के दरवाजे पर सुबह से ही सफाई कर्मचारी गाड़ी लेकर पहुंचेंगे और हर घर से कूड़ा कलेक्शन किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का सहयोग अति आवश्यक है। जब शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही योजना स्वच्छ भारत मिशन को सभी लोग मिलकर सफल बनाएंगे तो गांव से गंदगी तथा बीमारियां दूर होंगी। हर व्यक्ति खुशहाल होगा जिसके लिए विकास खंड क्षेत्र के सभी सचिव बाध्य हैं और हर ग्राम पंचायत में कूड़ा कलेक्शन का कार्य जारी है। कूड़ा कलेक्शन के दौरान मौजूद ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार राजपूत, सफाई कर्मचारी तथा पंचायत सहायक आदि लोग मौजूद रहे।


घर-घर कूड़ा कलेक्शन करते सफाई कर्मचारी

# गंगा में कांवड़ भरने गया युवक स्नान करते समय डूबा, लापता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात भाई व साथियों के साथ गंगा स्नान कर कांवड़ भरने गया युवक स्नान समय अचानक गहरे पानी में चला गया। उसकी काफी खोजबीन की गयी, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चला है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल युवक की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव देवी निवासी पवन कुमार पुत्र राजू सिंह बीती रात लगभग 8:00 बजे अपने घर से अपने छोटे भाई व अन्य साथियों के साथ कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए गए हुए थे। जो की साथियों के साथ गंगा में स्नान करने लगे। जिसमें भाई सुमित कुमार तथा साथी अचानक कुमार, उमेश कुमार साथ में नहा रहे थे, तभी अचानक पवन कुमार किसी गहरी जगह पर चला गया। जिससे वह देखते-देखते लापता हो गया। साथ में नहा रहे भाई तथा साथियों में एकदम कोहराम मच गया और पवन कुमार को काफी खोजा गया, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चला। तब पीड़ित भाई सुमित कुमार ने अपने घर फोन द्वारा सूचना दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने प्रशासन को सूचना दी। सूचना पाकर प्रशासन खोजबीन में जुट गया। खबर लिखे जाने तक युवक का कोई अता पता नहीं चला। वहीं मां कुसुम देवी तथा भाई व पिता तथा अन्य परिजनों रो-रोकर बुरा हाल है।



# मरीजों को दी जा रही एक्सपायरी दवाएं

- सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं हैं

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्यकर्मियों की अनदेखी के कारण मरीजों को एक्सपायरी दवाएं दी जा रही हैं। एक्सपायरी दवाएं खाने से मरीजों की जिंदगी भी खतरे में आ सकती है, लेकिन स्वस्थ कर्मी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। स्वास्थकर्मियों की अनदेखी का आलम रविवार को उस समय देखने को मिला, जब सुबह लगभग साढ़े दस बजे मार्ग दुर्घटना में घायल नगर के नया गनीपुर निवासी संदीप राठौर को उपचार हेतु सीएचसी नवाबगंज लाया गया। वहां मौजूद फार्मासिस्ट आलोक कुमार ने घायल संदीप राठौर को इमरजेंसी में भर्ती कर उसका प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद उसे दवाएं दी गईं। दवाओं में लीवोफलाक्सासिन टैबलेट जुलाई माह में एक्सपायर हो चुकी थी, लेकिन फार्मासिस्ट ने इस ओर कोई ध्यान न देकर एक्सपायर टैबलेट मरीज को खाने के लिए दे दी, लेकिन मरीज ने सीएचसी नवाबगंज से दी गई एक्सपायर दवा को देखने के बाद उसने दवाओं का सेवन नहीं किया। यदि मरीज एक्सपायर दवा का सेवन कर लेता, तो उसको फायदे की जगह नुकसान हो सकता था। वहीं सीएचसी अधीक्षक डाक्टर लोकेश शर्मा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। फार्मासिस्ट को किसी भी मरीज को एक्सपायरी दावा नहीं देनी चाहिए। मामले की जांच की जाएगी। बताते चलें कि यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पूर्व भी कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे मामले प्रकाश में आ चुके हैं।


एक्सपायरी दवायें दिखाता मरीज


जानकारी देता मृतक का पुत्र रतीराम

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना व कस्बा राजेपुर निवासी मुखराम पुत्र भिखारी लाल उम्र 75 वर्ष सोमवार की रात अपनी पान मसाला की दुकान बंद करके साइकिल से घर जा रहे थे। जैसे ही वह अमन धर्म कांटा के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजन घायल वृद्ध को लेकर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया और मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा कर सूचना पुलिस को भेज दी। वृद्ध की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

# दबंग ने सरकारी नल पर किया कब्जा, नहीं भरने दे रहा किसी को पानी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला दीनदयाल नगर के निवासियों ने सोमवार दोपहर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को शिकायत पत्र देकर शिकायत की है कि मोहल्ले के डाक्टर अखिलेश राजपूत वाली गली में एक सरकारी नल लगा है। जिसमें मोहल्ले के ही प्रमोद शर्मा ने नल में अपनी निजी समरसेबिल डाल कर पाइपलाइन डालकर घर के अंदर तक निजी फिटिंग कर ली है और मोहल्ले के लोगों को पीने का पानी भरने से मना करता है। जब मोहल्ले वासी नल पर पीने का पानी भरने जाते है, तो प्रमोद शर्मा व उनके परिजन गाली-गलौज कर मारपीट करने लगते हैं। मोहल्लेवासियों ने अधिशाषी अधिकारी से नल में पड़ी समरसेबिल को निकलवाने की मांग की है, ताकि मोहल्ले के लोगों को पीने का पानी मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### निर्माणाधीन छत गिरी, तीन गंभीर रुप से घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज नगर की मिठाइयां गली में निर्माणाधीन लेंटर गिरने से हड़कंप मच गया। गली में खड़े युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सोमवार को राजेन्द्र प्रजापति अपने नव निर्माण मकान की तीसरी मंजिल पर मिक्सिंग मशीन से लेकर डालवा रहे थे। दीवाल ताजी होने के कारण अचानक भर-भराकर एक साइड की दीवार लेटर पर गिर गई। जिसके कारण लेटर भी धराशाई होकर गिर गया। ऊपर काम कर रहे रजीपुर के मिस्त्री, मजदूर मशीन पर लटक गए और रस्सों के सहारे लटक कर अपनी जान बचाई, लेकिन लेंटर गली में गिरने से उधर से गुजर रहे कब्बू पुत्र मुन्ना लाल एवं दुकानदार तलब निवासी राजेपुर एवं गुटका नाम के युवक गंभीर रूप घायल हो गए जिन्हें उनके परिजन फतेहगढ़ स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां सभी का उपचार चल रहा है।

### बीज भंडार की दुकान का शटर तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंझना स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के पास थाना क्षेत्र के गांव भारत नगर निवासी दिनेश कुमार शर्मा की बीज भंडार की दुकान है। देर रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखा इन्वर्टर बैटरी, सोलर प्लेट, जनरेटर का अल्टीनेटर, कीटनाशक दवाएं, सरसों का बीज, बाजरे का बीज व लगभग ढाई हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। सुबह वहां से गुजर रहे युवक ने शटर टूटा देखा, तो तुरंत दिनेश कुमार शर्मा को जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दिनेश कुमार शर्मा ने दुकान में जाकर देखा, तो समान अस्त व्यस्त पड़ा था और दुकान से सामान भी गायब था। दोपहर बाद थाने पहुंचे दिनेश कुमार शर्मा ने पुलिस को अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंझना निवासी संजय उर्फ भूरे बाल्मीकि सोमवार शाम लगभग 5 बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकले थे। लगभग एक घंटे बाद परिजनों को संजय के तालाब में डूब जाने की सूचना मिलने पर परिजन तालाब के पास पहुंचे और तालाब में गांव के ही लोगों के द्वारा संजय की खोजबीन शुरू की गयी। लोगों द्वारा थाना पुलिस को संजय के डूबने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे, उपनिरीक्षक अभिलाख सिंह ने जांच पड़ताल कर शव निकाले जाने की कोशिश की। लगभग एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद संजय का शव तालाब से निकाला जा सका। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अनवर हुसैन व लेखपाल मोहित गुप्ता ने मृतक की जानकारी जुटाई। तालाब से शव निकलते ही परिजनों में चीत्कार मच गयी। लगभग 10 दिन पूर्व इसी तालाब में नहाने गए मृतक के 14 वर्षीय पुत्र सोहम की मौत हो चुकी थी। मृतक के की पत्नी सुमन, पिता दुलारे लाल, भाई विकास पुत्र आर्यन व अरुन पुत्री सोनम का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता दुलारे की तहरीर पर उपनिरीक्षक अभिलाख सिंह ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बंदरों के हमले में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव कटरा निवासी उर्मिला 55 वर्षीय पत्नी जाहिर को बन्दरों ने हमला कर घायल कर दिया। वही कोतवाली क्षेत्र के गाँव गोविन्दपुर हाकिमपुर निवासी शिवनन्दन उम्र 45 वर्षीय पत्नी जयवीर घर के बाहर आँगन में बैठकर खाना खा रहे थे। उसी दौरान अचानक बन्दरों ने उन पर हमला कर पैर में काट लिया। जिससे वह बुरी तरह गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को परिजन उन्हें घायलावस्था में कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये।

### गृहकलह के चलते महिला ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव च्योलारा निवासी संजीवनी उम्र 45 वर्षीय पत्नी महेशचन्द्र ने गृह कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये।

### खौलते दूध में गिरकर बालक झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला मऊरसीदाबाद निवासी पारूल उम्र 2 वर्षीय पुत्र नानिकराम घर पर खेल रहा था, तभी अचानक वह खोलते दूध पर जा गिरा। जिससे वह बुरी तरह झुलसकर घायल हो गया। चीखने चिल्लाने पर परिजन उसे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये।

### डाक कांवड़ लेकर जा रहे कांवड़िये को डग्गामार बस ने कुचला, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यजू।** डाक कांवड़ लेकर जा रहे कांवड़िया को डग्गामार बस ने कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद कन्नौज के सकरावा लोहड़ी पुलिया निवासी 30 वर्षीय दीपक पुत्र रामौतार अपने चचेरे भाई हरगोविंद दुबे व अन्य 19 साथियों के साथ पांचाल घाट से डाक कांवड़ लेकर जा रहे थे। थाना कादरी गेट के मसेनी चौराहे के निकट पांचाल घाट की तरफजा रही तेज रफ्तार बस ने दीपक को कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी रानी देवी, माँ रामा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के एक चार वर्षीय पुत्र अभी व 5 माह का बालक है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

# आखिरी सोमवार को शिवालयों में गूंजे बम-बम भोले के जयकारे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सावन के आखिरी सोमवार पर नगर के शिवालयों में भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और उनको वेलपत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पण किये। वहीं कई भक्तों ने गंगा स्नान कर वहां से लाये गये जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिरों में पूरे दिन बम-बम भोले के जयकारे गुंजायमान होते रहे।

आज सावन का चौथा और आखिरी सोमवार होने के चलते शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह भक्तों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया और उनको वेलपत्र, धतूरा, पुष्प, भांग आदि अर्पण किये। नगर के ऐतिहासिक मंदिर पांडेश्वरनाथ में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। जिससे भक्तों को दर्शन करने में अपनी-अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बेरीकेडिग कर भीड़ को नियंत्रित किया और महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाकर दर्शन करवाये। इसके अलावा नगर के मठिया देवी, कोतवालेश्वर, बढ़पुर स्थित शंकर जी के मंदिर, भोलेपुर स्थित भगवान शिव के मंदिर समेत नगर के दर्जनों शिव मंदिरों पर भारी भीड़ देखी गयी। वहीं महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की। शाम के समय मंदिरों में रंग बिरंगी झालरों से मनमोहक झांकियां सजायी गयीं। जिससे भगवान भोलेनाथ की नैयनाभिराम झांकी देखते ही बनती थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा।


पंडाबाग मंदिर में लगी भक्तों की भीड़

# गैंगेस्टर के आरोपी पर दोष सिद्ध सजा पर सुनवाई 11 अगस्त को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने उमेश पुत्र बाबूराम निवासी अद्दूपुर थाना शमशाबाद को गैंगेस्टर एक्ट में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तिथि नियत की गयी है। बीते लगभग 27 वर्षों पूर्व थाना नवाबगंज पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं जनता में भय व्याप्त कर समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत फूल सिंह, उमेश के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचनक ने न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने उमेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 11अगस्त की तिथि नियत की गयी है। मुकदमा विचारण के दौरान फूल सिंह की मृत्यु हो गई थी।

# कटरी क्षेत्र में बाढ़ का सैलाब, दो दर्जन से अधिक ग्रामीण इलाकों में दहशत



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा कटरी क्षेत्र में बाढ़ के सैलाब के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। बताया गया जल सैलाब के चलते कई गांवों के रास्ते जलमग्न हो गए, तो तमाम ग्रामीणों की झोपड़ियों में जलभराव शुरू हो गया। बताते है घरों के बाढ़ का पानी भरने के कारण भयभीत ग्रामीण सुरक्षा तंत्र अपनाने लगे हैं। किसी को ट्रैक्टर ट्राली पर आशियाना बनाते हुए देखा गया, तो किसी को मकान की छत पर और तो और किसी ने घर के अंदर चारपाई तख्त आदि पर गुजारा करना शुरू कर दिया। गंगा में बाढ़ के सैलाब को लेकर सोमवार को नायब तहसीलदार कायमगंज व क्षेत्रीय लेखपाल आदि ने ढाईघाट शमशाबाद जाकर बाढ़ के हालात देखे। साथ ही बाढ़ पीड़ितों से रूबरू होते हुए आशाओं को जाना। पहाड़ों पर अत्यधिक बरसात होने के कारण गंगा का जलस्तर काफी बढ़ गया है। हालात यह हैं गंगा के तटवर्तीय इलाकों में जलसैलाब बहने लगा है। कई गांव जलसैलाब की चपेट में आने के कारण मजदूर, किसान सभी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सैलाब के चलते फसलें जलमग्न हो गयी हैं। घबराए लोग पलायन की तैयारियां करने लगे है। ग्रामीणों ने भविष्य के हालातों को देखते हुए नायब तहसीलदार कायमगंज से जलमग्न रास्तों से निपटने के लिए नाव की मांग की। बताते हैं जल सैलाब का दायरा इतना बढ़ गया ढाईघाट शमशाबाद मिर्जापुर मार्ग पर स्थित चौराहार पुलिया जहां जल सैलाब का नजारा देखा जा रहा है। सड़कों पर बहने वाले पानी के बीच लोगों को विभिन्न वाहनों के जरिए गुजरते हुए देखा गया। बताते हैं गंगा कटरी क्षेत्र के गांव नगला बसोला, मुंशी नगला, अजीजाबद, गुटेटी दक्षिण, बांसखेड़ा, भगवानपुर, चौराहार मार्ग, जैतपुर, शरीफपुर छिछनी, समोचीपुर चितार सहित लगभग दो दर्जन से अधिक गांव जल सैलाब की चपेट में हैं। उधर क्षेत्रीय लेखपाल सनोज कुमार ने बताया गंगा में पानी बढ़ गया है।

# संविलियन विद्यालय मुरैठी में रिमझिम बरसात के चलते तीन पेड़ गिरे

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम मुरैठी जहां स्थिति संविलियन विद्यालय जहां सोमवार की सुबह सात बजे के करीब केसिया, अशोक, नीम आदि के पेड़ गिर गए। हालांकि उस वक्त छात्र विद्यालय में नहीं थे। विद्यालय के नोडल शिक्षक अनुपम सक्सेना ने बताया विद्यालय खुलने का समय आठ बजे जबकि सुबह सात बजे के करीब रिमझिम बरसात के मध्य एक-एक कर पेड़ गिर गए। जिस वक्त विद्यालय परिसर में पेड़ गिरे उस वक्त बच्चे बाहर खेल रहे थे। जब बच्चों के यह नजारा देख तो हड़कंप मच गया। शोर शराबा सुन मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना शिक्षकों को दी गई। नोडल शिक्षक अनुपम सक्सेना ने बताया समय रहते पेड़ पहले गिर गए अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया विद्यालय भवन को आंशिक नुकसान हुआ है। सभी लोगों ने राहत की सांस ली। नोडल शिक्षक अनुपम सक्सेना ने बताया पेड़ कटवाए जाने के लिए वनाधिकारियो से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया शिक्षण कार्य के दौरान पेड़ नहीं गिरे अन्यथा एक एक बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने यह भी बताया विद्यालय भवन में पेड़ के गिरने तथा भवन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना शिक्षाधिकारियों को दे दी गई।


स्कूल में गिरा पेड़

# विद्यालय सहित दो स्थानों से हजारों की चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात चोरों ने विद्यालय सहित दो स्थानों से हजारों की चोरी कर ली। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीरें दी गयी हैं। पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द घटना का खुलासा करने की बात कही।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव घमुइया रसूलपुर निवासी विवेक कुमार पुत्र महादेव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती शाम वह अपने खेत में लगी समरसेबिल पंप को ताला बंद कर घर चला आया था। इसके बाद रात में किसी समय अज्ञात चोरों ने समरसेबिल पंप के कमरे में लगे ताले को तोड़कर उसमें रखीं चार कुर्सी, ट्रैक्टर की पटियां के अलावा घर में खड़े ट्रैक्टर का डीजल भी अज्ञात चोर निकल ले गए। जब पीड़ित सुबह जागा, तो ताला टूटने की उसे जानकारी हुई। उसने मौके पर जाकर देखा तो सारा सामान गायब था। काफी खोजबीन करने पर पता नहीं चला। तब पीड़ित थाने पहुंचा और थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

दूसरी घटना में गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने सहायक अध्यापक तथा प्रधान के साथ जाकर थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि बीती शनिवार को वह रोजाना की भांति पठन-पाठन का कार्य निपटाकर अपने विद्यालय का ताला बंद कर घर चले गए थे, तभी बीते रात किसी समय अज्ञात चोरों ने विद्यालय, ऑफिस के ताले तोड़कर ऑफिस में लगा एक पंखा, तीन कुर्सी, योग किट, माईक, पीटी करने वाली किट तथा ऑफिस के अभिलेख चोर चुरा ले गए। जब सुबह विद्यालय के रसोईया स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने विद्यालय के ताले टूटे देखे। जिसकी सूचना उन्होंने प्रधानाध्यापक राजीव कुमार को दी। मौके पर पहुंचे प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने घटना की सूचना सहायक अध्यापक अरुण कुमार को दी। खोजबीन की गयी, तो दो रजिस्टर स्कूल के बरामदे में खिड़की के सहारे पड़े मिले। प्रधानाध्यापक ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान मिलन गंगवार को दी। प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान के साथ थाने पहुंचकर घटना के संबंध में पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस के दरोगा अभिलाष सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।


विद्यालय में बिखरा पड़ा सामान

# सावन के अंतिम सोमवार को पुठरी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सावन के पवित्र महीने के चौथे सोमवार को नगर के पुठरी मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने भी पुठरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं समाजसेवियों ने भंडारा किया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुठरी में बने ऐतिहासिक शिव मंदिर पर सावन के पवित्र महीने के चौथे सोमवार को आज भक्तों का भारी जन सैलाब उमड़ा। हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने वालों की सुबह से ही भीड़ एकत्र हो गई थी। सुबह 3:00 बजे से लोग अपनी कावड़ें लेकर आने लगे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने भी मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके साथ ही गांव ककिउली के रामताल आश्रम में स्थित शिव मंदिर, गांव बबुरारा गढ़िया के बलभद्रा आश्रम में स्थित शिव मंदिर, नवाबगंज नगर के मुहल्ला बरतल स्थित कलावती शिव मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर, मुहल्ला पुराना गनीपुर स्थित शिव मंदिर समेत क्षेत्र के गांवों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, दूध, शहद, मिष्ठान, फल आदि चढ़ाकर हर-हर महादेव की गूंज के साथ शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। मंदिरों में शाम तक शंख, घंटों की ध्वनि के साथ भगवान शिव की पूजा आरती का दौर चलता रहा। **वहीं क्षेत्र** के समाज सेवी तथा भाजपा नेता योगेंद्र सिंह स्वदेशी, उनके पुत्र विजय प्रताप ने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सावन का अंतिम सोमवार होने के चलते भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर विशाल मेला भी लगा। इस मौके पर भाजपा नेता योगेंद्र सिंह, सुदेश राठौड़, विजय प्रताप सिंह राठौड़, जय प्रताप सिंह राठौड़, अमित प्रताप सिंह राठौड़, आलोक सिंह, ऋषभ सिंह, कुलदीप यादव, ऋतुराज, विजय बाबू सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।


पूजा अर्चना करते भक्तगण


भंडारे में प्रसाद छकते श्रद्धालु

# एफ.एस.डी.ए. ने छापा मारकर चार नमूने भरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी पर्व रक्षाबंधन के दृष्टिगत एफ0एस0डी0ए0 द्वारा छापा मारकर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये।

आगामी पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम एवं खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार, अरूण कुमार मिश्र एवं बृज मोहन गुप्ता द्वारा घुमना बाजार स्थित सौरभ अग्निहोत्री के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ बेसन का लड्डू का एक नमूना संकलित किया गया। यही से सुरेन्द्र अग्निहोत्री के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सोहन पापड़ी का एक नमूना संकलित किया गया।

रेलवे रोड स्थित कमल दीक्षित के खाद्य प्रतिष्ठान दीक्षित मिष्ठान भण्डार से खाद्य पदार्थ वर्फी का एक नमूना संकलित किया गया। भोलेपुर फतेहगढ़ स्थित मदन अग्निहोत्री के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ छेना मिठाई का एक नमूना संकलित किया गया। छापामार कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकने का किया गया आवाह्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जानकारी देते जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास खण्ड बढ़पुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, देखरेख और भागीदारी के साथ-साथ बाल भिक्षावृत्ति, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, सोशल मीडिया से बचाव आदि की रोकथाम पर चर्चा की गई। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र ने कहा कि महिला कल्याण विभाग सभी विभागों के साथ मिलकर कार्य करता है और यह हम सब का दायित्व है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार सभी विभाग मिलकर करें और अपने आसपास के बच्चों का उचित संरक्षण एवं देखरेख करते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभान्वित कराएं।

उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस योजना में सरकार द्वारा धनराशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह द्वारा बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय के लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल में निःशुल्क बनाया जाता है। सरकारी अस्पताल में ही प्रसव कराएं। खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि गंगेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में पंजीकरण कराए और नियमित विद्यालय में भेजें तथा ड्रॉपआउट होने से बचाएं। सहायक विकास अधिकारी कृषि गोविंद नारायण ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र निर्धारित समय में ही बनवाए। जिससे कि अभिभावक को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक विजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग से विजय पाल, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# रुद्राभिषेक के साथ खत्री सभा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

खत्री सभा के तत्वाधान में नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह घुमना स्थित खत्री धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ रुद्राभिषेक के साथ हुआ। आचार्य पंडित गोपाल गुरु ने रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। ओमकार गुरु ने महा मृत्युंजय पाठ किया। दिनभर चले रुद्राभिषेक में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रुद्राभिषेक के मुख्य संयोजक डा0 राकेश महरोत्रा ने व्यवस्था देखी। साथ ही जनपद इकाई की खत्री महासभा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। शपथ अधिकारी केएम सचदेवा ने पदाधिकारियों को कर्तव्य और दायित्व की शपथ दिलायी। अध्यक्ष मुदित टंडन, महामंत्री गौरव धवन, कोषाध्यक्ष प्रसून टंडन, उपाध्यक्ष रवि कपूर, मंत्री अनुज महरोत्रा व पीयूष महरोत्रा एवं प्रचार मंत्री रॉविन कपूर, अंकेक्षक आशीष महरोत्रा, विशेष सहयोगी सदस्य राजकुमार टंडन, विवेक अरोड़ा, अनुज टंडन, कुशल कपूर आदि को केएम सचदेवा ने शपथ दिलायी। संरक्षक डा0 रजनी सरीन, लालजी टंडन, गोपाल टंडन, जगन्नाथ टंडन, मोहित टंडन बनाये गये। सभी ने शपथ ग्रहण की। खत्री महिला क्लब की सदस्य सोनल टंडन, स्मिता कपूर, प्रियांशी टंडन, गुड्डी टंडन, एकता कपूर, चारू कपूर, रुपाली महरोत्रा, प्रियंका अरोड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

## बीज भंडार की दुकान में सेंधमारी कर नगदी सहित माल चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम रम्पुरा खोजीपुर में बीती रात चोरों ने एक बीज भंडार की दुकान में सेंधमारी कर हजारों की नगदी सहित माल चोरी कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोजीपुर रम्पुरा निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र रामफेरे पाल ने बताया कि सौरिख-छिबरामऊ रोड पर उनकी दवा, खाद और बीज भंडार की दुकान है। रविवार रात अज्ञात चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर दुकान से 50 हजार रुपये नकद और कीटनाशक दवाओं की बोतलें समेत अन्य सामान चुरा लिया। सोमवार सुबह जब जितेन्द्र दुकान पहुंचे, तो उन्हें चोरी का पता चला। इस घटना से उन्हें लगभग 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# क्षेत्रीय साधारण सभा बैठक में जनपद इकाई की हुई सराहना



**फर्रुखाबाद/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बैठक में मौजूद पदाधिकारी

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था कलार्पण की बैठक में जनपद फर्रुखाबाद से पदाधिकारियों ने पहुंचकर भाग लिया। लखनऊ के गोमती नगर स्थिति कथक प्रशिक्षिका चित्रा मिश्रा के प्रशिक्षण केंद्र पर बैठक सम्पन्न हुई। फर्रुखाबाद इकाई के कार्यों की जमकर सराहना की गई। क्षेत्रीय अवध प्रांत की बैठक में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने अपने जिले कर प्रारूप प्रस्तुत किए।

मुख्य वक्ता केंद्रीय अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की। साथ ही हरिद्वार से 29 से 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेश के बारे में चर्चा की। मुख्य अतिथि शशिकांत मिश्रा ने सभी से संगठन को बल देने व कला के प्रति समर्पित रहने का आवाह्न किया। कई जिलों के जिला संयोजकों की जिम्मेदारी सौंपी गई। संचालन प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। आभार योगेश कुमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद के राम मोहन शुक्ल, डॉ. सर्वेश श्रीवास्तव, कमलेश गुप्ता, दिलीप कश्यप, नीरज शर्मा, विशाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ियों ने महाकाल मंदिर पहुंचकर किया जलाभिषेक

## शहर के अलावा अन्य जनपद एवं प्रांतों से आये भक्त रहे शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तगण

श्री महाकाल मंदिर के द्वारा सावन के चतुर्थ सोमवार पर विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

321 कांवड़ के साथ भक्त गंगा तट पहुंचे। जहां सनकादेव महाकाल मंदिर पांचाल घाट से पूजन के साथ दीप प्रज्वलित एवं भगवान शिव का अभिषेक करने के बाद महाकाल मंदिर की महिला महंत साध्वी अर्चना दीक्षित के नेतृत्व में विशाल कांवड़ यात्रा पांचाल घाट से होते हुए नेकपुर पुल, आवास विकास, लालगेट, घुमना, सुतहट्टी, साहबगंज, अंगूरीबाग होते हुए महाकाल मंदिर स्थित शिवलिंग पर हजारों भक्तों ने गंगाजल से जलाभिषेक किया। बेल पत्र, धतूरा, पुष्प, मिष्ठान आदि से पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। कांवड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और भक्तों के लिए शीतल जल एवं फलों की व्यवस्था भी की गई। इस मौके पर कमलेश वर्मा, विपिन, ब्रह्मप्रकाश तिवारी, धर्मेन्द्र सक्सेना, आशीष वर्मा, चंदन कटियार, सुमित सक्सेना, दीपक वर्मा के अलावा सुषमा गहलोत मध्यप्रदेश, बसंतीदेवी गुजरात, मीना देवी दिल्ली, संगीता हरियाणा, अजय सिंह पंजाब, आलोक राजस्थान, प्रदीप उत्तराखण्ड के अलावा लखनऊ, बरेली, रामपुर, मथुरा, कन्नौज, आगरा, फिरोजाबाद, कानपुर से आये भक्तों ने महाकाल मंदिर में जलाभिषेक किया।

बढ़ी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक कर मनोकामना हेतु भगवान भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना की।

# जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में ताहिरा प्रथम



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संगोष्ठी में विजेता बच्चे एवं अध्यापकगण

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

विज्ञान संगोष्ठी का विषय क्वांटम युग का आरम्भ संभावनायें एवं चुनौतियां रहा। विज्ञान संगोष्ठी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान ताहिरा मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज रहा। द्वितीय स्थान पर विश्वास सागर पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज रोशनाबाद रहा। तृतीय स्थान पर संतोषी कटियार रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ रही। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने विजेता छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। निर्णायक मण्डल में प्रवक्ता प्रशांत कुमार राय, शैलेन्द्र सिंह एवं दीप्ती वर्मा उपस्थित रही। जनपद स्तर पर चयनित प्रतिभागी मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्था सहायक अध्यापिका ज्योति द्वारा की गई। प्रधानाध्यापक हर्ष कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# हरियाली तीज त्यौहार भारतीय संस्कृति व सभ्यता को जोड़ता है: गुंजा जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



हरियाली तीज मनाती महिलायें

अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा हरियाली तीज उत्सव कार्यक्रम का आयोजन आल सेंट पब्लिक स्कूल बजरिया में सम्पन्न हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि गुंजा जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ0 पूनम मिश्रा द्वारा भगवान शिव तथा लड्डू गोपाल पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी लोगों ने भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर सम्पूर्ण विश्व कल्याण की कामना की। सचिव गौरव मिश्रा द्वारा संस्कार भारती ध्येय गीत गाया गया। सावन से संबंधित क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन, सावन गीत, झूला गीत, कजरी गीत तथा भजनों के समवेत स्वरों ने माहौल को भारतीय परंपरा से जोड़ने काम किया। मुख्य अतिथि गुंजा जैन ने हरियाली तीज त्यौहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्यौहार सभी को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने काम करती है। विशिष्ट अतिथि डा0 पूनम मिश्रा ने कहा कि हम सभी को अपनी भारतीय संस्कृति और सभ्यता को कभी भूलना नहीं चाहिए। अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने सभी अतिथि तथा सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम संयोजिका पारूल सैनी ने व्यवस्था संभाली। संचालन चित्रा अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर नवीन मिश्र नब्बू, समरेन्द्र शुक्ला, अरविंद दीक्षित, अर्पण शाक्य, शशिकांत पांडेय, नमन पाण्डेय, दीपक सक्सेना, अंकुर सक्सेना, अजय दीक्षित, अखिलेश पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय, रविंद्र भदौरिया, कविता शुक्ला, ऋतु शुक्ला, तमन्ना दुबे, वंदना दीक्षित, अंजू अवस्थी, शिवानी शुक्ला, राधा पाण्डेय, गौरी पाण्डेय, हेमलता श्रीवास्तव, नेहा सक्सेना, नरेंद्र नाथ मिश्रा, साधना श्रीवास्तव, रजनी लौंगवानी, अर्पण शाक्य, राम अवतार शर्मा, अमन अवस्थी, सुबोध शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती पर संगोष्ठी आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती पार्टी कार्यालय आवास विकास पर पांच अगस्त मंगलवार को प्रात: १० बजे मनायी जायेगी और गोष्ठी का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रभारी धीरज मिश्रा व अर्वेश चतुर्वेदी को बनाया है।

## अमृतपुर विधानसभा की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव द्वारा ब्लाक राजेपुर में पांच अगस्त को ग्राम इमादपुर में बैठक होगी। जिसमें पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व अमृतपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव एवं जिला संगठन की तरफ से प्रभारी एवं पर्यवेक्षक के रुप में बैठक में भाग लेंगे। साथ ही जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर व अमृतपुर विधानसभा के सभी पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष के द्वारा दी गई है।

# भाजपा नेता की शिकायत पर घायल गाय का शुरु हुआ इलाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ के ग्वालटोली टिलिया में गाय छत पर चढ़ गयी और उसने आनन-फानन में छलांग लगा दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गयी। घायल गाय के इलाज के लिए काफी देर तक पशु चिकित्साधिकारी को फोन करते रहे। फोन न उठाने पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जतायी। ग्वालटोली टिलिया में छुट्टा गाय अचानक छत पर चढ़ गयी और छलांग लगा दी। जिससे वह घायल हो गयी। भाजपा फतेहगढ़ मण्डल मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने बढ़पुर पशु चिकित्सालय मनोज शर्मा को जब जानकारी दी, उनके फोन जाने के बाद डाक्टर सुनील कुमार को फोन पर सूचना मिली। काफी देर बाद पहुंचे पशु चिकित्सक ने गाय का इलाज किया



घायल गाय

और फतेहगढ़ के पशु चिकित्सालय ले जाकर इलाज शुरु किया। साथ ही राहुल राठौर ने कहा कि फतेहगढ़ के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार के खिलाफ कार्यवाही के लिए जिला पशु चिकित्साधिकारी को सूचना दी है। वह पशुओं का इलाज न करके टालमटोल करते है और फोन नहीं उठाते है।

# रक्षाबंधन आध्यात्मिक रूप से पवित्रता का त्यौहार: बीके शोभा बहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




ब्रह्माकुमारी बहनों ने भाईयों को राखी बांधी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद अंगूरीबाग में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

राज योगनी शोभा बहन ने कहा कि इस पावन पर्व पर बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है, उनके माथे पर तिलक लगाकर मुहं मीठा कराती हैं और उनकी दीर्घायु की कामना करती है, बदले में भाई अपनी जान देकर भी अपनी बहन की रक्षा की कामना करता है। वास्तव में रक्षाबंधन पवित्रता और भाईचारे की शपथ पर आधारित है, हम सबको अपने मन वचन और कर्म की पवित्रता बनाए रखने और विश्व बंधुत्व की भावना रखने पर ध्यान देना है। जब हम स्वयं को निर्विकार और पवित्र बनाने का प्रयत्न करेंगे, तब हम अपने जीवन को दिव्यगुणों से परिपूर्ण कर सकेंगे, तब हमारी जीवन यात्रा सुगम होगी और हम एक सुंदर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे, रक्षाबंधन आध्यात्मिक रूप से पवित्रता का त्यौहार है। बीके शोभा बहन ने सभी भाई बहनों के आत्म स्मृति का तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा और वरदानों से भरपूर किया। संतोष बहन, पूनम बहन, एकता बहन आदि सभी बहनों ने आत्म स्मृति का तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांध कर मुहं मीठा कराया। इस मौके पर मनोज दीक्षित, संजय गर्ग, उपासना कटियार, अनूप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# चोर समझकर ग्रामीणों ने दो युवकों को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

शौच के लिए खेतों में बैठे युवकों को चोर समझकर ग्रामीणों ने घेर लिया। ग्रामीणों ने उसके ऊपर फायर कर दिया। एक युवक मौके से फरार हो गया। जबकि दो को ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पीटकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस दोनों को थाने लाकर पूछताछ करती रही। हालांकि सुबह उन्हें छोड़ दिया गया। लोगों ने चोरों की आहट में कई मोहल्ले में फायरिंग भी की। पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त करती रही। नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी ग्रामीणों ने रविवार रात दस बजे घरों के पीछे खेतों में तीन संदिग्ध युवकों को देखा। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर तीनों युवकों पर फायरिंग कर दी। घबड़ाये युवकों ने हाथ ऊपर कर दिए। जिसके बाद एक युवक मौके से फरार हो गया। अन्य दो युवकों को ग्रामीणों ने दबोच लिया। ग्रामीणों ने दोनों युवकों के साथ जमकर लाठी-डंडों से मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई। युवकों ने पूछताछ में बताया कि वह पड़ोसी जनपद एटा के जैथरा से दोस्तों के साथ कंपिल अटैना घाट से जल लेने जा रहा थे। कंपिल-सिवारा मार्ग पर मोहल्ला पट्टी मदारी के निकट बाइक खड़ी कर वह खेतों में शौच करने चले गए। ग्रामीणों को आता देख एक साथी बाइक लेकर फरार हो गया। हालांकि देर रात युवकों को पुलिस ने छोड़ दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया युवकों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

# सेवा धर्म समिति ने जलाभिषेक के लिए वितरित किया गंगाजल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मंदिर में गंगा जल की व्यवस्था करते समिति के लोग

सावन माह के आखिरी सोमवार पर पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दिनभर भक्तगणों को आखिरी सोमवार को गंगाजल निःशुल्क वितरित किया गया।

मंदिर में आने वाले सभी भक्तगणों को सेवा धर्म समिति द्वारा भोलेबाबा का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल बांटा गया। समिति की ओर से 500 लीटर गंगा जल मंदिर पहुंचाया गया। भक्तों को गंगाजल सोमवार को उपलब्ध कराने के लिए समिति की टीम गंगा जल लेकर पहुंचती है और हर सोमवार को पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए भोलेबाबा के भक्तों को जल वितरित किया जाता है। समिति की ओर से गंगा जल लाने के लिए ई-रिक्शा व छोटे ड्रम की व्यवस्था पहले से ही की गई। पाण्डेश्व नाथ मंदिर में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए यह व्यवस्था प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यवस्थापक नीरज सारस्वत द्वारा सम्पन्न करायी गई। इस मौके पर डॉ. मुकेश यादव, लकी, सत्यम कटियार, डॉ. राजेश बाबू दुबे, पंकज सारस्वत, शैलजा सारस्वत, अमन शुक्ला, विकास वर्मा, निखिल, मोंटी, शालू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बाइक डिवाइडर से टकराई कांवड़िये की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना जहानगंज के ग्राम अहमिलापुर निवासी अजीत पाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। अजीत सावन के आखिरी सोमवार पर कावड़ लेकर पुठरी मंदिर जा रहे थे। इटावा-बरेली हाईवे पर जावा मोटरसाइकिल शोरूम के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में अजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल कांवड़िया को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने अजीत को मृत घोषित कर दिया। बाइक पर अजीत के साथ सवार दो अन्य युवक भी इस हादसे में घायल हुए हैं। अजीत की शादी को अभी मात्र तीन महीने ही हुए थे। उनकी असमय मृत्यु से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर है। गांव वालों ने दुख में कावड़ यात्रा रोक दी और डीजे को वापस लौटा दिया है।

# एडवांसमेंट इंडेक्स के तहत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रशिक्षण में मौजूद सीडीओ आदि

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के तहत विकासखंड स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में पंचायती राज, ग्रामीण विकास, मनरेगा, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राजस्व एवं कृषि विभाग आदि से संबंधित विकासखंड स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आपको ध्यान रखना होगा कि आपसे संबंधित विभाग का डाटा सही हो तथा यह कार्य समय से पूर्ण हो। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने बताया कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के कार्यों का सही मापन/मूल्यांकन एवं सुधार करना है, ताकि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकें। परियोजना निदेशक कपिल कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स ग्राम पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता लाता है, जिससे ग्रामीण विकास में मदद मिलती है। राज्य स्तरीय प्रशिक्षक धनंजय कुमार ने सभी नौ थीम के 147 इंडिकेटर एवं 227 डेटा पॉइंट पर फैसिलिटर द्वारा डाटा भरे जाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में विकास खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ समस्त खंड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था में डीपीएम विजय पाल, जटाशंकर मिश्रा, सत्यनारायण सिंह, अरविंद श्रीवास्तव आदि ने देखी। प्रशिक्षण सत्र के आयोजक जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने आए हुए सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## सूचना

मैंने अपने इकलौते पुत्र योगेश कुमार उर्फ जग्गू व उसकी पत्नी कीर्ति को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरी पत्नी मालती देवी का कोई सरोकार नहीं होगा। विशेश्वर दयाल पुत्र स्व0 रुपलाल दीक्षित नि0 ग्रा.व पो. सितौली, थाना जहानगंज, फर्रु0।

# भदोही-मिर्जापुर हाईवे पर पहुंचा गंगा का पानी

▸ विंध्याचल धाम जाना भी अब हुआ मुश्किल

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा का पानी भदोही-मिर्जापुर हाईवे पर पहुंच गया है। पुलिस ने भदोही और वाराणसी की तरफ से मिर्जापुर जाने वाले मार्ग औराई और कछवा पर बैरिकेडिंग कर यातायात रोक दिया है। दोनों मार्गो के बंद होने से विंध्याचल धाम जाना मुश्किल हो गया है। पूर्वांचल में बाढ़ का कहर बढ़ता ही जा रहा है। प्रयागराज से वाराणसी तक सबसे ज्यादा स्थिति खराब है।

सोमवार को मिर्जापुर भदोही मार्ग पर भी गंगा का पानी चढ़ गया। इससे भदोही से विंध्याचल जाने वाला मार्ग बंद हो गया। औराई और कछवा दोनों मार्ग पर पानी आने से पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को रोक दिया है। इसी तरह विंध्याचल में बसवरिया घाट से बरतर व कंतित के मध्य सड़क पर गंगा के बाढ़ का पानी आने से मिर्जापुर विंध्याचल मुख्य मार्ग को सोमवार को सुबह से बंद कर दिया गया है।

भक्तों को तारने वाली मां गंगा ने सावन में रौद्ररूप धारण कर लिया है। खेत, फसल और गांव गिरांव को डुबोते हुए अब मुख्य मार्ग पर जा पहुंची हैं। हालत यह हो गई है कि सोमवार को सुबह से मिर्जापुर-वाराणसी मार्ग पर औराई के पास टेढवा सहसेपुर में सड़क पर पानी भर गया। इससे मार्ग को जिला प्रसाशन ने बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया है। इसी तरह मिर्जापुर, भटौली-कछवा मार्ग पर जसोवर गांव के पुल पर गंगा के बाढ़ का पानी हिलोरे मारने लगा है। इससे भटौली को पक्के पुल पर आवागमन बाधित हो गया है।

गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भटौली पक्के पुल के एप्रोच मार्ग के करीब एक फीट ऊपर गंगा के पानी बह रहा है। किसी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के लिए कछवां पुलिस थानाध्यक्ष अमरजीत चौहान के साथ तैनात हो गई है।

## बाढ़ में बह रही कार को स्थानीय लोगों ने बचाया

*स्थानीय लोगों की सूझ-बूझ से कार सवार महिला व चालक की बची जान*



**चुनार।** कोतवाली क्षेत्र बालुघाट पर तैर रही कार स्थानीय लोगों कि सूझ बूझ से गंगा कि धारा में बहने से बच गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह एक कार सवार बालूघाट स्थित उप डाकघर के पास सड़क पर बाढ़ के पानी से होकर जा रहा था। विष्णु मंदिर के पास पहुंचने पर कार पानी में तैरने लगी जिसमें चालक के अलावा एक महिला शिक्षक बैठी थी। वह वाराणसी के अखरी से सोनभद्र घोरावल जा रही थी। कार को बहता देख स्थानीय आशीष बिंद, संजय बिंद, आकाश चौरसिया एवं स्थानीय मछुआरों के बच्चों ने नाव से जाकर कार सवार महिला व कार को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला। जिसके बाद महिला शिक्षक ने भावुख व खुश होकर बच्चों को पुरस्कार दी। जिसकी चर्चा बालूघाट पर खूब हो रही थी। शिक्षिका ने कार सवार को बचाने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विधायक ने बाढ़ चौकी का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों का जाना हाल



**चुनार।** क्षेत्र में लगातार गंगा का जल स्तर बढ़ने से ग्रामीणों कि समस्या बढ़ गई है। जहां गांवों में पहुंचे गंगा बाढ़ का पानी से लोग पशुओं को लेकर सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। धन्नुपुर के पशुपालक पशुओं के साथ कछवा थाना क्षेत्र के बजरडीहा में शरण लिए हुए हैं। क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने विस्थापित हुए लोगों के बारे में जानकारी लेकर उनके खाने पीने और पशुओं के लिए चारे कि व्यवस्था करने के लिए तहसील प्रशासन को आदेश दिया। उन्होंने मेड़िया गांव स्थित बाढ़ चौकी पर पहुंच कर वहां उपस्थित कर्मचारियों से बाढ़ पीड़ित एवं समस्या के बारे में जानकारी लिए। इसके साथ ही दर्जनों गांवों में बाढ़ का निरीक्षण कर पीड़ित लोगों से बात किए। उन्होंने अधिकारियों को शख्त निर्देश दिया की कोई भी बाढ़ पीड़ित, विस्थापित पशुपालक भूखा नहीं रहे। उनके लिए खाने पीने और चारे की व्यवस्था समय से करें। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, जितेंद्र प्रकाश सिंह रिंकू, सुरजीत सिंह, लेखपाल सत्येंद्र श्रीवास्तव, सोनी व स्वास्थ्य विभाग कि टीम मौजूद रही।

## बाढ़ का कहर जारी, मिर्जापुर औराई, भटौली-कछवां मार्ग बंद

मां गंगा ने सावन में रौद्ररूप धारण कर लिया है। गंगा का पानी खेतों और गांवों को डुबोते हुए मुख्य मार्गों पर आ गया है। सोमवार को औराई के पास मिर्जापुर-वाराणसी मार्ग बंद कर दिया गया। सहसेपुर में रोड पर पानी भर गया है। जिससे मार्ग को जिला प्रसाशन बंद कर दिया है। इसी तरह मिर्जापुर, भटौली-कछवां मार्ग पर जसोवर गांव के पुल पर गंगा के बाढ़ का पानी हिलोरे मार रहा है। जिससे भटौली को पक्के पुल पर आवागमन बाधित हो गया है। गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी रही है। भटौली पक्के पुल के एप्रोच मार्ग के करीब एक फीट उपर गंगा के बाढ़ का पानी बह रहा है। कछवां थानाध्यक्ष अमरजीत चौहान दल बल के साथ तैनात है।

## उपचार के दौरान युवक की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी युवक कि उपचार के दौरान रविवार की रात्रि में वाराणसी में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी मंगला कोल का 20 वर्षीय पुत्र देवा नंद मुंबई में कार्य करता था की तबियत खराब होने पर एक माह पहले अपने घर आया था जहां पर देवरी बाजार स्थित सूर्या हॉस्पिटल पर उपचार करा रहा था की उपचार के बाद भी युवक के हालत में कोई सुधार नहीं होने पर परिजनों द्वारा युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा युवक की हालत गंभीर देखकर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया गया।

मिर्ज़ापुर से भी चिकित्सक द्वारा वाराणसी के लिए रेफर कर दिया था। जहां पर उपचार के दौरान युवक की वाराणसी में मौत हो गई। परिजनों द्वारा युवक के शव को घर लाकर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे एसआई हंसराज यादव व सुरेंद्र कुमार ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक दो भाइयों में छोटा था वंही परिजनों का आरोप है की देवरी बाजार स्थित हॉस्पिटल के झोलाछाप द्वारा गलत उपचार करने से युवक की मौत हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की उपचार के दौरान युवक की मौत हुई है। युवक के परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### करंट लगने से राजगीर की मौत



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले के सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परसा चक गोबरही के अमतहा खास टोले में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय राजगीर धर्मेंद्र की करंट लगने से मौत हो गई। धर्मेंद्र पिछले कई दिनों से अपने ही टोले में एक व्यक्ति के घर पर दीवार का प्लास्टर कर रहे थे। घटना रविवार शाम करीब चार बजे की है, जब वह कमरे में प्लास्टर का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दीवार के पास लगे खुले तार की चपेट में आकर उन्हें जोरदार करंट लग गया। प्लग में खुला तार लगा होने के कारण हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सिंदुरिया थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। धर्मेंद्र अपने परिवार में सबसे बड़े थे। उनके दो छोटे भाई धरमवीर और एक बहन बिमला हैं। वह चार बच्चों के पिता थे – अर्चिता (10), अर्पित (8), अनामिका (6) और अंकुश (4)। धर्मेंद्र की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है।

### 35 बोटा साखू की लकड़ी पिकप सहित बरामद

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** बांकी रेंज के वन कर्मियों ने बीते शनिवार की शाम ग्राम पंचायत गोनहा में पिकअप पर लादकर ले जाया जा रहा साखू का 35 चिरान बरामद किया है। वन क्षेत्राधिकारी जगदंबा पाठक ने बताया कि बाकी रेंज के वन कर्मियों ने पिकअप को घेराबंदी कर पकड़ लिया, जबकि वाहन चालक भाग गया। अवैध चिरान को जब्त करते हुए वाहन को सीज करते हुए अजय ग्राम गोनहा व 2 अन्य पर कार्रवाई की बन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### फर्जी दस्तावेजों पर चल रहे अस्पतालों पर तय है कार्रवाई, रजिस्ट्रेशन होगा निरस्त

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले में फ़र्जी दस्तावेजों के आधार पर पंजीकरण कराकर मानक नही पूरा कर रहे हास्पिटलों पर कड़ी कार्रवाई तय है। जिला प्रशासन की सख्ती पर स्वास्थ्य प्रशासन एक्टिव हो गया है। पंजीकरण कराने में प्रस्तुत दस्तावेज के हिसाब से हॉस्पिटलों की जांच होगी। इसके लिए टीम का गठन कर किया है। टीम क्लीनिक से लेकर नर्सिंग होम की जांच करेगी। मानक पूरा नहीं कर रहे हास्पिटल का पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई होगी। सीएमओ कार्यालय में जिले के 89 संचालकों ने हास्पिटल और 11 क्लीनिक का पंजीकरण कराया है। पंजीकरण कराने के लिए संचालकों ने डॉक्टर की डिग्री से लेकर मानक पूरा करने के हर दस्तावेज जमा किया है, लेकिन अधिकांश हास्पिटल सिर्फ अभिलेख में ही मानक पूरा कर रहे है। रजिस्ट्रेशन में नामित डॉक्टर हास्पिटल में उपस्थित नही रह रहे हैं। उनकी जगह दूसरे डॉक्टर मरीज का इलाज कर रहे हैं। प्रशिक्षित पैरामेडिकल की जगह अप्रशिक्षित कर्मचारियों के हाथ मरीजों का इलाज हो गया है। इसकी शिकायत जिला प्रशासन को हुई है। शिकायत पर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिला प्रशासन की सख्ती पर स्वास्थ्य प्रशासन हरकत में आ गया है। पंजीकृत हास्पिटलों में मानक की जांच करने लिए जिला स्तरीय टीम का गठन किया है। पंजीकृत डॉक्टर की हास्पिटल में उपस्थिति है अनिवार्य हास्पिटल पंजीकरण कराने के लिए संचालक को डॉक्टर की डिग्री जमा करना होता है। डॉक्टर के नाम से ही हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद हास्पिटल में नामित डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य है। लेकिन अधिकांश हास्पिटलों में पंजीकृत डॉक्टर की जगह दूसरे डॉक्टर बैठ रहे हैं। ऑपरेशन के बाद मरीजों की देखभाल अप्रशिक्षित के हाथ में कई हास्पिटलों में किराएं पर डॉक्टर बुलाकर मरीज का ऑपरेशन करा दिया जा रहा है। डॉक्टर ऑपरेशन करने के बाद अपनी शुल्क लेकर चले जाते हैं। ऑपरेशन के बाद अप्रशिक्षित कर्मचारियों के हाथ में मरीज का इलाज हो जा रहा है। पंजीकृत हास्पिटलों की मानक की जांच कराने के लिए टीम का गठन किया गया है। टीम सीएमओ कार्यालय में जमा दस्तावेज के आधार पर हास्पिटलों की जांच करेगी। टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर हास्पिटलों पर कार्रवाई होगी। मानक नहीं पूरा कर रहे हास्पिटलों का पंजीकरण निरस्त करने तक कार्रवाई तय है।

## कोटारनाथ धाम में देवाधिदेव महादेव का दर्शन-पूजन कर भक्त हुए निहाल



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** श्रावण मास के आख़री सोमवार को शिवधाम कोटारनाथ मंदिर में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ जुट गई। कोटार नाथ के अदवा नदी में डुबकी लगाने के बाद मंदिर के कतार में लगकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया है। शाम तक लगभग पचास हजार भक्तों ने जलाभिषेक कर हाजिरी लगाई। प्रत्येक दिन से अधिक भीड़ रही।सुबह से रिमझिम बारिश के फुहारे पड़ने से भक्त मंदिर में दर्शन पूजन जलाभिषेक करने के लिए पहुँचे अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित देवाधिदेव महादेव तथा मां पार्वती जलाभिषेक पूजन के लिए भोर से ही दूर-दराज़ के भक्तों सहित कांवड़ियों की भीड़ लग गई। शिवभक्तों ने बेलपत्र, दूध, गंगाजल और पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-शांति की कामना की। महादेव के दर्शन पूजन कि मान्यता है कि जो भी भगवान शिव का सच्चे मन से पूजन अर्चन करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पुर्ण होती है। पूरे दिन मंदिर परिसर में हरहर महादेव का जयघोष गूंजता रहा। मंदिर पुजारी जयराम गिरी ने बताया श्रावण के तीसरे सोमवार को पचास हजार भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना किया है। मंदिर पुजारी जय राम गिरी ने बताया कि लगभग पचास हजार भक्तों ने जलाभिषेक किया है। इस दौरान सुरक्षा ब्यवस्था में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मय पुलिस कर्मियों के साथ दर्शनार्थियों के सहयोग में लगे रहे।

## विधायक ने बन्देइयां व बेलसड रिगौली बांध का किया निरीक्षण



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** विधान सभा फरेन्दा के विधायक वीरेंद्र चौधरी ने नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए आज सोमवार को बेलसड रिगौली तथा बन्देइयां बांध का दौरा किया और विभिन्न प्वाइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात क्षेत्रीय लोगों से मिलकर समस्यों की जानकारी ली। विधायक ने संभावित बाढ को देखते हुए बंधों का निरीक्षण किया साथ ही साथ क्षेत्र के लोगों लोगों का कुशलक्षेम भी पूछा।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया समितियों का निरीक्षण

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय विकासखंड के समितियों भटवारी दिघिया, सिकटा महुगढ़ का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी लालगंज महेंद्र सिंह ने सोमवार की शाम खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश समिति के सचिव को दिया है। किसानों को डीएपी व यूरिया की खाद के लिए समितियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। यही नहीं एक दो बोरी खाद के लिये छोटे किसानों को बिना चेक खाद नहीं मिलने से मायूस नजर आ रहे है। खाद न उपलब्ध होने कि किसानों की शिकायत पर आइ एस/उपजिलाधिकारी लालगंज महेन्द्र सिंह ने हलिया, लालगंज के एडीओ कोआपरेटिव को खाद की उपलब्धता व खाद वितरण की रिपोर्ट तलब करते हुए निरीक्षण किया है।

साधन सहकारी समिति महुगढ़ सिकटा खाद वितरण कर रहे दीप चंद विश्वकर्मा ने बताया कि जिन किसानों का पहले से चेक काटा गया है। उतनी भी खाद नहीं है नगद एक दो बोरी लेने वाले किसानों को कैसे दे पाऊगा। समिति पर दो सौ से ज्यादा किसानों की संख्या है ऐसे में और खाद आने के बाद वितरण किया जाएगा। बीते शनिवार को सीएम फेलो व एडीओ एजी ने हलिया एग्रो व बरी गाँव के दो समितियों पर खाद का किसानों में वितरण कराया था। धान की रोपाई के बाद बरसात होने पर किसानों को खाद की सख्त आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में ऊंट के मुंह में जीरे की तरह समितियों पर डीएपी एवं यूरिया की खाद का खेप पहुंच रहा है जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन किसानों को समिति पर खाद नहीं मिल रही है। वह किसान प्राइवेट दुकान से महंगे दाम पर खाद लेने के लिए मजबूर है। इस संबंध में एडीओ एजी नरेंद्र कानपुरिया ने बताया कि किसानों को खाद की समस्या नहीं होगी। जहाँ पर खाद वितरण की शिकायत होगी उस दुकान की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम ने बाढ़ से बचाव को लेकर तटबंधों का किया निरीक्षण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी संतोष कुमार ने बाढ़ राहत एवं बाढ़ से पूर्व तैयारी का बारिश के बीच बीते रविवार को आराजी जगपुर और आराजी सुबाइन तटबंध का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रोहिन नदी का जलस्तर और बाढ़ निरोधक तैयारियों को भी देखा।

अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड द्वितीय ने बताया कि जनपद में पहली बार कटान रोकने के लिए जियो टेक्सटाइल ट्यूब का उपयोग किया गया है। साथ ही नदियों के ढाल के बचाव के लिए जियो टेक्सटाइल बैग को दो परतों में बिछाया गया है। इन कार्यों से नदी से कटान रोकने और तटबंधों के ढाल को बचाने में प्रभावी सफलता मिली है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि 55 मिमी वर्षा के बावजूद सभी तटबंध सुरक्षित हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ के दृष्टिगत सभी अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें। उन्होंने नदियों के जलस्तर पर सतर्क निगाह रखने के निर्देश दिए। राजस्व व सिंचाई विभाग की निगरानी टीमों को सक्रिय करें। तटबंध की सुरक्षा हेतु सभी सामग्रियों को चिह्नित स्थलों पर भंडारित कर लें और उनके परिवहन के लिए वाहनों की भी व्यवस्था रखें। उपजिलाधिकारी नौतनवा को संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों की सूची तैयार करने और त्वरित राहत पहुंचने हेतु नावों, मल्लाहों की सूची अपडेट करने का निर्देश दिया। रोहिन एवं महाव नदी से प्रभावित संभावित बाढ़ ग्रामों का तत्काल मूल्यांकन किया जाए।

### डीएम महराजगंज ने की प्रशासनिक तैयारियों समीक्षा

महराजगंज। जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने बीते रविवार को ऑनलाइन बैठक में बाढ़ राहत एवं पूर्व तैयारी के संबंध जरूरी दिशा निर्देश दिया। संभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा एवं समन्वय पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान राजस्व विभाग के अंतर्गत जनपद की चारों तहसीलों सदर, फरेंदा, निचलौल एवं नौतनवां के उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों तथा अन्य संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी महराजगंज ने कहा बाढ़ बचाव कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समीक्षा बैठक में सिंचाई विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण महराजगंज, पंचायतीराज, शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी, जल निगम, मनरेगा, अग्निशमन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव में रविवार की रात्रि में घर के अंदर चौकी पर सो रही महिला के कान में सर्प ने डंस लिया। जिससे महिला के शोर मचाने पर महिला के परिजनों द्वारा महिला को झाड फूँक कराने के लिए लेकर गए लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर महिला के परिजन महिला को उपचार के लिए मिर्ज़ापुर लेकर जाते समय महिला की मौत हो गई। महिला के मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया परिवार के लोग रोने बिलखने लगे। थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी अवधेश अग्रहरी की 32 वर्षीय पत्नी आशा देवी खाना खाने के बाद अपने मकान में चौकी पर सो रही थीं की चौकी पर चढ़े सर्प ने महिला के कान में डंस लिया। मृत महिला को दो पुत्र व एक पुत्री है। महिला का मायका थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव में है। दर्द विदारक घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की सर्प के काटने पर झाड फूँक के चक्कर में ना पड़े। तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आए जंहा पर एंटी वेनम की खुराक देकर जान बचाई जा सके। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की घटना की जानकारी नहीं है। सूचना मिलने पर कार्रवाई किया जायेगा।

## सावन के चौथे सोमवार को शिवालयों पर उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब, किया जलाभिषेक

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



▸ देवाधिदेव महादेव को षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन व वन्दन कर शिवभक्तों ने मत्था टेक मन्नतें पूरी करने का आशीर्वाद प्राप्त किया

▸ प्रमुख शिवमदिरों पर शिवभक्तों द्वारा रुद्राभिषेक, महामृत्युजंय जाप, सत्यनारायण ब्रत कथा, सोमवार व्रत उद्यापन सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान कराने वाले भक्तों की लगी रही भीड़

श्रावण मास का शुभारंभ 11जुलाई दिन शुक्रवार से हुआ। आज श्रावण मास के चौथे सोमवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों पर चार बजे भोर से हर हर महादेव के जयघोष के साथ उमड़ा रहा शिवभक्तो का जन सैलाब बोलबम के जयघोष के साथ शिवभक्तो ने आस्था के साथ किया जलाभिषेक।देर शाम तक शिवभक्तों ने घंटा घडियाल बजाकर देवाधिदेव महादेव का पूजन अर्चन वन्दन व जलाभिषेक कर अपनी मन्नतें पूरी की, जिससे पूरा लेहड़ा तपा शिवमय हो गया है।

बीते दिनों से पूजन अर्चन वन्दन के तैयारी कर चुके शिवभक्तो ने आज श्रावण मास के चौथे सोमवार को भगवान काक्षेश्वरनाथ, गौरीशंकर,व प्रक्टेश्वरनाथ के मंदिरों में पहुंच कर षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन वन्दन कर जलाभिषेक कर मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त दिन से देवाधिदेव महादेव 9 अगस्त तक पूजें जायेंगे। जिसको लेकर शिव मंदिरों पर शिवभक्तों का पूजन अर्चन शबाब पर है। जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

फरेंदा धानी के प्रमुख शिबमंदिर में प्रक्टेश्वरनाथ, काक्षेश्वरनाथ व गौरीशंकर, है इन मंदिरों पर शिवभक्तों की हुजुम तड़के भोर से उमड़ पड़ी थी।

हर- हर महादेव के जयघोष के साथ शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक।इन शिव मंदिरों पर रुद्राभिषेक महामृत्युजंय जाप सत्यनारायण ब्रत कथा सहित अनेकानेक धार्मिक अनुष्ठान करवाने वालो की भीड़ लगी रही ।जिसको संभालने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सर्किल के थानों की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही अपने सहयोग में एनसीसी कैडेट्स भी लगाये रहे।इस संबंध में आचार्य विशुनदेव त्रिपाठी ने बताया है कि यह मास 11जुलाई से प्रारंभ होकर 9अगस्त को समाप्त हो जायेगा। शास्त्रों के अनुसार इस माह में पांच शुक्रवार और चार सोमवार पड़ेगा।

आज बहुतायत शिव भक्तों ने श्रद्धा विश्वास के साथ सोमवार ब्रत का उद्धापन भी किया।यह संयोग सौ वर्ष बाद आया है। देवाधिदेव महादेव भगवान शिव की पूजा अर्चना विभिन्न मनोकामनाओं को लेकर शिवभक्तों द्वारा किया जा रहा है। अपने विभिन्न मनोकामनाओं को पूर्ण करने के लिए शिव भक्त दूध, दही, घी, मधु, केसर, शंक्कर मीठा, अक्षत, गेहूं,हरा उडद, तील, अर्क पुष्प, गंगा जल, पंचामृत फल, गन्ना का रस लौंग व इत्र के द्वारा पूजा अर्चना कर रहे हैं।

श्रावण मास के शुभारंभ के पूर्व से शिव भक्त कांवर यात्रा को लेकर निकल पड़े हैं। बहुत शिवभक्त बाबा धाम से दर्शन कर लौट रहे हैं जिससे प्रतीत होता है कि देवाधिदेव महादेव भगवान शिव का पदार्पण प्रकृति के गोद में हो गया है जिससे पूरें लेहड़ा तपा में शिवमय की बयार बह रही है। इसी क्रम में फरेंदा, धानी, वृजमनगंज, पुरन्दरपुर, भैया फरेंदा, कोल्हुई व बहादुरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों पर शिवभक्तों द्वारा हर हर महादेव के जयघोष से जलाभिषेक उक्त तिथि से किया जा रहा है।

## रोजगार की तलाश में तमिलनाडु गये युवक की फैक्ट्री हादसे में मौत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

रोजी-रोटी के तलाश में कमाने गए महराजगंज जिले के एक युवक की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। यह दुखद घटना 31 जुलाई को हुई, जब विसोखोर गांव निवासी उमेश भारती (पुत्र श्याम सुंदर भारती) तमिलनाडु की एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम कर रहे थे। काम के दौरान अचानक एक भारी रैक उनके ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

फैक्ट्री में मौजूद साथियों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह खबर जैसे ही गांव पहुंची,कि पूरे गांव में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार, उमेश भारती करीब छह महीने पहले ही तमिलनाडु गए थे। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर थी और अपने परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए उन्होंने गांव छोड़कर बाहर काम करने का निर्णय लिया था। प्लाईवुड फैक्ट्री में वह मजदूरी कर रहे थे। लेकिन दुर्भाग्यवश, रोज की तरह 31 जुलाई की सुबह जब वह काम पर गया तो यह दिन उनके जीवन का आखिरी दिन बन गया। मौत की सूचना मिलते मां बाप का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

**युवक की मौत से गांव में पसरा मातम**

वहीं फैक्ट्री प्रबंधन ने उमेश का शव एम्बुलेंस से गांव भेजा, जो सोमवार सुबह विसोखोर गांव पहुंचा। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। जानकारी के अनुसार, मृतक की पत्नी बेसुध है और उनके तीन छोटे बच्चे अब अनाथ हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उमेश बहुत ही मेहनती और मिलनसार व्यक्ति थे। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने दूर प्रदेश जाकर काम करने का निर्णय लिया था, ताकि बच्चों और परिवार का बेहतर जीवन सुनिश्चित कर सकें। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। गांव के बुजुर्गों और परिजनों की उपस्थिति में आज उमेश का अंतिम संस्कार गांव में ही किया जाएगा। इस हादसे ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उमेश भारती के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

## केजीबीवी मेंटरशिप के जरिए दूर होगी कस्तूरबा की समस्या

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं को अपनी समस्या बतानी हो या कॅरिअर के विषय में कोई सलाह लेनी हो या प्रशासन तक अपनी बात पहुंचानी हो। जिले की महिला अधिकारी इसमें उनकी मदद करेंगी।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने विशेष पहल करते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेहतर अवस्थापन सुविधा, छात्राओं के लिए बेहतर आवासीय व शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने और उन्हें कॅरिअर तय करने में सहायता देने के लिए महिला अधिकारियों को मेंटर के रूप में तैनात किया है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में शुरू हुए केजीबीवी मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 13 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में महिला अधिकारियों को एक से दो कस्तूरबा विद्यालय आवंटित कर मैपिंग कराया गया है। केजीबीवी मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकारी छात्राओं से मेंटर के रूप में मिलेंगी और अपना अनुभव साझा करेंगी। छात्राओं की विभिन्न समस्याओं पर समय-समय पर वार्ता करेंगी। वार्ता में न सिर्फ बच्चियों की आवश्यकताओं, विद्यालय में जरूरी सुविधाओं पर बात करेंगी, बल्कि बच्चियों के कॅरिअर व उनके भविष्य की योजनाओं को लेकर भी चर्चा करेंगी।

इन बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। साथ-साथ विद्यालय का भ्रमण करते हुए समस्त अवस्थापना सुविधाओं को देखकर, जो भी कमियां इंगित होती हैं उन पर अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करेंगी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराएंगी ताकि कमियों को दूर किया जा सके। मेंटरशिप कार्यक्रम के तहत सदर एवं निचलौल केजीबीवी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने, घुघली पुरैना के जीबीवी में असिस्टेंट कमिश्नर राज्यकर प्रियंका श्रीवास्तव ने, जीजीआईसी प्रिंसिपल सुलेखा तिवारी ने केजीबीवी नौतनवा में, डॉ. प्रेरणा पाठक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय महाराजगंज ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परतावल में एवं बीडीओ शमा सिंह ने केजीबीवी गडौरा निचलौल का निरीक्षण किया।

इन अधिकारियों की ओर से बच्चों के साथ विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में भी प्रतिभाग किया गया। महिला अधिकारियों की ओर से बच्चियों को कुछ विषयों पर पढ़ाया गया। इसके बाद महिला अधिकारियों ने छात्राओं की आवश्यकताओं और समस्याओं पर चर्चा की। महिला अधिकारियों ने कस्तूरबा विद्यालयों के शिक्षकों और वार्डेन से बच्चियों के बेहतर देखभाल और शिक्षण को लेकर चर्चा की।

बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने कहा कि जिलाधिकारी का निर्देश है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बच्चियों को बेहतर आवासीय व शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराया जाए, जिससे बच्चियों का समग्र विकास हो और वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।

उनके निर्देशानुसार मेंटरशिप कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकारी बच्चियों की व्यक्तिगत समस्याओं, स्कूलों में बच्चियों के लिए आवश्यक सुविधाओं, शैक्षणिक सारिणी, शैक्षणिक नवाचार आदि के संदर्भ में विस्तृत चर्चा करेंगी।